सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार,09 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 332, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 610 अंकों की गिरावट

लगातार दो सत्रों की बढ़त के बाद शेयर बाजार में जोरदार गिरावट हुई और सेंसेक्स 610 अंक गिरकर 85,102.69 अंक पर बंद हुआ। } 14

## वंदे मातरम की ऊर्जा आज भी प्रखर : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वंदे मातरम की ऊर्जा आज भी उतनी ही प्रखर है, जितनी स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में थी। } 16

## सुदृढ़ कानून-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

❍ प्रदेश में अवैध घुसपैठ को लेकर मुख्यमंत्री योगी सख्त ❍ किसी की नियुक्ति से पहले करायें सत्यापन

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को नागरिकों से अपील की कि वे सतर्क रहें और घरेलू अथवा व्यावसायिक कार्यों में किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध सख्त एवं निर्णायक अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह अपील ऐसे समय में की है, जब उनके निर्देश पर पिछले सप्ताह से पूरे प्रदेश में घुसपैठियों के खिलाफ कार्वाई तेज कर दी गई है। उन्होंने सोमवार सुबह एक्स पर एक पोस्ट में उच्चतम न्यायालय की हालिया टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा, उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण टिप्पणी की है कि घुसपैठियों के लिए लाल कालीन नहीं बिछाया जा सकता। इससे स्पष्ट है कि घुसपैठिए किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संसाधनों पर अधिकार नागरिकों का है, घुसपैठियों का नहीं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि राज्य की सुरक्षा और सामाजिक संतुलन बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों के विरुद्ध सघन अभियान शुरू किया गया है तथा सभी शहरी स्थानीय निकायों को संदिग्ध विदेशी नागरिकों की पहचान कर सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संसाधनों पर अनधिकृत बोझ हटाना आवश्यक है और कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को वंचितों तक पहुंचने से रोका नहीं जा सकता, इसी उद्देश्य से दस्तावेज सत्यापन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है और पहचाने गए घुसपैठियों को आगे की कार्वाई के लिए निरुद्ध केंद्र भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मंडल में ऐसे केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। जनता से अपील करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घरेलू या व्यावसायिक कार्यों में किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें। उन्होंने कहा, राज्य की सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि सुरक्षा ही समृद्धि की नींव है। उच्चतम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कफ सिरप मामले की जांच करेगी एसआईटी

❍ अब तक 32 गिरफ्तार ❍ ड्रग माफियाओं के खिलाफ 128 एफआईआर दर्ज

विशेष संवाददाता



लखनऊ। यूपी में कोडीन युक्त सिरप की तस्करी और फर्जी दस्तावेजों से बनी मेडिकल फर्मों की जांच अब राज्य स्तरीय एसआईटी करेगी। प्रदेश में कफ सिरप से मौत का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। आईजी के नेतृत्व में इस एसआईटी का गठन जल्दी ही कर लिया जाएगा। यह एसआईटी वर्तमान में चल रही सभी जांचों की नियमित समीक्षा भी करेगी। साथ ही वित्तीय लेन-देन से जुड़े तथ्यों की भी जांच करेगी। इसमें दोषी पाए जाने वाले सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सिरप प्रकरण को लेकर पहली बार प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी राजीव कृष्ण और एफएसडीए की आयुक्त रोशन जैकब ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में उक्त जानकारी दी।

लोकभवन में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि राज्य सरकार इस मामले को बेहद गंभीरता से ले रही है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एक एसआईटी गठित की जा रही है। एसआईटी सारे तथ्यों को जुटाएगी। उन्होंने बताया कि हर बिन्दु पर जांच कर अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। डीजीपी ने कहा कि सिरप को मेडिकल इस्तेमाल की जगह नशे में प्रयोग के लिए तस्करी करने में जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश है कि इसमें जीरो टालरेंस नीति अपनाई जाए। बताया कि प्रदेश में ड्रग माफिया के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अब तक 128 ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## जापान में 7.2 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

टोक्यो। जापान के उत्तरी तट के पास सोमवार को जोरदार भूकंप आया है। जापान के मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.2 मापी गई, जिसका केंद्र आओमोरी और होक्काइडो के तटीय क्षेत्र के निकट था। भूकंप की वजह से कितना नुकसान हुआ, इसकी अभी जानकारी नहीं हैं। जेंसी ने प्रभावित क्षेत्रों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि समुद्री लहरें अधिकतम 3 मीटर (लगभग 10 फीट) तक उठ सकती हैं। तटीय इलाकों में लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई है। स्थानीय प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप स्थानीय समय के हिसाब से रात 11.15 बजे आया। इस भूकंप का केंद्र देश के उत्तरी तट से करीब 44 मील दूर और करीब 33 मील की गहराई पर आया था।

## छात्र की हत्या, पांच पुलिसकर्मी सस्पेंड

सुल्तानपुर (उप्र)। सुल्तानपुर जिले के चांदा कोतवाली थानाक्षेत्र में एक बीएससी छात्र की हत्या के मामले में पुलिस ने एक मुठभेड़ में आरोपी को पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस बीच पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में चांदा थाने के प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है जो दीपेन्द्र विक्रम सिंह (थाना प्रभारी निरीक्षक), उपनिरीक्षक चुन्नू लाल, मुख्य आरक्षी शंहशाह, आरक्षी अनुराग और आरक्षी दिनेश रावत हैं। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि चांदा थानाक्षेत्र में अमन यादव हत्याकांड में शामिल फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत पुलिस टीम को यह जानकारी मिली कि दो आरोपी कहीं भागने के फिराक में हैं।

# वंदे मातरम के बंटवारे पर झुकी कांग्रेस : मोदी

मोदी ने सदन में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर की चर्चा की शुरुआत

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में दावा किया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए मुस्लिम लीग के दबाव में वंदे मातरम के टुकड़े कर दिए गए और एक दिन पार्टी को भारत के बंटवारे के लिए भी झुकना पड़ा।

मोदी ने सदन में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चर्चा की शुरुआत करते हुए 1975 में देश में लगाए गए आपातकाल का हवाला दिया और कहा कि जब राष्ट्रीय गीत के 100 वर्ष पूरे हुए, तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था और संविधान का गला घोंट दिया गया था। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा जब आजादी को कुचलने की कोशिश हुई, संविधान की पीठ पर छुरा घोंप दिया गया और देश पर आपातकाल थोप दिया गया, तब इसी वंदे मातरम ने देश को खड़ा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा 1875 में लिखित वंदे मातरम् जब देश की ऊर्जा और प्रेरणा का मंत्र बन रहा था और स्वतंत्रता संग्राम का नारा बन गया था, तब मुस्लिम लीग की विरोध की राजनीति और मोहम्मद अली जिन्ना के दबाव में कांग्रेस झुक गई। उन्होंने कहा तब कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। नेहरू जी मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों पर करारा जवाब देते, मुस्लिम लीग के बयानों की निंदा करते, वंदे मातरम के प्रति खुद की और कांग्रेस पार्टी की निष्ठा को प्रकट करते, उसके बजाय उन्होंने वंदे मातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्ना के विरोध के पांच दिन बाद ही तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष नेहरू ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पत्र लिखा और उसमें जिन्ना की भावना से सहमति जताते हुए कहा, वंदे मातरम की आनंद मठ की पृष्ठभूमि मुसलमानों को इरिटेट (क्षुब्ध) कर सकती है। इसके बाद कांग्रेस ने वंदे मातरम के उपयोग की समीक्षा की घोषणा की जिससे पूरा देश हैरान था। मोदी ने कहा देशभक्तों ने इस प्रस्ताव के विरोध में देश के कोने कोने में प्रभात फेरियां निकालीं, वंदे मातरम गीत गाया। लेकिन देश का दुर्भाग्य कि 26 अक्टूबर (1937) को कांग्रेस ने वंदे मातरम पर समझौता कर लिया। वंदे मातरम के टुकड़े करने के फैसले में नकाब यह पहना गया कि यह तो सामाजिक सद्भाव का काम है। लेकिन इतिहास इस बात का गवाह है कि कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए और मुस्लिम लीग के दबाव में यह किया। यह कांग्रेस का तुष्टीकरण की राजनीति को साधने का एक तरीका था। प्रधानमंत्री के मुताबिक, नेहरू ने पत्र में लिखा, मैंने वंदे मातरम गीत की पृष्ठभूमि पढ़ी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## वंदे मातरम से शुरू हुई थी तुष्टीकरण की राजनीति

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि वंदे मातरम के साथ हुआ अन्याय कोई अलग-थलग घटना नहीं, बल्कि तुष्टीकरण की राजनीति की शुरूआत थी, जिसे कांग्रेस ने अपनाया था और इसी राजनीति ने देश का विभाजन कराया। लोकसभा में वंदे मातरम पर चर्चा में भाग लेते हुए सिंह ने कहा कि यह सच स्वीकार करना पड़ेगा कि वंदे मातरम के साथ जो न्याय होना चाहिए था, वह नहीं हुआ। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आजाद भारत में राष्ट्र गान और राष्ट्रीय गीत को एक समान दर्जा देने की बात थी, लेकिन (राष्ट्रीय गीत) वंदे मातरम को खंडित किया गया। सिंह ने कहा वह धरती, (बंगाल) जिस पर वंदे मातरम् की रचना हुई, उसी धरती पर कांग्रेस ने इसे खंडित करने का काम किया। उन्होंने कहा वंदे मातरम के साथ हुआ अन्याय अलग-थलग घटना नहीं थी, यह तुष्टीकरण की राजनीति की शुरूआत थी, जिसे कांग्रेस ने अपनाया। इसी राजनीति ने देश का विभाजन कराया। सिंह ने कहा कि वंदे मातरम स्वयं में पूर्ण है लेकिन इसे अपूर्ण बनाने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि इसका गौरव लौटाना समय की मांग और नैतिकता का तकाजा है। उन्होंने कहा, हम सभी को मिलकर सोचना चाहिए कि क्या संविधान में नया दायित्व नहीं जोड़ा जा सकता कि राष्ट्रगान की तरह राष्ट्रगीत को सम्मान दिया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नेहरू पर आरोपों को लेकर भड़कीं प्रियंका



नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा पर लोकसभा में पलटवार करते हुए कहा कि जवाहरलाल नेहरू पर एक बार सदन में विस्तृत चर्चा कराई जाए, ताकि उनपर बार-बार आरोप लगाने का अध्याय हमेशा के लिए बंद हो तथा बेरोजगारी, महंगाई एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा हो सके। कांग्रेस सांसद ने निचले सदन में वंदे मातरम पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जितने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सुरक्षा, यातायात, प्रबंधन में होमगार्ड्स की अहम भूमिका

63वें स्थापना दिवस पर सीएम धामी ने ली रैतिक परेड की सलामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। होमगार्ड्स जवान मौसम की प्रतिकूलताओं बरसात, ठंड और भीषण गर्मी के बीच भी बिना थके प्रदेश की सुरक्षा, यातायात, प्रबंधन और आपदा सहायता सेवाओं में सदैव अग्रिम पंक्ति में खड़े रहते हैं। यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 63वें होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने रैतिक परेड का निरीक्षण किया और जवानों के उत्साह व अनुशासन की सराहना की। उन्होंने इस मौके पर विभागीय स्मारिका 2025 और कैलेंडर 2026 का विमोचन भी किया तथा दिवंगत एवं सेवा प्रदत्त होमगार्ड्स के आश्रितों को चेक वितरित किए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कुंभ हो या कांवड़ यात्रा जैसे लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ वाले धार्मिक आयोजनों में होमगार्ड्स की भूमिका निर्णायक रही है। चार धाम और हरिद्वार में स्थापित होमगार्ड्स हेल्प डेस्क श्रद्धालुओं व विदेशियों को हर प्रकार की सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने होमगार्ड जवानों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इंडिगो के खिलाफ जांच जारी, एयरलाइन पर होगी कड़ी कार्रवाई

राज्यसभा में नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने दी जानकारी

एजेंसी



नयी दिल्ली। राज्यसभा में सोमवार को नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार ने इंडिगो की बड़े पैमाने पर उड़ान रद्द किए जाने के संबंध में जांच शुरू कर दी है और एयरलाइन के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी ताकि अन्य एयरलाइनों के लिए उदाहरण पेश किया जा सके।

उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए नायडू ने इंडिगो एयरलाइंस को उसके दिन-प्रतिदिन के संचालन के दौरान चालक दल और ड्यूटी रोस्टर को प्रबंधित करने में विफल करार दिया। उन्होंने कहा, हम इस स्थिति को हल्के में नहीं ले रहे हैं। हम एक जांच कर रहे हैं। हम न केवल इस मामले में बल्कि एक मिसाल पेश करने के लिए भी बहुत, बहुत कड़ी कार्रवाई करेंगे। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने पूरक प्रश्न पूछते हुए यह जानना चाहा कि क्या इंडिगो संकट ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) में गलती के कारण हुआ था? यह एक तकनीकी समस्या है जिसने नवंबर 2025 की शुरुआत में उड़ान सेवाओं को बाधित किया था। विमानन मंत्री ने स्पष्ट किया कि इंडिगो संकट एएमएसएस से संबंधित नहीं था बल्कि इंडिगो की आंतरिक क्रू रोस्टर प्रणाली में विसंगतियों और कुप्रबंधन के कारण हुआ था। अप्रैल 2025 के उच्च न्यायालय के आदेश के बाद तैयार किए गये नये उड़ान ड्यूटी समय पाबंदी (एफडीटीएल) दिशा-निर्देश की विस्तार से जानकारी देते हुए नायडू ने कहा कि कुल 22 एफडीटीएल दिशानिर्देश थे, जिनमें से 15 को एक जुलाई 2025 से और शेष सात को एक नवंबर 2025 से लागू किया गया।

नायडू के अनुसार, एफडीटीएल के कार्यान्वयन के संबंध में इंडिगो सहित कई हितधारकों से परामर्श किया गया था और सरकार ने यह बहुत स्पष्ट कर दिया था कि सभी एयरलाइनों को सुरक्षा से समझौता किए बिना नियमों का पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि एक नवंबर 2025 को जब एफडीटीएल पूरी तरह से लागू हुआ, उसी समय नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) सभी एयरलाइनों के साथ निरंतर परामर्श करता रहा है, क्योंकि उन्होंने अपने संचालन में विविधताओं के कारण कुछ छूट का अनुरोध ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 24.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 10.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ एथेनॉल उत्पादन में यूपी ने बनाया कीर्तिमान (पृष्ठ-02)
❍ माघ मेले की प्रकाश व्यवस्था में नव्यता की झलक (पृष्ठ-02)
❍ मोटर वाहन की बिक्री में नवंबर में तेजी बरकरार (पृष्ठ-14)
❍ चीन का व्यापार अधिशेष नवंबर में 1,000 अरब डॉलर (पृष्ठ-14)
❍ सोना गिरकर 1,32,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

अमेरिकी रक्षा नीति विधेयक में क्वाड व स्वतंत्र, खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा उद्देश्य को आगे बढ़ाने पर हुई चर्चा

## अमेरिका ने भारत के साथ संबंधों को व्यापक बनाने पर दिया जोर

एजेंसी



न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका के वार्षिक रक्षा नीति विधेयक में भारत के साथ विशेषकर क्वाड के माध्यम से सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया है ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र को मुक्त एवं खुला बनाए रखने के साझा लक्ष्य को आगे बढ़ाया जा सके और चीन से उत्पन्न चुनौतियों का सामना किया जा सके। रविवार को संसदीय नेताओं द्वारा जारी वित्त वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकार अधिनियम (एनडीएए) में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों पर अमेरिकी संसद की राय को रेखांकित किया गया है।

विधेयक में कहा गया है कि रक्षा मंत्री को चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में अमेरिका की तुलनात्मक बढ़त को बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र में अमेरिकी रक्षा सहयोगियों और साझेदारियों को मजबूत करने के प्रयास जारी रखने चाहिए। इन प्रयासों में भारत के साथ अमेरिकी संबंधों को व्यापक बनाना, जिसमें चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के माध्यम से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों तथा सैन्य अभ्यासों में भागीदारी, रक्षा व्यापार का विस्तार तथा मानवीय सहायता और आपदा प्रतिक्रिया पर सहयोग के माध्यम से एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा उद्देश्य को आगे बढ़ाना शामिल है।

क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं तथा इसे 2017 में हिंद-प्रशांत में चीन के आक्रामक रवैये का सामना करने के लिए स्थापित किया गया था। रक्षा नीति विधेयक में यह भी प्रावधान है कि रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री मिलकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करने के लिए एक सुरक्षा पहल शुरू करें। विधेयक के एक अन्य हिस्से में अमेरिका और भारत के बीच परमाणु दायित्व नियमों पर संयुक्त मूल्यांकन की बात कही गई है। इसके तहत 2008 के भारत-अमेरिका नागरिक परमाणु समझौते के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए एक परामर्श तंत्र बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत के परमाणु दायित्व नियमों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लाने के अवसरों पर चर्चा करना है। साथ ही विधेयक में भारत को औपचारिक रूप से सहयोगी या भागीदार देश की श्रेणी में शामिल किया गया है। इस विधेयक से भारत को रक्षा क्षेत्र में और अधिक मजबूती मिलेगी और अमेरिका के साथ रिश्तों में जो खटास आयी है वह भी दूर होगी।

## यूपी में एसआईआर की निगरानी के लिए चार आईएएस नियुक्त

विशेष संवाददाता

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की निगरानी के लिए केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में तैनात संयुक्त सचिव स्तर के चार आईएएस अधिकारियों को विशेष रोल प्रेक्षक नियुक्त किया है। इसमें निखिल गजराज, जावड़ी वी नागा सुब्रमण्यम, कुणाल और सिद्धार्थ जैन शामिल हैं।

❍ **विशेष रोल प्रेक्षक का दायित्व गणना चरण से लेकर मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि तक रहेगा**

आयोग ने निखिल गजराज को सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद एंव अलीगढ़ मण्डल, जावड़ी वी नागा सुब्रमण्यम को लखनऊ, कानपुर, आगरा, बरेली, झांसी, चित्रकूट धाम तथा प्रयागराज मण्डल, कुणाल को देवीपाटन, बस्ती, अयोध्या व वाराणसी मण्डल और सिद्धार्थ जैन को आजमगढ़, गोरखपुर तथा मिजार्पुर मण्डल का विशेष रोल प्रेक्षक बनाया है। ये सभी अधिकारी अपने मण्डल के अंतर्गत सभी जनपदों में एसआईआर के कार्यों की निगरानी करेंगे। आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान विशेष रोल प्रेक्षक के रुप में नियुक्त अधिकारियों का दायित्व होगा कि एसआईआर ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# धूमधाम से मनाया गया बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास का जन्मदिन






अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं बैडमिंटन एसोसिएशन उ.प्र. के चेयरमैन विराज सागर दास का जन्मदिन सोमवार को हर्षोल्लास के साथ विक्रमादित्य मार्ग स्थित उनके निवास स्थान सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर मनाया गया। खेल प्रेमी, साहित्य में रुचि रखने वाले सरल स्वभाव और सादगी के धनी विराज सागर दास के जन्मदिन पर उनके आवास पर सुबह से ही शहर के गणमान्य नागरिकों का तांता लगा रहा। सुबह से ही शिक्षक, समाजसेवी, राजनेता, खेल से जुड़ी तमाम हस्तियां और डिग्री कॉलेज और विश्वविद्यालय के तमाम प्रोफेसर बधाई देने के लिए उनके आवास पर पहुंचे और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वहीं विराज सागर दास के सुपुत्र मास्टर विवान दास के जन्मदिन पर भी शहर के गणमान्य लोगों ने आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं।

- खेल जगत, शिक्षा, समाजसेवा और राजनीति से जुड़ी तमाम हस्तियों ने दी विराज सागर दास को बधाई

जन्मदिन के मौके पर प्रिया गुप्ता के नेतृत्व में मदर टेरेसा आश्रम में केक काटकर और फल वितरण कर विराज सागर दास के दीर्घायु होने की कामना की गयी। आल इण्डिया बाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल बाल्मीकि के नेतृत्व में लखनऊ बाल्मीकि समाज द्वारा 51 किलो लड्डू हनुमान सेतु स्थित हनुमान मंदिर पर चढ़ाकर प्रसाद वितरण किया गया व विराज सागर दास के दीर्घायु की कामना की गयी।

जन्मदिन के अवसर पर डॉ. सुधर्मा सिंह, अमित चौधरी पार्षद, अरुण गुप्ता, कैलाश पाण्डेय, वन्दना राज अवस्थी, रेहान अहमद खान, अशोक सिंह, राजीव बाजपेयी पूर्व पार्षद, सुशील दुबे, अचल मेहरोत्रा, देवाशीष, रिषभ गुप्ता, डॉ. पीएस जायसवाल, राजेश सिंह काली, चन्द्रा रावत, कमलेश गुप्ता, वसीम खान, सुबोध श्रीवास्तव, निहाल खान, अजय श्रीवास्तव, शान बख्शी, सर्वेश अवस्थी, प्रिया गुप्ता, ऊषा बाल्मीकि, आशा मौर्या, मौलाना हसन आब्दी, चौधरी वीर सिंह, अनूप कनौजिया अध्यक्ष संत गाडगे समाज, नवीन बाबा रस्तोगी पूर्व पार्षद सहित बीबीडी ग्रुप परिवार के सदस्यों ने केक काटकर विराज सागर दास के उज्जवल भविष्य और दीर्घायु की कामना की। खेल जगत से जुड़ी तमाम नामचीन हस्तियों ने विराज सागर दास को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं बीबीडी यूनिवर्सिटी और अखिलेश दास गुप्ता स्कूल के सदस्यों ने भी बधाई और शुभकामनाएं देते हुए जन्मदिन मनाया। शहर के युवा व्यापारी स्पर्श दरबारी ने भी जन्मदिन मनाया। विराज कन्सट्रक्शन प्रा. लि. के अधिकारियों एव कर्मचारियों ने केक काटकर जन्मदिन मनाया और शुभकामनाएं दीं। यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन, लखनऊ बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा भी जन्मदिन मनाया गया। विराज प्रकाशन समूह के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी विराज सागर दास का जन्मदिन मनाया और उनके दीर्घायु होने की कामना की।

जन्मदिन के मौके पर महेश राठौर द्वारा सिविल हॉस्पिटल में मरीजों एवं तीमारदारों को पेय पदार्थ एवं फल वितरण कर विराज सागर दास के दीर्घायु होने की कामना की गयी।

# सरकार हर पीड़ित की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यस्तताओं के बीच भी सोमवार को जनता दर्शन किया। प्रदेश के हर तबके की खुशहाली के लिए सीएम योगी आमजन से सीधे मुखातिब होकर जनता दर्शन करते हैं। इसके जरिए वे सभी की समस्याएं सुनते और उनका निस्तारण भी कराते हैं। इसी क्रम में सोमवार को भी अपनी फरियाद लेकर जनता दर्शन में पहुंचे हर नागरिक से सीएम योगी ने मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी निश्चिंत होकर घर जाइए, हर समस्या का उचित समाधान कराया जाएगा।

- सीएम ने चिकित्सा सहायता, आवास, पुलिस, कब्जे आदि की शिकायत पर दिए कार्रवाई के निर्देश



जनता दर्शन में 42 लोग अपनी परेशानी लेकर पहुंचे। इसमें से पांच लोगों ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाते हुए मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र सौंपा। इस पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल से एस्टिमेट बनवाने को कहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार पहले ही दिन से चिकित्सा के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। धन के अभाव में किसी का भी इलाज नहीं प्रभावित होगा। प्रदेश में जिस भी जरूरतमंद को इलाज के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता होगी तो सरकार सदैव उसके साथ सदैव खड़ी रहेगी। जनता दर्शन में लोग पुलिस, अवैध कब्जे की शिकायत लेकर भी पहुंचे। सीएम योगी ने सभी का प्रार्थना पत्र लिया और आदेश दिया कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। इसके बाद शिकायत करने वालों से फीडबैक भी लिया जाए। सरकार हर पीड़ित की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं आवास की मांग को लेकर भी कुछ जरूरतमंदों ने सीएम योगी से निवेदन किया, जिस पर विचार करते हुए उन्होंने पीएम/सीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया।

## एथेनॉल उत्पादन में यूपी ने बनाया नया कीर्तिमान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की पारदर्शी और निवेशोन्मुखी आबकारी नीति ने वर्ष 2025 में प्रदेश की राजस्व प्रणाली को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एथेनॉल उत्पादन और बिक्री में दर्ज हुई उल्लेखनीय वृद्धि ने न केवल औद्योगिक गतिविधियों को तेज किया है, बल्कि प्रदेश को राष्ट्रीय एथेनॉल उत्पादन के क्षेत्र में भी शीर्ष श्रेणी में स्थापित किया है। उत्पादन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, बिक्री और निवेश प्रस्तावों में तेजी इस बात का संकेत है कि राज्य की अर्थव्यवस्था नए दौर में प्रवेश कर रही है। उत्तर प्रदेश में नवंबर 2025 तक 141.8 करोड़ लीटर एथेनॉल का उत्पादन हुआ, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। योगी आदित्यनाथ सरकार के संरचनात्मक सुधार, तकनीकी अनुकूलता और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से शराब, बीयर, वाइन व एल्कोहल आधारित उद्योगों में वृद्धि हुई है। प्रदेश में 105.25 करोड़ लीटर और प्रदेश से बाहर 40.96 करोड़ लीटर एथेनॉल बिक्री ने उत्तर प्रदेश को एथेनॉल सप्लाई का भरोसेमंद केंद्र बनाया है। उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी एथेनॉल उत्पादक प्रदेशों में स्थापित हो चुका है। इससे न केवल उद्योगों को प्रोत्साहन मिला।

# निकायों में जलाशय व वर्षा जल संचयन जलापूर्ति को दिया जायेगा बढ़ावा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार विजन 2047 के अंतर्गत एक व्यापक कार्ययोजना पर काम कर रही है। प्रदेश के नगरीय आवासीय क्षेत्रों को स्वच्छ, सुरक्षित, हरित तथा जलवायु के अनुकूल बनाने की दिशा में रोडमैप का निर्माण किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के मोहल्लों को जलवायु तथा पर्यावरण समावेशी स्वरूप देने की रणनीति पर काम किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर, शुद्ध हवा, सुरक्षित जलापूर्ति तथा स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

प्रदेश सरकार का उद्देश्य शहरी विकास को केवल सड़कों व भवनों तक सीमित न रखते हुए उसे पर्यावरण संतुलन तथा जनस्वास्थ्य से भी जोड़ना है। यह पूरी कार्ययोजना दो प्रमुख आधारों पर केंद्रित है पहला, जलवायु सहिष्णु हरित अवसंरचना का विस्तार, वहीं दूसरे घटक के तौर पर जल सुरक्षा एवं पारिस्थितिकीय संतुलन को मजबूत बनाने पर जोर है। इन्हीं दोनों स्तंभों के माध्यम से प्रदेश के शहरी आवासीय क्षेत्रों का व्यापक कायाकल्प किया जाएगा। योजना के अनुसार, प्रत्येक नगरी क्षेत्र के लिए सिटी सेंट्रिक क्लाइमेट एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके माध्यम से वर्षा, तापमान, जलभराव, वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन जैसी स्थानीय जलवायु संकटों का आकलन कर उनके समाधान लागू किए जाएंगे। कार्ययोजना के अनुसार, नगरीय हरित आवरण को लेकर कई पहलों को बड़े पैमाने पर जमीन पर उतारा जाएगा। इसके अंतर्गत, नगरों में पार्क, हरित पट्टियां, हरित गलियारे व खुले हरित क्षेत्र विकसित किए जाएंगे, जिससे आवासीय इलाकों में शुद्ध हवा, तापमान संतुलन और पर्यावरणीय स्वास्थ्य बेहतर हो सके। साथ ही, मोहल्ला स्तर पर जलवायु नियोजन को लागू किया जाएगा, ताकि स्थानीय समस्याओं जैसे जलभराव, बाढ़, अत्यधिक गर्मी और प्रदूषण जैसी समस्याओं की रेगुलकर मॉनिटरिंग कर रियल टाइम में कार्ययोजना क्रियान्वित कर सीधा नियंत्रण स्थापित किया जा सके। इस योजना का दूसरा मुख्य उद्देश्य जल सुरक्षा व इकोलॉजिकल सस्टेनेबिलिटी यानी पारिस्थितिकीय सततता को सुदृढ़ करना है। इसके तहत शहरों के तालाबों, झीलों और जलाशयों के पुनरुद्धार की योजनाएं लागू की जाएंगी, जिससे वर्ष भर जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

- 'सिटी सेंट्रिक क्लाइमेट एक्शन प्लान' के माध्यम से उत्सर्जन, जलभराव और प्रदूषण नियंत्रण की तैयारी

वर्षा जल संचयन को प्रत्येक आवासीय क्षेत्र में विशेष रूप से बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि भूजल स्तर में सुधार लाया जा सके। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में कूड़ा निस्तारण के लिए विकेंद्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली विकसित करने पर फोकस है। कार्ययोजना के अनुसार, मोहल्ला स्तर पर कचरे के पृथक्करण, प्रसंस्करण तथा निस्तारण की व्यवस्था लागू होगी, जिससे स्वच्छता को स्थायी आधार मिलेगा, पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा तथा प्रदूषण में व्यापक स्तर पर कमी आएगी। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार का मानना है कि इन सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश के नगरीय आवासीय क्षेत्र न केवल पर्यावरण के अनुकूल बनेंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ, सुरक्षित व स्वच्छ जीवन की मजबूत नींव तैयार करेंगे जो देश के अन्य राज्यों के लिए भी रोलमॉडल बनेगा।

# भाजपा राष्ट्रविवादी पार्टी है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राष्ट्रवादी नहीं राष्ट्रविवादी पार्टी है। देश में जहां विवाद करना होता है वहां भाजपा के लोग सबसे आगे रहते हैं। भाजपा फूट डालो राज करो नीति पर चलती है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम गाने से ज्यादा निभाना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ गाने के लिए नहीं है निभाने के लिए होना चाहिए। पीछे मुड़कर देखना चाहिए कि कितना निभाया जा रहा है। वंदे मातरम ने आजादी के आंदोलन में सबको जोड़ा लेकिन आज के दरारवादी लोग उसी के देश को तोड़ना चाहते है। ऐसे लोगों ने पहले भी देश के साथ दगा किया आज भी दगा कर रहे हैं। वंदे मातरम गीत के 150वर्ष पूरे होने पर संसद में हुई चर्चा में भाग लेते हुए सोमवार को अखिलेश यादव ने कहा कि जब कोलकाता के कांग्रेस के अधिवेशन में गुरूदेव रविन्द्र नाथ टैगोर ने पहली बार वंदे मातरम गीत गया, उसके बाद वंदे मातरम की लोकप्रियता आम लोगों में पहुंच गयी। जब क्रांतिकारियों को अंग्रेजों से लड़ना होता था तब वंदे मातरम का नारा देकर लोगों को जोड़ने का काम करते थे। स्वतंत्रता आन्दोलन हो या स्वदेशी आंदोलन। क्रांतिकारी इसी नारे को लेकर आगे चले। वंदे मातरम के माध्यम से देश एकजुट हुआ।

अंग्रेज घबरा गये। अंग्रेज जहां कहीं वंदे मातरम का नारा सुनते और देखते थे वे क्रांतिकारियों पर देशद्रोह का मुकदमा लगा देते थे। जेल भेज देते थे। बंगाल में बच्चों ने जब क्लास रूम में वंदे मातरम का गीत गया तब अंग्रेजों ने उन पर देशद्रोह का मुकदमा लगा कर जेल भेज दिया। अंग्रेजों ने 1905 से लेकर 1908 तक बैन भी कर दिया था। बैन के बाद भी हमारे क्रांतिकारी नहीं माने वंदे मातरम को अपने दिल और दिमाग में रखा। जनता के बीच इस आंदोलन को आगे बढ़ाते रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि आज सत्ता पक्ष हर चीज को अपना दिखाना चाहता है। इस महान गीत को बंकिम चंद चट्टोपाध्याय ने लिखा था। लेकिन देखा जा रहा है जो महान पुरुष और जो चीज सत्ता पक्ष की नहीं है वह उसे अपनाना चाहती है।

जब भाजपा का गठन हो रहा था उस समय बीजेपी के चुने गए अध्यक्ष के भाषण पर चर्चा हो रही थी। चर्चा इस बात की थी कि भाजपा सेकुलर और सोशलिस्ट रास्ते पर जायेगी कि नहीं जायेगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को तमाम विरोध के बावजूद समाजवादी आंदोलन, समाजवादी विचारधारा और सेकुलर रास्ता अपनाना पड़ा। यही नही भाजपा ने मंच पर जयप्रकाश की तस्वीर लगाकर भ्रम फैलाने की कोशिश की कि वह जेपी के रास्ते पर चलेगी। आज सरकार के मंत्री बताएं की वे कितने सेक्युलर और सोशलिस्ट हैं?

# संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाये : श्रवण कुमार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यकारिणी की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक मे प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार कैबिनेट मंत्री ग्रामीण विकास एवं परिवहन बिहार सरकार के लखनऊ आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

- प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश



प्रदेश अध्यक्ष ने स्वागत करते हुए कहा कि बिहार में नीतीश कुमार की सरकार की अभूतपूर्व सफलता ने देश की राजनीति को नई दिशा देने का काम किया है, जिसमें श्रवण कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मंत्री आठ बार विधायक रहे। उत्तर प्रदेश का प्रभार संभालने से उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं में जोश एवं उत्साह भरने का काम किया है।

श्रवण कुमार ने सदस्यता अभियान का शुरुआत किया और समीक्षा बैठक करके सभी को सदस्यता अभियान को अपरिहार्य बताते हुए कहा की बिहार की जीत में सदस्यता अभियान की मुख्य भूमिका रही है। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश के बलरामपुर, फतेहपुर और गोंडा जिलों में हुए आपराधिक घटनाओं के लिए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पांच सदस्यीय कमेटी जोकि जांच कर सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी ताकि अपराधियों के साथ सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। सभी कार्यकर्ताओं को आने वाले चुनावों के लिए कमर कसने को कहा और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव सुभाष पाठक एवं संजय पटेल ने किया।

# दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करे : श्याम लाल पाल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित करते हुए मांग की है कि मऊ में घोसी विधान सभा में मतदेय स्थलों में 2003 की मतदाता सूची बदल कर 7 दिसम्बर को बीएलओ को दूसरी मतदाता सूची दिये जाने की घोर लापरवाही की जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाये, जिससे एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके। ज्ञापन को सौंपते हुए केके श्रीवास्तव और राधेश्याम सिंह ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि मऊ, घोसी विधान सभा में 2003 की मतदाता सूची में मतदेय स्थल संख्या-75 में 488 मतदाताओं के नाम दर्ज होने की मतदाता सूची बीएलओ को उपलब्ध कराई गयी थी, दिनांक 07 दिसम्बर 2025 को 2003 की मतदाता सूची में मतदेय स्थल संख्या- 75 में

- सपा प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपकर सूची बदल कर बीएलओ को दूसरी मतदाता सूची दिये जाने की जांच कराने की उठायी मांग

1318 मतदाता दर्ज होने की मतदाता सूची बी.एल.ओ. को दी गयी और बी.एल.ओ. से दो दिन में सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरवाने तथा गणना प्रपत्रों को बीएलओ ऐप में अपलोड करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा दबाव बनाया जा रहा है तथा 830 मतदाताओं को भी गणना प्रपत्र भरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# बिजली, पानी और उपज को मिल रहा बाजार, संपन्न हो रहे किसान

विशेष संवाददाता (vol)

शामली। कृषि चौपाल का छठवां पड़ाव सोमवार को बुच्चाखेड़ी गांव में रहा। इसमें आसपास के गांवों के लगभग 450 से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया। यहां कृषि चौपाल में गन्ना किसानों ने जीवन में आए सकारात्मक बदलाव का जिक्र कर इसका श्रेय योगी आदित्यनाथ सरकार को देते हुए उनके कार्यों को सराहा। किसानों ने गन्ना मूल्य में 30 रुपये की वृद्धि के लिए भी योगी सरकार का आभार जताया और कहा कि बिजली, पानी और उपज को बाजार उपलब्ध कराकर किसानों को संपन्न किया जा रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी फसल बिक्री कर रहे हैं और उन्हें 48 घंटे के भीतर ही भुगतान भी किया जा रहा है। योगी सरकार किसानों को सुरक्षा, सुविधा और संसाधन उपलब्ध करा रही है। योगी सरकार ने अपने कार्यों से यूपी की परिभाषा बदल दी है। सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी हर क्षेत्र में अब सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जाना जा रहा है।

- शामली के बुच्चाखेड़ी गांव में लगी चौपाल, 450 किसानों ने लिया हिस्सा
- निवेश की दृष्टि से उद्यमियों की पहली पसंद बना उत्तर प्रदेश

किसानों ने कहा कि पहले किसान सरकार की प्राथमिकता में नहीं होते थे। किसान और उनकी फसल का कोई हाल लेने वाला नहीं था, लेकिन 2017 में सत्ता में आने के बाद ही योगी सरकार ने किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये का ऋण माफ किया। केंद्र सरकार की योजनाओं का पारदर्शिता से क्रियान्वयन कराया और किसानों के हित में राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं बनाईं। इसका लाभ मिलने से किसान खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। किसान मास्टर गुलाब ने कहा कि योगी सरकार पिछली सरकारों की तरह भेदभाव नहीं करती। अब यूपी के सभी 75 जनपदों में समान रूप से बिजली उपलब्ध कराई जाती है। इस कारण खेती करने वाले किसानों को काफी सहूलियत मिल रही है। कभी किसान आत्महत्या करते थे, लेकिन सरकार के प्रोत्साहन के कारण खेती



फायदे का सौदा हो गया है। किसान बेखौफ होकर खेती करते हैं और उनकी फसल भी अब सुरक्षित रहती है। किसान सादिक हसन ने कहा कि 2017 के पहले घरों से मवेशी खोल लिए जाते थे। किसान खेत व मवेशियों की सुरक्षा को लेकर भी परेशान रहता था। शाम के समय महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल होता था। सरेआम सड़कों पर लूटपाट होती थी, लेकिन पश्चिम उत्तर प्रदेश हो या प्रदेश का कोई भी कोना, अब रात 12 बजे भी लोग कहीं आ जा सकते हैं। उत्तर प्रदेश में अब अपराधी डरते हैं और आम नागरिक बेफिक्र होकर देर रात भी कहीं आ जा सकते हैं। शाहिद चौधरी ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों का ह्यसम्मानह्न है। योगी सरकार ने गन्ने के दाम में 30 रुपये की बढ़ोतरी कर किसानों का सम्मान और बढ़ाया है। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के उपरांत किसानों के संसाधन और सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई है। हर जनपद में सड़कों का बेहतरीन जाल बिछा है। आवागमन सुगम हुआ है। किसानों की उपज को बाजार मिला है। योगी जी धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने किसानों के विकास और समृद्धि के लिए अथक प्रयास जारी रखा है। कृषि चौपाल में किसान गोवर्धन चौहान, मुनव्वर चौहान, तोप सिंह, डॉ. अजय, अंकुर शर्मा, मास्टर धर्मपाल, वीरेंद्र चेयरमैन, राधा, संजय, नाथी, पंकज, मुकेश शर्मा, दीपक पवार, राशिद चौहान, सर्वेश्वर शर्मा, मास्टर गुलाब, अंकुर आदि मौजूद रहे। योगी सरकार ने बड़ा तोहफा देते हुए गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि की। योगी सरकार ने पेराई सत्र 2025-26 में गन्ने की अगेती प्रजाति का मूल्य 370 से बढ़ाकर 400 रुपये और सामान्य प्रजाति का 360 रुपये से 390 रुपये प्रति क्विंटल किया। इस वृद्धि से गन्ना किसानों को 3000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान हो रहा है। योगी सरकार के कार्यकाल में चौथी बार गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी की गई है। 1 से 11 दिसंबर तक पश्चिम उत्तर प्रदेश के चार जनपदों में कृषि चौपाल का आयोजन हो रहा है। बागपत, हापुड़ और शामली में कृषि चौपाल लग चुकी है। अब बुधवार से मुजफ्फरनगर में किसान संवाद करेंगे। 10 दिसंबर को यहियापुर व 11 दिसंबर को दाहोद गांव में कृषि चौपाल लगाई जाएगी।

# प्रयागराज माघ मेले की प्रकाश व्यवस्था में भी मिलेगी नव्यता की झलक : कटियार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रयागराज में माघ मेले में त्रिवेणी के तट पर आस्था का जन समागम एकत्र होगा। योगी सरकार की तरफ से इस आयोजन को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए माघ मेला क्षेत्र से जुड़े शहर के उन मार्गों और गलियों को भी आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है जहां से होकर पर्यटक और श्रद्धालु माघ मेला पहुंचेंगे। इसी क्रम में शहर की हर मुख्य मार्ग और संपर्क मार्ग को रोशनी से भरने की तैयारी है। नगर निगम यह जिम्मेदारी उठा रहा है। सड़क किनारे के वृक्षों को रोशनी के माध्यम से नया स्वरूप दिया गया है।

प्रयागराज में 3 जनवरी से लगने जा रहे आस्था के महा जन समागम माघ मेला 2026 की तैयारियों को लेकर सभी विभाग अपनी तैयारियों में जुटे हैं। मेला क्षेत्र के अंदर और बाहर आगंतुकों के गुजरने वाले मार्गों को सजाने संवारने की कवायद भी चल रही है। नगर निगम प्रयागराज के यांत्रिक विभाग के चीफ इंजीनियर (विद्युत) डॉ संजय कटियार बताते हैं कि माघ मेले में आने वाले पर्यटकों के स्वागत के लिए की संगम नगरी की सड़कों के साथ उनके दोनों ओर की प्रकाश व्यवस्था को भी भव्य स्वरूप दिया जा रहा है।

- रास्ते रोशन करेगी नियॉन और स्पाइरल लाइट्स, 260 वृक्षों में दिखेगा दोनों का संयोजन
- 150 करोड़ रुपये के बजट से नगर निगम शहर के मुख्य मार्ग और गलियों को कर रहा है रोशन

शहर में सड़क किनारे लगे वृक्षों का नया लुक देने के लिए नियॉन और स्पाइरल लाइट की संयोजित प्रकाश व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था में शहर के महत्वपूर्ण मार्गों के 260 वृक्षों के तनों, शाखाओं और पत्तियों में अलग अलग थीम की रोशनी लगाई गई है। इनमें नियॉन और स्पाइरल लाइट्स को इस तरह संयोजित किया गया है जिसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है कैसे रात के अंधेरे में पूरा वृक्ष आलोकित हो गया है। प्रयागराज एयरपोर्ट से लेकर संगम तक जाने वाले पर्यटक और श्रद्धालु इस भव्य प्रकाश व्यवस्था का अवलोकन कर सकेंगे। शहर की 23 सड़कों, 06 आरओबी और 02 फ्लाईओवर में शंख, चक्र, गदा, त्रिशूल, तलवार आदि के आकार के मोटिव्स भी श्रद्धालुओं का ध्यान अपनी तरफ खींचेंगे। महाकुंभ में की गई इस व्यवस्था को माघ मेले के आयोजन में भी धरातल में उतारा जा रहा है। माघ मेला क्षेत्र के अलावा शहर के सभी वार्डों की हर गली और प्रमुख मार्ग में प्रकाश की बेहतर व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा रहा है।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करें : योगी

## विभिन्न जनपदों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मिल रहे मुख्यमंत्री



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं को निरंतर जागरूक रहने का आह्वान किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न जनपदों के पार्टी कार्यकताओं के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता आम जनता के बीच जाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक छूट न जाए और अपात्र का नाम सूची में दर्ज न हो। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल होना एक मजबूत और समावेशी लोकतंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को संदेश दिया कि वे सरकार के कल्याणकारी कार्यों के साथ-साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के प्रति भी जनता में जागरूकता फैलाएं। सीएम योगी ने कार्यकताओं से कहा कि वे बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के साथ सहयोग करते हुए प्रत्येक बूथ पर गहन संपर्क स्थापित करें और आम नागरिकों को इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे संगठन के साथ समन्वय बनाते हुए इस प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने में सहयोग करें। उनका एकमात्र उद्देश्य यह होना चाहिए कि वास्तविक और पात्र मतदाता का नाम सूची में दर्ज हो।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोहराया कि जनप्रतिनिधियों को जनता के बीच और जनता के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए और मतदाता सूची के पुनरीक्षण जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए।

सरकार के मुखिया के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विभिन्न जनपदों का निरंतर दौरा कर रहे हैं। वे जनपदों में जाकर पार्टी कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों से सीधा संवाद कर रहे हैं। सीएम योगी आगामी चुनावों में जीत का मंत्र देने के साथ ही मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा भी कर रहे हैं।

# 100 वर्ग मीटर तक के प्लॉट पर नहीं लगेगा निरीक्षण शुल्क, परमिट फीस सिर्फ 1 रुपया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहरों में 100 वर्ग मीटर के आवासीय व 30 वर्ग मीटर के व्यावसायिक भूखंड पर अब भवन मानचित्र पास कराने पर निरीक्षण शुल्क नहीं देना पड़ेगा। साथ ही परमिट शुल्क भी सिर्फ एक रुपये कर दिया गया है। उप्र नगर योजना और विकास (विकास परमिट फीस, भवन परमिट फीस और निरीक्षण फीस का निर्धारण, उद्ग्रहण और संग्रहण) नियमावली-2024 को संशोधित करते हुए नए सिरे से बनाई गई प्रथम संशोधन नियमावली-2025 की अधिसूचना सभी प्राधिकरणों को जारी कर दी गई है। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव पी गुरुप्रसाद की ओर से जारी छह पेज की संशोधित नियमावली संबंधी अधिसूचना में भवन निर्माण के लिए वसूले जाने वाले विभिन्न शुल्कों से संबंधित कई नियमों में बदलाव के साथ ही उन्हें स्पष्ट किया गया है। एलडीए बोर्ड बैठक में शासनादेश को अंगीकृत भी कर लिया गया है।

भवन परमिट फीस को तो आवासीय भूखंड, समूह, कार्यालय व वाणिज्यिक उपयोग के मामले में यथावत पांच से 30 रुपये प्रति वर्ग मीटर ही रखा गया है लेकिन 100 वर्ग मीटर से कम क्षेत्रफल वाले आवासीय और 30 वर्ग मीटर तक के व्यावसायिक भूखंड के लिए भवन परमिट फीस सिर्फ एक रुपये कर दिया गया है। अभी तक पांच रुपये की दर से 100 वर्ग मीटर पर 500 रुपये फीस देना पड़ता था। भवन परमिट के मामले में निरीक्षण शुल्क कुल एफएआर (फर्शीय क्षेत्रफल अनुपात) पर 20 रुपये प्रति वर्ग मीटर ही रखा गया है लेकिन 100 वर्ग मीटर तक के आवासीय व 30 वर्ग मीटर के व्यावसायिक भूखंड पर अब नहीं देना होगा। अब तक 100 वर्ग मीटर के आवासीय भूखंड पर दो हजार रुपये निरीक्षण शुल्क वसूला जाता था।

पूर्व में शासनादेश के तहत विकास प्राधिकरणों की ओर से भवन परमिट, विकास परमिट और निरीक्षण फीस आदि वसूलने पर सर्वोच्च अदालत द्वारा रोक लगाए जाने पर राज्य सरकार ने पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास अधिनियम के तहत नए सिरे से नियमावली बनाकर फीस वसूलने का रास्ता साफ किया था। फीस से होने वाली आय को अवस्थापना विकास निधि में जमा किया जाता है। विकास प्राधिकरण शहर में अवस्थापना संबंधी कार्य कराने पर इसे खर्च करते हैं।

# आईएएस अनामिका सिंह ने मांगा वीआरएस

**लखनऊ।** यूपी कॉडर की वर्ष 2004 बैच की आईएएस अफसर अनामिका सिंह ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) मांगा है। उन्होंने निजी कारणों का हवाला देते हुए वीआरएस मांगा है, हालांकि चर्चा इस बात की है कि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए उन्हें अनुमति न मिलने से वह नाराज थीं। राज्य सरकार के स्तर से इसे स्वीकृत किए जाने के बाद केंद्र सरकार को वीआरएस का प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। आईएएस अनामिका सिंह का रिटायरमेंट मार्च 2038 में है। उनकी अभी करीब 13 साल की सेवा है, लेकिन पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए वीआरएस के लिए आवेदन किया है। अनामिका सिंह मौजूदा समय में खाद्य आयुक्त के पद पर तैनात हैं। सूत्रों के मुताबिक कुछ समय पहले उन्होंने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए राज्य सरकार से अनुमति मांगी थी। सितंबर में उन्हें बरेली का मंडलायुक्त नियुक्त किया गया था, लेकिन बाद में उनका तबादला निरस्त कर खाद्य आयुक्त बना दिया गया। अनामिका करीब 8 साल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रह चुकी हैं। वह मई 2013 में पहली बार केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गई थीं। इस दौरान वे मानव एवं संसाधन विकास मंत्रालय में अनुसचिव और उपसचिव के पद पर तैनात रहीं। नीति आयोग की निदेशक भी वह रह चुकी हैं। जुलाई 2021 में यूपी में दोबारा वापसी हुई। इसके बाद से वे बेसिक शिक्षा, महिला कल्याण जैसे अहम विभागों में तैनात रह चुकी हैं। इन अफसरों ने लिया वीआरएस इससे पहले नवंबर 2025 में 1995 बैच के आईएएस अफसर अमोद कुमार ने वीआरएस लिया था। इससे पहले आइएएस अधिकारियों में रेणुका कुमार (1987 बैच), जूथिका पाटणकर (1988 बैच), विकास गोठलवाल और रिग्जिन सैम्फिल (2003 बैच) भी वीआरएस ले चुके हैं।

# मुंशी पुलिया से विकास नगर तक हटाया गया अतिक्रमण

**लखनऊ।** नगर निगम टीम ने मुंशीपुलिया से मेट्रो स्टेशन और विकास नगर समेत कई इलाकों में सोमवार फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। जोन-7 में जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लेखराज पन्ना, विकास नगर से सेक्टर-3 विकास नगर तक तथा मुंशीपुलिया चौराहे से मेट्रो स्टेशन तक नालियों व सड़कों की दोनों पट्टियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण हटाए गए। कार्रवाई में 3 काउंटर, 4 ठेले और 2 गुमटियां हटाई गईं। इसी क्रम में, शहर में व्याप्त अस्थायी अतिक्रमण, होर्डिंग, बैनर और पोस्टरों के खिलाफ अभियान को आगे बढ़ाते हुए जोन-8 में भी वृहद कार्रवाई की गई।

जोनल अधिकारी जोन 8 विकास सिंह के नेतृत्व में मेदांता अस्पताल के आसपास अवैध ठेले-खोमचे हटवाए गए। कार्रवाई के दौरान 01 लोहे की बेंच, 03 घरेलू सिलेंडर, 01 कमर्शियल सिलेंडर, 12 प्लास्टिक स्टूल, 02 कुर्सियां और 01 भगौना सहित कई सामान जब्त किए गए। प्लास्टिक और गंदगी पर अभियान में 58 हजार जुमार्ना वसूला नगर निगम ने सोमवार को शहर के तीन प्रमुख जोनों (जोन-8, जोन-2 और जोन-6) में अवैध प्लास्टिक, अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ संयुक्त और कड़ी कार्रवाई की। विभिन्न दुकानों और सार्वजनिक स्थानों की जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर निगम ने एक दिन में कुल ?58,000 का जुमार्ना वसूला। जोन-2 में दो दुकानों से ?23,000 का जुमार्ना वसूला गया। जोनल सेनेटरी अधिकारी रामसकल यादव के नेतृत्व में आरटीओ पुल और आलमबाग पुलिस चौकी क्षेत्र में सघन अभियान चलाया गया। यहां कुल 15 दुकानों की जांच की गई। दो दुकानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री पाए जाने पर ?15,000 का चालान किया गया। गंदगी फैलाने पर एक अन्य दुकान से ?8,000 का जुमार्ना वसूला गया। जोन-6 में 19,500 रुपये वसूले गए। यहां जोनल अधिकारी अमरजीत यादव और जोनल सेनेटरी ऑफिसर राजेश कुमार के नेतृत्व में अटल प्रेरणा स्थल मार्ग पर विशेष अभियान चलाया गया।

# पछुआ हवाओं के साथ ठंड शुरू

**लखनऊ।** प्रदेश में गलन भरी पछुआ हवाओं के साथ ठंड शुरू हो गई है। सुबह- शाम कोहरे और ठिठुरन भरी सर्द रातों के साथ पौष माह की शुरूआत हो चुकी है। मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार से प्रदेश में पारे में क्रमशः गिरावट जारी रहेगी। इस बीच लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई इलाकों में छिटपुट बादलों की मौजूदगी रहेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि फिलहाल उत्तर प्रदेश में लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ के असर से कहीं कहीं बादलों की आवाजाही रहेगी। विक्षोभ के गुजरने के बादल छंटेंगे और धूप-छांव के मौसम से निजात मिलेगी। इस बीच प्रदेश के तराई व अन्य इलाकों में सुबह के समय हल्के से मध्यम धुंध व कोहरा बना रहेगा। राजधानी में ठंड और गलन ने पांव पसारना शुरू कर दिया है। सुबह-शाम धुंध और कोहरे के साथ्र दोपहर में छिटपुट बादलों की वजह से धूप-छांव का मौसम रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक लखनऊ में फिलहाल पश्चिमी विक्षोभ के असर से कहीं कहीं बादलों की आवाजाही रहेगी।

# प्रदेश में 97.3 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण : नवदीप रिणवा

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ एसआईआर को लेकर की बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

- **अनकलेक्टेबल मतदाताओं के सत्यापन में सभी राजनैतिक दलों से बीएलओ के सहयोग की जतायी अपेक्षा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन नवदीप रिणवा ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ तीसरी बार बैठक कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के सम्बंध में जानकारी दी और गणना चरण में उनका फीडबैक लिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गणना चरण के दौरान 97.3 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अभी तक लगभग 17.7 प्रतिशत गणना प्रपत्र अनकलेक्टेबल हैं तथा 30 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग शेष है। मृत तथा शिफ्टेड एवं अनुपस्थित मतदाताओं के सत्यापन के लिए राजनैतिक दलों से सहयोग की अपील की। राजनैतिक दलों द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया में गणना चरण का समय और बढ़ाने का अनुरोध किया गया।

उन्होंने सभी उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि प्रदेश के लगभग 17.7 प्रतिशत अनकलेक्टेबल मतदाताओं के सत्यापन में सभी राजनैतिक दलों के बीएलए का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि जिन मतदेय स्थलों (बूथों) पर बीएलओ द्वारा कार्य पूर्ण कर लिया गया है, वहां पर बीएलओ द्वारा अपने बूथ के अनकलेक्टेबल मतदाताओं की सूची बीएलए को उपलब्ध कराई जाएगी। ऐसे मतदाताओं की सूची प्रत्येक जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट और विधानसभा एवं बूथवार भी उपलब्ध रहेगी। 12 दिसम्बर तक सभी बीएलओ के साथ बीएलए की बैठक कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रवासी मतदाता, जो भारत के नागरिक हैं और वे रोजगार, शिक्षा, व्यापार व अन्य कार्य के लिए विदेश गए हैं और लंबे समय से वहां रह रहे हैं तथा किसी अन्य देश के नागरिक नहीं बने हैं, वे गणना प्रपत्र के स्थान पर फॉर्म-6ए भरकर मतदाता बन सकते हैं। ऐसे नागरिक फॉर्म-6ए आयोग की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भी भर सकते हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रवासी नागरिक का गणना प्रपत्र भरकर जमा न करें। गलती से भी यदि किसी ने ऐसे प्रवासी व्यक्ति का गणना प्रपत्र भरकर जमा कर दिया हो तो तत्काल अपने बीएलओ को इसकी जानकारी दें, नहीं तो बाद में शिकायत होने पर जांच में दोषी पाए जाने पर ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कारवाई हो सकती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 1533 प्रवासी मतदाता हैं। इसके अलावा 115 व्यक्तियों के फॉर्म-6ए और प्राप्त हुए हैं।

ऐसे नागरिकों को मतदाता बनने के लिए अपने पासपोर्ट वाले पते का विवरण देना होगा। इस बैठक के दौरान भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, सीपीआई (एम), आप और अपना दल (एस) के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# देवी-देवताओं व धार्मिक पुस्तकों के अपमान का मामला

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने हिन्दू देवी-देवताओं व धार्मिक पुस्तकों के अपमान की घटनाओं को रोकने की मांग को लेकर दायर एक याचिका पर कहा है कि इस संबध में पहले से कानून हैं लेकिन यदि याची को लगता है कि वे प्रभावी नहीं हैं तो वह केंद्र व राज्य सरकार के समक्ष अपनी बात रख सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला की पीठ ने हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से दाखिल याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया। याची की ओर से पेश अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री का कहना था कि हिन्दू देवी-देवताओं व धार्मिक पुस्तकों के अपमान की घटनायें आये दिन सामने आती हैं। कहा गया कि इन्हें रोकने के लिए कोई कानून नहीं हैं। हांलाकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पहले से कुछ कानून मौजूद हैं। याचिका पर सुनवायी के दौरान कोर्ट ने पाया कि याचिका में किसी विषेश घटना का जिक्र नहीं किया गया है बल्कि तमाम घटनाओं को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत करते हुए, प्रार्थना की गई है कि सरकारें ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाएं। इसके दृष्टिगत कोर्ट ने याची को कहा कि यदि वह चाहे तो केंद्र या राज्य सरकार के सामने अपनी बात रखने को स्वतंत्र है।

# धूमधाम से मनाया गया आशियाना जैन मन्दिर का स्थापना दिवस

**लखनऊ।** श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, आशियाना के 24 वें स्थापना दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को जैन महिला मण्डल द्वारा 48 दीपकों को समर्पित कर प्रथम तीर्थंकर ऋषभ देव की भाव अर्चना कर पुण्यार्जन किया। 48 दीप 48 ऋद्धियों का प्रकट करने वाला है। मंत्रोच्चार मनीषा जैन ने किया। महिला मण्डल की अध्यक्ष अल्पना जैन, उपाध्यक्ष सविता जैन, मंत्री ऋतु जैन संयुक्त मंत्री सोनी जैन, कोषाध्यक्ष संगीता जैन, स्वीटी, रीना, रिमझिम आदि ने भक्ति भाव से आरती एवं भजन गायन कर 24 वाँ स्थापना दिवस को यादगार बना दिया। भजन के बाद सभी सदस्यों ने शुद्ध देशी घी के 108 दीप प्रज्वलित किये। समिति के संरक्षक अभय शाह, शरदचन्द्र, शरद कुमार, संजय, पंकज, बृजेश बंटी, डॉ. अभय कुमार जैन आदि ने दीप प्रज्वलन कर धर्म लाभ लिया।

# शत-प्रतिशत फार्म जमा कराने के लिए भाजपा कार्यकर्ता बूथ पर सक्रिय

**लखनऊ।** भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को गति देते हुए सोमवार को सरोजिनी नगर और उत्तर विधानसभाओं के विभिन्न बूथों पर आयोजित मेगा कैंप में जाकर जमा कराए जा रहे गणना प्रपत्रों की प्रगति की जानकारी ली। महानगर कार्यालय पर भी मॉनिटरिंग टीम के साथ बैठक करके सभी विधानसभाओं में बूथ पर जमा फार्म की जानकारी ली तथा सुनिश्चित किया कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची मे दर्ज हो। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि लखनऊ महानगर में लगभग 87% से अधिक फार्म जमा हो चुके हैं और समय अवधि के पूर्व शत प्रतिशत फार्म जमा कराए जाने के लक्ष्य के साथ कार्यकर्ता बीएलओ के साथ निरंतर बूथ स्तर पर सक्रिय है। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और घुसपैठियों के नाम ना जुड़े। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि मेगा कैंप में संपर्क के दौरान चेतन सिंह बिष्ट, रमाशंकर त्रिपाठी, घनश्याम अग्रवाल अभिषेक खरे, मंडल अध्यक्ष, पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने स्थानीय लोगों को फार्म भरवाकर जमा कराये जाने में सहयोग किया।



# गृह निर्माण समिति को रजिस्ट्री करने वाले अमीन जांच में फंसे

## एलडीए ने अमीन को दिया नोटिस, कई अधिकारी भी जांच के घेरे में

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिमालयन सहकारी आवास समिति मामले में बाफिला गैंग पर फर्जी सदस्य बनाकर और एलडीए अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों की सरकारी जमीन हड़पने का आरोप है। हिमालयन सहकारी आवास समिति एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण के बीच 4 अप्रैल 2006 को की गई रजिस्ट्री में अनियमितता बरती गई। आरोप है कि इसमें एलडीए के अमीन की संलप्तिता रही जो कि कर्मचारी आचरण नियमावली के खिलाफ है। इस प्रकरण में दोषी पाए गए अमीन आशीष कुमार व राम प्रताप सिंह के विरूद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुए ओएसडी संगीता राघव को जांच अधिकारी नामित किया गया है। इस सम्बंध में एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार की ओर से आदेश जारी किया गया है। मामले में कई अधिकारियों पर भी गाज गिर सकती है। इनमें से कई तत्कालीन अधिकारियों को भी नोटिस भेजने की तैयारी है। जांच अधिकारी से एक माह में रिपोर्ट मांगी गई है।

बता दें कि कोर्ट की फटकार के बाद करोड़ों के जमीन घोटाले में 8 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी की एफआईआर दर्ज की गई। जांच में लखनऊ विकास प्राधिकरण और सहकारिता विभाग के कुछ अधिकारियों के भी समायोजन के नाम पर भूखंड पाने का खुलासा हुआ है। आरोप है कि भूमाफिया गैंग के साथ मिलकर समिति के नाम पर फर्जी सदस्यों को जोड़ा गया। समिति की जमीनों का अवैध आवंटन और विक्रय किया। जिन जमीनों पर ये रजिस्ट्रियां हुईं, उन पर न समिति का स्वामित्व था, न कोई वैध नक्शा पास, और न ही रेरा पंजीकरण था। जांच में सामने आया है कि इस फजीर्वाड़े में एलडीए के कुछ अधिकारी भी समायोजन के नाम पर लाभ ले चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक, जमीनों के आवंटन में कुछ अफसरों को भी भूखंड आवंटित हुए, जिन पर कभी जांच की आंच लग सकती है।

एलडीए ने खुद अपने पत्र में स्वीकार किया था कि समिति को कोई वैधानिक अधिकार नहीं था रजिस्ट्री कराने का, और 2021 में डीएम लखनऊ ने भी रजिस्ट्रियों पर रोक लगा दी थी।

# मोहनलालगंज में 4 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त, अवैध निर्माण सील

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को मोहनलालगंज में अभियान चलाकर लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 04 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। इसके अलावा काकोरी, पारा, आलमनगर, सैरपुर व बीकेटी में 08 अवैध निर्माण सील किये गये। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई प्रवर्तन जोन-2, जोन-3 एवं जोन-4 की टीम ने की। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी विराग करवरिया ने बताया कि गुड्डू सिंह, किश्वर जहां, मधुकर यादव, पीताम्बर व अन्य द्वारा मोहनलालगंज के इन्द्रजीत खेड़ा में चार अलग-अलग स्थानों पर लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी।

एलडीए से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन चारों अवैध प्लाटिंग को अभियान चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि पियूष, मनोज, रज्जन, पिंटू, धर्मेन्द्र पटेल, संदीप, अरविंद कुमार व अन्य द्वारा काकोरी, पारा व आलम नगर में 06 स्थानों पर अवैध रूप से रो-हाउस भवन व व्यावसायिक भवनों का निर्माण कराया जा रहा था।

एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे उक्त निर्माण कार्यों को सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि मो0 रहीस, अनीस व अन्य द्वारा सैरपुर में आई0आई0एम0 पेट्रोल पम्प के पास 2500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं, विनोद तिवारी द्वारा बीकेटी के ग्राम-भौली में रैथा रोड पर 1000 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। अवैध रूप से किये जा रहे इन निर्माण कार्यों को सील कर दिया गया।

# आबादी के बीच अवैध रीसाइक्लिंग फैक्ट्री से लोग नाराज




**लखनऊ।** इंदिरा नगर के सुगामऊ क्षेत्र में घनी आबादी के बीच कूड़ा रिसाइकल कर दाना बनाने वाली अवैध फैक्ट्री बेखौफ संचालित हो रही है। प्लास्टिक और पालीथिन को गलाकर दाना बनाने की मशीन भी लगाई गई है, जो अभी चालू होने वाली है।

इसके लिए बिजली का कनेक्शन (दस हार्सपावर) का ले लिया गया है। यह जगह भी संदिग्ध बांग्लादेशियों की बस्ती से कुछ ही दूरी पर है। पूर्व पार्षद इंदिरा प्रदर्शनी वार्ड रामकुमार वर्मा ने इसकी शिकायत जोन 7 के जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद से की है। साथ ही इंदिरा नगर थाने में भी प्रार्थना पत्र भी दिया है। अब तक नगर निगम और पुलिस विभाग की ओर से कोई कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि आबादी के बीच फैक्ट्री से उठने वाली दुर्गंध और धुएं ने क्षेत्र का माहौल दूषित कर दिया है। फैक्ट्री के बिल्कुल पास स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सरकारी प्राथमिक विद्यालय भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। स्कूलों ने भी शिकायत की है कि बच्चों को सांस लेने में परेशानी हो रही है।

- **पूर्व पार्षद ने की शिकायत**

बताया जा रहा है कि यहां अवैध बांग्लादेशियों से कूड़ा खरीदकर रिसाइक्लिंग करवाया जा रहा। इन्हीं लोगों के माध्यम से कबाड़ और प्लास्टिक की आपूर्ति फैक्ट्री तक पहुंचती है। राम कुमार वर्मा ने कहा कि घनी आबादी में इस तरह की फैक्ट्री सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होना विभागों की कार्यशैली पर सवाल उठाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत के बिना ऐसी फैक्ट्री चल ही नहीं सकती।

शिकायतों के बावजूद दोनों विभागों का मौन भ्रष्टाचार की आशंका को गहरा कर रहा है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की है।

# लखनऊ से 26 फ्लाइटें निरस्त, परेशान रहे यात्री





**लखनऊ।** लखनऊ से आने-जाने 26 फ्लाइटें सोमवार को भी निरस्त रहीं। हालांकि, ज्यादातर फ्लाइटों के निरस्त होने की पूर्व सूचना मिलने का असर यह हुआ कि अमौसी एयरपोर्ट पर यात्रियों की भीड़ कम रही। वहीं, 410 यात्रियों ने अपने टिकट झल्लाकर रद्द करा दिए। गोरखपुर से भी हैदराबाद और बेंगलुरु की फ्लाइटें निरस्त रहीं। अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लगातार छह दिनों से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। पिछले एक सप्ताह में करीब 150 फ्लाइटें निरस्त हुई हैं। करीब सवा लाख यात्री इससे प्रभावित हुए हैं। उनके परिजनों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोमवार को निरस्त होने वाले विमानों में दिल्ली की पांच, बेंगलुरु की चार, मुंबई की तीन, कोलकाता की दो, अहमदाबाद की दो, हैदराबाद की दो, पुणे की एक व चंडीगढ़ की एक उड़ान प्रमुख रूप से शामिल हैं।

सोमवार को भी एयरपोर्ट पर पहुंचे यात्री इंडिगो एयरलाइंस के प्रति काफी नाराज दिखे। उनका कहना था कि उन्हें विमान कैंसिल होने की ऑनलाइन कोई जानकारी नहीं मिली। लेकिन जब वह एयरपोर्ट स्थित इंडिगो काउंटर पर पहुंचे तब पता चला कि उनकी उड़ान रद्द है। उन्हें मंगलवार या बुधवार का समय दिया गया है। जिसकी वजह से दूर से आने वाले यात्रियों को यहां होटल में किराए पर ठहरना पड़ेगा। इससे उनका खर्चा बढ़ गया है। एयरपोर्ट पर मौजूद लखनऊ की राधिका अवस्थी ने बताया कि वह मॉरीशस जा रही हैं लेकिन उनकी फ्लाइट कैंसिल है जबकि बेंगलुरु से आगे की फ्लाइट कंफर्म दिख रही है। उन्होंने कहा कि यहां पर इंडिगो एयरलाइंस वाले कुछ नहीं बता रहे हैं। इसी तरह बेंगलुरु के अंजुम पाशा ने बताया कि वह पिछले 5 दिनों से यहां फंसे हुए हैं। उन्हें इंडिगो एयरलाइंस द्वारा कोई जानकारी नहीं दी जा रही। उन्होंने कहा कि होटल में किराए पर रुके हैं, उसका किराया भी काफी महंगा देना पड़ रहा है। इसी तरह दुबई जाने वाले गोरखपुर के सुनील ने बताया कि उन्हें पहले कोई जानकारी नहीं दी गई। जब वह लखनऊ एयरपोर्ट पर पहुंचे तब इंडिगो काउंटर पर बताया गया कि उनकी अहमदाबाद की फ्लाइट कैंसिल है। सोमवार को भी काफी तादाद में लखनऊ आने जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ाने रद्द होने के कारण तमाम यात्री काफी परेशान रहे, उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। सोमवार को रद्द हुई इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों में मुंबई से बीती रात 12:35 बजे लखनऊ आने वाली 6ई5254, पुणे से सुबह 6 बजे लखनऊ आने वाली 6ई 338, बेंगलुरु से सुबह 9:45 बजे लखनऊ पहुंचने वाली 6ई 6353, दिल्ली से शाम 5:45 बजे लखनऊ आने वाली 6ई 2159, अहमदाबाद से शाम 5:50 बजे लखनऊ आने वाली 6ई 935 और गुवाहाटी से देर शाम 7:25 बजे लखनऊ आने वाली 6ई 6552 और लखनऊ से शाम 4:50 बजे बेंगलुरु जाने वाली 6ई 435, शाम 6:30 बजे अहमदाबाद जाने वाली 6ई 6968, शाम 7:20 बजे दिल्ली जाने वाली 6ई 6615, रात 8:30 बजे चंडीगढ़ जाने वाली 6ई 6552, रात 8:45 बजे बेंगलुरु जाने वाली 6ई 5354, रात 9:40 बजे मुंबई जाने वाली 6ई 5201 और रात 9:55 बजे हैदराबाद जाने वाली 6ई 6166 सहित लखनऊ आने जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की 22 उड़ानें रद्द रहीं।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# एवरेडी कंपनी के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर की चाकू से गला रेत कर हत्या

संवाददाता

**लखनऊ।** बीबीडी थाना क्षेत्र के सलारगंज ग्रीन सिटी में एवरेडी कंपनी के एक्सक्यूटिव इंजीनियर की चाकू से गला रेट कर निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या आरोपी महिला उसके साथ बीते 8 साल से लिविंग रिलेशन में रह रही थी। महिला की दो बेटियां भी साथ रहती थीं।

- **लिविंग रिलेशन में रहने वाली महिला और उसकी दो बेटियों पर लगा हत्या का आरोप**
- **पुलिस ने तीन हत्यारोपी को किया गिरफ्तार, हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद**

हत्यारोपी महिला ने ही पुलिस को इसकी सूचना दी। बताया की हमने उसे मार दिया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू और बरामद कर लिया है। पुलिस हत्या आरोपी महिला और उसकी दोनों बेटियों को हिरासत में ले लिया है। जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि इन तीनों ने मिलकर इसकी हत्या की। इसमें से एक नाबालिग लड़की है।

मूल रूप से देवरिया जनपथ का रहने वाला सूर्य प्रताप सिंह (35) पिता नरेंद्र सिंह एवरेडी कंपनी के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर था। उसके पिता एक निजी अस्पताल में चालक हैं। पिता जानकीपुरम में रहते हैं। लगभग 12 साल पहले जानकीपुरम की ही रहने वाली रत्ना देवी के दो बेटियों को वह टायूशन पढ़ाने जाया करता था। इस बीच रत्ना के पति की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह काफी शराब पीता था। पति की मौत के बाद रत्ना की नजदीकियाँ सूर्य प्रताप सिंह से बढ़ी। कुछ माह बीतने के बाद सूर्य प्रताप रत्ना देवी उसकी बेटी जानव्ही (17) और अनुष्का (15) को लेकर बीबीडी थाना क्षेत्र के सलारगंज स्थित ग्रीन सिटी कॉलोनी में शिफ्ट हो गया। कॉलोनी के लोगों ने बताया कुछ दिनों से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। रविवार की शाम सूर्य के पिता नरेंद्र भी उसे समझाने पहुंचे थे। रविवार की देर रात जब सूर्य अपने कमरे में सो रहा था तभी रत्ना ने चाकू से उसका गला रेत दिया। चाकू उसके सीने पर भी मारा गया था। चर्चा तो यह भी है कि सूर्य के प्राइवेट पार्ट को रत्ना ने काट दिया। रत्ना ने सुबह 9 बजे खुद ही पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाते ही बीबीडी पुलिस मौके पर पहुंची। उसके बाद डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह, फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुँच गई। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू को बरामद कर लिया है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि फिलहाल रत्ना ने हत्या के पीछे आपसी विवाद का कारण बताया है।





**रत्ना ने सूर्य पर मकान अपने नाम करने का बनाया था दबाव :** लगभग 12 साल से सूर्य प्रताप सिंह के साथ लिविंग रिलेशन में रहने वाली रत्ना को अचानक ऐसा क्या लगा कि उसने उसे सहारा देने वाले सूर्य को मौत के घाट उतार दिया। सूर्य की हत्या के दौरान रत्ना की दोनों बेटियां मौके पर मौजूद थीं। सूर्य प्रताप के परिजनों ने बीबीडी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सलारगंज स्थित यह मकान सूर्य प्रताप के नाम था। रत्ना अक्सर उसपर उक्त मकान को अपने नाम करने का दबाव बनाती थी। चर्चा इस बात की हो रही है की सूर्य काफी चतुर था और माँ और बेटी के साथ भी था उसके आंतरिक संबंध थे। इस बात की जानकारी जब रत्ना को हुई तो रत्ना काफी आक्रोशित हो गई। उसने अपनी दोनों बेटियों के साथ मिलकर उसे मारने का प्लान बनाया, और रविवार देर रात चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी। इतना ही नहीं उसने सूर्य की हत्या करने के बाद भागने का कोई प्लान नहीं किया। उसने खुद ही पुलिस को हत्या की सूचना दी। इस घटना ने लिविंग रिलेशन के रिस्तों पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि सभी पहलुओं की जाँच की जा रही है।

## मृत अवस्था में युवक को लोकबंधु अस्पताल में लावारिस छोड़कर एम्बुलेंस फरार

संवाददाता

**आलमबाग।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित बारावीरवा में संचालित एक निजी अस्पताल की एम्बुलेंस ने सोमवार सुबह मृत अवस्था में एक युवक का शव लावारिस रूप में लोकबंधु अस्पताल में छोड़ चले गए। वही एम्बुलेंस कर्मियों की यह करतूत अस्पताल में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई। मृतक के पास से मिले मोबाइल फोन से मृतक की पहचान हो सकी। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कृष्णा नगर क्षेत्र के बरीगंवा बारावीरवा क्षेत्र में स्थित एक निजी एसकेडी अस्पताल में सोमवार सुबह ऑटो से इलाज कराने पहुंचे एक युवक की अचानक से हालत बिगड़ गई अस्पताल स्टाफ ने अस्पताल के एम्बुलेंस से युवक को पास में स्थित लोकबंधु अस्पताल भेज दिया इस बीच युवक की मौत हो चुकी थी, निजी एम्बुलेंस युवक को लोकबंधु अस्पताल के इमरजेंसी में छोड़कर भाग खड़े हुए।

लोकबंधु अस्पताल प्रशासन ने लावारिस अवस्था में युवक को मृत देख स्थानीय पुलिस को सूचना दे जामा तलाशी लिया तो युवक के पास से मोबाइल फोन मिला जिससे मृतक के परिजनों को जानकारी दी गई। मोबाइल आधार पर मृतक की पहचान दरोगा खेड़ा थाना सरोजनीनगर निवासी कर्मवीर सिंह (37) पुत्र स्व जगन्नाथ सिंह के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में पत्नी अंजू एक बेटा युवराज (13) व एक बेटी प्रज्ञा (10) है मृतक हजरतगंज स्थित एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने इस मामले में बताया कि युवक की मौत कैसे हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही स्पष्ट हो सकेगा। निजी अस्पताल ने किस दशा में उसका इलाज क्यों नहीं किया और अस्पताल का एम्बुलेंस लावारिस अवस्था में राजकीय अस्पताल में छोड़ क्यों फरार हो गया इन पहलुओं पर जांच की जा रही है। मृतक के परिजन अस्पताल के खिलाफ शिकायत करेंगे तो विधिक कार्यवाही किया जाएगा।

- **निजी अस्पताल की थी एम्बुलेंस, फुटेज कैमरे में कैद,**
- **अस्पताल की सूचना पर पहुंची स्थानीय कृष्णानगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**अधिकारियों ने रेल सेवा ज्वाइन की : लखनऊ।** सोमवार को सिविल सेवा 2025 के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने भारतीय रेल प्रबंधन सेवा (इरिटेम) के तृतीय बैच ने भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान (आईआरएमएस) में अपनी सेवा ज्वाइन कर, भारतीय रेल में शामिल हुए। इस अवसर पर संस्थान के अपर महानिदेशक संजय त्रिपाठी उपस्थित थे।

**सूचना**

सूचित हो कि हम अपने पुत्र लवकुश साहू के गलत व्यवहार व आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। उसके द्वारा भविष्य में किये गये किसी भी कृत्य अथवा लेन-देन से मेरे व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। लालता साहू पुत्र बंशी व श्रीमती ऊषा पत्नी लालता साहू निवासीगण 300अ, बरावन कला, आंशिक, काकोरी, लखनऊ।

**सूचना**

मेरा नाम चेतराम है। त्रुटिवश इंडियन बैंक खाते में मेरा नाम चिंताराम दर्ज है। अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम चेतराम पुत्र जवाहिर लाल निवासी लालपुर महरी, चहलवा जनपद श्रावस्ती है जोकि सही है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है। अब से मुझे चिंताराम नाम से ही जाना-पहचाना जायें।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री के इण्टर मीडिएट के प्रमाण पत्र में गलती से पिता के नाम में अच्छे लाल के साथ अच्छे लाल चौरसिया और माता के नाम शशि देवी में शशि चौरसिया अंकित हो गया है। पिता का सही नाम अच्छे लाल एवं माता का सही नाम शशि देवी है। पुत्री के प्रमाण पत्र में पिता का नाम अच्छे लाल एवं माता का नाम शशि देवी अंकित किया जाये। अच्छे लाल पुत्र गुलाब चौरसिया वार्ड नं. 11, 42 पट्टी बाँसगाँव, पोस्ट-बाँसगाँव, जिला-गोरखपुर।

## हैकरों ने 42 दिन में खाताधारक के बैंक खाते से उड़ाये 8,14,625 रुपये, मुकदमा दर्ज

**आलमबाग।** आलमबाग कोतवाली इलाके मे रहने वाले एक निजी बैंक खाताधारक के बैंक खाते से हैंकरों ने अलग अलग तिथियों मे 42 दिन मे 8,14,625 रुपए पार कर हडप लिये। आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित आनन्द नगर पुराना जेल रोड लखनऊ निवासी प्रेम नारायण पांडे पुत्र राजकुमार पांडे के अनुसार उनका बैंक खाता बैंक आफ बड़ौदा पटेल नगर शाखा मे है। पीड़ित का कहना था 1 दिसम्बर को जब वह अपना पास बुक उक्त बैंक शाखा मे इंट्री कराने गए तब उन्हें उनके उक्त खाते से अलग-अलग तिथियों में 12 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक 8,14,625 रुपये निकाल जाने की जानकारी हुई। जिस पर उन्होंने स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित खाताधारक की शिकायत पर रविवार को आईटी एक्ट की धारा मे मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## जालसाजों ने महिला डाक्टर से ऑनलाइन ठगे 20 हजार रुपये, मुकदमा दर्ज

**आलमबाग।** कृष्णानगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक महिला डाक्टर को जालसाजों ने निशाना बना अंकल बन ऑनलाइन 20 हजार रुपये ठगी कर हड़प लिया। कृष्णानगर कोतवाली इलाके स्थित नन्दनगर नटखेडा, आलमबाग निवासी डा मनीषा थारू के अनुसार वह अनुभाग अधिकारी, बीएसआईपी लखनऊ में है। वही पीड़िता का कहना था। बीते 2 दिसम्बर मंगलवार को वह कार्यालय का कार्य कर रही थी। उस दौरान उनके पास कालर ने अंकल बन उनके पापा को 5 हजार रुपये भेजने की बात कह यूपीआई नहीं हो पाने की बात कह 1 रुपये करके लगातार 5 बार 1 रुपये भेजे उससे पैसे आ गए कंफर्म करा 50 हजार रुपये का मैसेज भेजा गलती से 5 हजार की जगह उसे 50 भेज देने की बात कही और उससे 45 हजार रुपये वापस दो बार में पैसे भेजने को कहा। जिसपर उसने ठग के बताए अनुसार 20 हजार रुपये भेज दिए। लेकिन बाद में उसे अपने साथ धोखाधड़ी का एहसास हुआ। जिसके पश्चात उसने तुरंत अपने बैंक अकाउंट को सीज करा साइबर सेल कन्ट्रोल नम्बर पर ऑनलाइन शिकायत करने के साथ स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर सोमवार को आईटी एक्ट की धारा मे मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## बैंक कर्मचारी के घर ताला तोड़ चोरों ने उड़ाये कीमती गहने, मुकदमा दर्ज

आलमबाग। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाले एक बैंक कर्मचारी के घर ताला तोड़ चोरों ने कीमती गहने चोरी की घटना को अंजाम दे फरार हो गए। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित भोलाखेड़ा निवासी स्वयं गोस्वामी पुत्र रवीन्द्र कुमार गौतम के अनुसार वह मूल रूप से रुद्रपुर विसैन नगर कोतवाली गोण्डा के रहने वाले है और पेशे से बैंक कर्मचारी है। बीते 30 नवम्बर की रात्रि वह अपने परिवार के साथ शादी में शामिल होने गये थे। 3-4 दिनों के बाद वापसी के दौरान उनके घर का ताला तोड़ चोरों ने कीमती गहनों एक सोने की चैन, हार, दो अंगुठी, चांदी की बिछिया, पायल सहित अन्य सामान चोरी चला गया। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली मे पुलिस से शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया पीडित बैंक कर्मचारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## कार सवार दबंगों ने अधिवक्ता मित्र संग ऑटो चालक को पीटा

संवाददाता (vol)

**आलमबाग।** कृष्णा नगर कोतवाली में बीते शनिवार देर शाम कार सवार दबंगो ने अपने अधिवक्ता मित्र को बुला आटो चालक की जमकर पिटाई करने के साथ उसे धमकी दे फरार हो गए। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया बदालीखेडा थाना सरोजनीनगर निवासी सनी कश्यप पुत्र द्वारिका कश्यप के अनुसार वह पेशे से आटो चालक है।

बीते 6 दिसम्बर की शाम करीब सात बजे वह अपनी आटो संख्या यूपी 32 आर एन 8916 से एलडीए कालोनी से एक सवारी लेकर राजाजीपुरम जा रहा था। आरोप है कि उस दौरान कृष्णा नगर थाना क्षेत्र स्थित एलडीए मोड पर एक बस मुड रही थी तभी एक सफेद रंग की कार पर सवार दो युवकों ने उसे आटो से बाहर निकालकर गाली गलौज करने लगे और फोन कर अपने एक साथी को बुला उसकी जमकर पिटाई कर उसे धमकी दे फरार हो गए। वही पीडित ई रिक्शा चालक का कहना था उक्त पिटाई के दौरान एक युवक अपना नाम दुर्गेश कुमार वकील के रूप मे दे उसे धमकी दे रहा था। घटना मे तीन युवक शामिल थे। उसके सर पर काफी गम्भीर चोट आई है जिसके चलते उसने नजदीकी लोकबंधु अस्पताल मेअपना प्राथमिक उपचार कराने के बाद स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस से लिखित शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया पीडित आटो चालक की शिकायत पर रविवार को मुकदमा दर्ज कर आरोपित कार सवार युवकों सहित उसके वकील साथी की तलाश की जा रही है।

## चोरी से काटे गये प्रतिबंधित पेड़




**माल।** माल इलाके के कमाल पुर लोधौरा गाँव मे चोरी से प्रतिबंधित पेडों को काटे जाने शिकायत के वावजूद भी पुलिस ने नहीं दर्ज किया मुकदमा। माल थाना क्षेत्र के कमाल पुर लोधौरा गाँव निवासी रमेश चंद्र पुत्र छेदू के दस पेड़ आम व एक पेड़ नीम का बीती 6 दिसंबर को ठेकेदार निसार, अजय सिंह, हरिद्वारी ने चोरी से पेडों को काटकर लकड़ी उठा ले गये थे। जिसकी सूचना वन विभाग को हुई। जिसकी शिकायत वन रक्षक दिलाप सिंह ने थाने लिखित शिकायत की थी। लेकिन पुलिस ने समाचार लिखे जाने तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया। वहीं इस समबन्ध मे थाना प्रभारी से बात की गयी तो बताया कि जानकारी मे नहीं हैं वन विभाग द्वारा तहरीर दी गई हैं तो मुकदमा लिखा जायेगा।

## विवाहिता ने पति पर लगाया प्रताड़ना और दूसरी शादी का आरोप

**आलमबाग।** आशियाना थाना इलाके में रहने वाली एक विवाहिता ने पति पर प्रताड़ना और दूसरी शादी का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित देवीखेड़ा निवासी काजल प्रजापति, पुत्री स्व. पुत्तीलाल प्रजापति के अनुसार उसकी शादी बीते 18 अप्रैल वर्ष 24 को आदर्श प्रजापति पुत्र स्व. बीनू प्रजापति निवासी सरोजनी नगर लखनऊ के साथ रीति रिवाज से हुई थी।

दहेज मे उसके परिवार ने 30 हजार रुपये तिलक और 2.5 लाख रुपये का सामान दिया था। आरोप है उसके विवाह उपरांत उसके पति और सास ने उससे और पैसा लाने के लिए दबाव बना उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जिसके चलते वह परेशान होकर अपने मायके चली आयी उस बीच उसके पति सहित ससुरालीजन सरोजनी नगर का मकान छोड़कर कानपुर चले गए और उसके पति ने दूसरी लड़की से शादी कर ली है और वह उसके साथ कानपुर में रह रहा है। जब उसके परिवार के लोग उसके पति सहित ससुरालियों से बात करने गए तो उन्होंने गालियाँ दे उसके मायके पक्ष को जान से मारने की धमकी दे भगा दिया। वही पीड़ित विवाहिता का कहना था उसके माँ, भाई व रिश्तेदार जब उसके पति से बात करने गए तो पति आदर्श प्रजापति, उनकी माँ व बहन उनके संग गालियाँ देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए उसे संग रखने से इंकार करने के साथ सामान व पैसा वापस करने से मना कर दिया। जिसके चलते उसने स्थानीय आशियाना थाने मे पति आदर्श प्रजापति सहित सास मालती देवी व नंद पर दहेज प्रताडना का आरोप लगा लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित विवाहिता की शिकायत पर जांच के बाद रविवार को मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## विदाई कार्यक्रम में शामिल व्यक्ति को नशे में धुत ड्राइवर ने पीटा

**आलमबाग।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में बीते गुरूवार रात्रि पत्नी की भतीजी के विदाई कार्यक्रम मे शामिल एक व्यक्ति की नशे में धुत ड्राइवर ने जमकर पिटाई कर दी और धमकी दे फरार हो गया। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित बाराबिरवा निकट पिकेडली निवासी प्रीती गुप्ता पत्नी रामलाल के अनुसार बीते 4 दिसम्बर को उनकी भतीजी के विदाई का कार्यक्रम था। जिसमे उनके पति वहां कार्यक्रम में शामिल थे। आरोप है कि विदाई कार्यक्रम के दौरान ड्राइवर कल्लू ने रात्रि करीब 9 बजे नशे की हालत में वहां पहुंच उसके पति संग गाली गलौज करने के साथ पति रामलाल को टेण्ट के बाहर ले जाकर जमकर पिटाई करने के साथ धक्का देकर जान से मारने की धमकी दे फरार हो गया। वही पीड़ित की पत्नी का कहना था उक्त पिटाई से उसके पति की रीढ़ में गम्भीर चोट आई है। जिनका उसने मेडिकल कालेज लखनऊ में इलाज कराने के बाद स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली मे लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की पत्नी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से पलटा ठेला

लखनऊ। सरोजनी नगर क्षेत्र में दिनोंदिन अराजकता का महौल पनपता ही जा रहा है।, विगत दिनों जहाँ देशी तमन्चे से गोली चलाई गयी।, वहीं राह चलते मारपीट करना लोगों का फैशन ही बन गया है। पूरननगर, आलमबाग निवासी आलोक कुमार पाल अपने साथी सत्यम पाल के साथ ट्रैक्टर में बैठकर, पाल खेड़ा से गड़रियन खेड़ा रविवार को सांयकालीन 5.00 बजे जा ही रहा था कि रास्ते में लोनहा निवासी अयोध्या प्रजापति अपना ठेला लेकर पिपरसण्ड की ओर से आ रहे थे।

## 16 सोलर पैनल स्टार्टर सहित यूरिया हुई चोरी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर क्षेत्र के अन्र्तगत बिजनौर थानान्र्तगत चोरों का जहाँ आतंक जाड़ा होते ही शुरू हो गया, वहीं पुलिस की चाक चौबन्द व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लग रहा है। थाना क्षेत्र में कई चोरियों को अंजाम देकर गिरफ्त से बचे रहने से चोरों का हौसला दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। किसान द्वारा अपने खेतों की सिंचाई हेतु सोलर पैनलों के माध्यम से कृषि कार्य करते है। वहीं चोरों की तिरक्षी नजर पड़ते ही रात्रि में सोलर पैनलों को चुराकर उन्हें औनपौने दामों में विक्रय करके, किसान की फसल सिचाई में बाधक बन रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चोर चोरी किये गये सोलर पैनलों को क्षेत्र में स्थित कबाड़ का कार्य करने वालों के माध्यम से विक्रय कर उन्हें ठिकाने लगा देते हैं। ऐसी ही एक घटना शनिवार की रात्रि नटकुर पुलिस चौकी क्षेत्र के नटकुर गाँव की ही कृषि भूमि में, शिवशंकर सिंह अपने खेतों की सिंचाई हेतु 16 सोलर पैनल लगाकर टयूबवेल चलाकर सिंचाई का कार्य करते हैं, उक्त खेतों की देखभाल गाँव के ही विक्रम सिंह करते हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/ इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु, आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है :- (1) ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2025-191 (Two Packet System), कार्य का नाम : कवर शेड के साथ रैंप के साथ पहले फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान (स्टेशन 4), एनएसजी-3 स्टेशन- बभनजोतिया (बीएनजीजे), रफीनगर (आरएफआर) और सिहापार (एसआईपीआर) और एनएसजी-6 स्टेशन- चिल्हिया (सीआईएच), अनुमानित लागत (₹) : 14,58,36,182.00, अग्रिम धन (₹) : 8,79,200.00, समापन अवधि -15 माह (2) ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2025-192, कार्य का नाम : (1) गोंडा-सुभागपुर-TRR(P)-4.600 Km. (Km 213/4-218/0=4.6 Kms). (2) आनंदनगर-बढ़नी-TRR(S) BG-लूप्स-7.3 km. सीनियर DEN-HQ-LJN के अधिकार क्षेत्र में. (3) गोरखपुर-नकहा जंगल ISD-5.900 km (GKP-JEA-लाइन-km 0/0-0/9 में = 0.90 kms और 1/5-6/5=5.00 kms) सीनियर DEN/I/LJN के अधिकार क्षेत्र में., अनुमानित लागत (₹) : 3,90,06,450.00, अग्रिम धन (₹) : 3,45,000.00, समापन अवधि -09 माह 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2025-191 - 192 के लिये ई-निविदा दिनांक 30.12.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम् अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाईट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,
मुजाधि/डब्ल्यू-357 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अमेठी विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2023-24/ दिनांक 08.12.2025

**अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अमेठी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 15.12.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालू | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | इण्टर लाकिंग टायल्स | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | महादेव डामर रोड से निर्मल के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 11.60 घन मी. | 6295 नग | 23.20 घन मी. | 7439 नग | 86 बैग | 4.16 घन मी. |
| 2 | संतोष के घर से मनीराम के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 23.20 घन मी. | 9713 नग | 46.41 घन मी. | 14879 नग | 158 बैग | 6.60 घन मी. |

नियम शर्ते :-

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत अमेठी के कार्यालय में 09.12.2025 से 15.12.2025 तक रुपये मूल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत अमेठी के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 09.12.2025 से दिनांक 15.12.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत अमेठी के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 15.12.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

ह.
जुगुलकिशोर-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अमेठी
विकास खण्ड धौरहरा

ह.
चन्द्रशेखर-ग्रा.वि. अधिकारी
ग्राम पंचायत अमेठी
विकास खण्ड धौरहरा

## युवती ने फंदे से लटक कर दी जान

**गोसाईंगंज।** गोसाईंगंज इलाके में एक मानसिक रूप से बीमार युवती ने छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटक कर जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के मुताबिक गोसाईगंज स्थित जलौंदी नगर की रहने वाली आरती (21) का बीते 3 साल से नूर मंजिल से मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा था। पिता पप्पू यादव ने बताया उनकी बेटी का नूर मंजिल से मानसिक इलाज चल रहा था जिसके चलते 3 साल पहले हाई स्कूल फेल होने के बाद बेटी ने पढ़ाई छोड़ दी थी वह घर पर ही रहती थी। सोमवार सुबह आरती मां मालती देवी के साथ सुबह मंदिर दर्शन करने के लिए गई थी उसके बाद धूप सेकने के लिए घर वाले छत पर बैठे थे इस बीच वहां कमरे में चली गई थोड़ी देर बाद मां मालती देवी जब उसे कमरे में देखने गई तो अपनी बेटी को दुपट्टे कुंडे के सहारे लटकता देख जोर से चीख पड़ी उसकी रोने की आवाज सुनकर घर के अन्य सदस्य भी आ गए घर में कोहराम मच गया घटना की पुलिस को सूचना दी। आरती तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थी।

## नये बिजली व बीज विधेयक की प्रतियां जलाकर केकेयू ने जताया विरोध

**लखनऊ।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर नये बिजली और बीज विधेयक की देश भर में प्रतियां जलाकर किसानों ने विरोध जताया। चिनहट देवा रोड स्थित शिवपुरी पावर हाउस में क्रांतिकारी किसान यूनियन ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान दोनों विधेयकों के मसौदे की प्रतियां जलाकर का विरोध जताया गया। इस मौके पर यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष रामनयन यादव ने कहा कि केंद्र सरकार जो नया बिजली बिल लेकर आई है, उसमें बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण को सरकारी क्षेत्र से समाप्त कर निजी कम्पनियों को सौंपने का प्रावधान है। इस काले कानून के लागू होने पर अब बिजली आपूर्ति कम्पनियों के मुनाफे की गारंटी करने के सिद्धान्त पर की जाएगी। बिजली बिल के माध्यम से केंद्र सरकार पूरे बिजली क्षेत्र को निजी कंपनियों के हवाले कर कॉरपोरेट्स की अंधी लूट का रास्ता साफ कर रही है। जो सरकार किसानों को न्यूनतम, मुनाफा जनक फसल मूल्य निर्धारित नहीं कर रही, जो मजदूरों को जीने वाली न्यूनतम मजदूरी की गारंटी नहीं कर रही, वो कम्पनियों के मुनाफे को बढ़ाने के लिए गरीब मेहनतकश जनता से बिजली की मंहगी वसूली करने का कानून लेकर आयी है।

## सार्वजनिक जल निकासी का मार्ग अवरुद्ध

**मलिहाबाद, लखनऊ।** ग्राम अमृतखेड़ा मजरा उमरावल में वर्षों से घरों के पानी की निकासी के लिए उपयोग हो रही ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी मलिहाबाद से शिकायत कर हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीण बृजेश कुमार और मुकेश कुमार द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि सदियों से गांव का निकासी जल खसरा संख्या 804 एवं 804-सा, जो कि खाद गड्ढा व झाड़ीदार बंजर भूमि श्रेणी में दर्ज है, उसी में जाता रहा है। लेकिन हाल के दिनों में गांव के ही कुछ लोगों—बाबू पुत्र उमन, प्रकाश पुत्र भवानी, राम भरोसे पुत्र कन्हाई तथा पूरन पुत्र द्वारिका ने इन सरकारी भूखंडों पर कब्जा कर खेती करना शुरू कर दिया है।

## 22 चमगादड़ बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



**मलिहाबाद, लखनऊ।** रहीमाबाद पुलिस ने सोमवार को दरोगा चक्की चौराहा पर चेकिंग के दौरान वन्यजीव तस्करी करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनकी पीली बोरी से 22 बरनबट चमगादड़, एक रेजर आरी और रस्सी बरामद की। बरामद चमगादड़ों को वन विभाग की टीम के सुपुर्द कर दिया गया है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक के अनुसार, चेकिंग के दौरान संदिग्ध रूप से मोटरसाइकिल से जाते दो युवकों को रोका गया। तलाशी में बड़ी संख्या में संरक्षित वर्ग की चमगादड़ मिलीं। पूछताछ में आरोपियों की पहचान राहुल (निवासी भाईदास खेड़ा) और विशाल कुमार (निवासी भिखारी खेड़ा, रहीमाबाद) के रूप में हुई। दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अवैध शिकार की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। उनकी मोटरसाइकिल को भी एमवी एक्ट के तहत जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-SLN-Toi-148-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-PRG-Toi-24-25-2 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.12.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Closed Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3801/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ख्याल, तराना, ध्रुपद, धमार, ठुमरी, दादरा की प्रतिस्पर्धाओं में बाल व किशोर वर्ग ने दिखाया हुनर

## ख्याल तराना वर्ग में लखनऊ के अर्थव मिश्र रहे अव्वल, ठुमरी दादरा वर्ग में गाजियाबाद की शौर्याश्री और ध्रुपद धमार वर्ग में अयोध्या के अक्षत सिंह प्रथम आये









वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता का दूसरा चरण 08 से 11 दिसम्बर तक अकादमी के संत गाडगे जी ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार 8 दिसम्बर को ख्याल, तराना, ध्रुपद, धमार, ठुमरी, दादरा, की बाल वर्ग की प्रतियोगिताएं हुईं। इस क्रम में मंगलवार 9 दिसम्बर को किशोर वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी।

ख्याल तराना वर्ग में लखनऊ के अर्थव मिश्र प्रथम, आगरा की नैन्सी दीप द्वितीय और झांसी की आनन्दमयी शर्मा तृतीय रहीं वहीं ठुमरी दादरा वर्ग में गाजियाबाद की शौर्याश्री प्रथम और विन्ध्याचल की ऋत्विका सिंह द्वितीय रहीं। ध्रुपद धमार वर्ग में अयोध्या के अक्षत सिंह प्रथम और अतर्रा की आन्या सिंह द्वितीय रहीं। यह प्रतियोगिता अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह एवं निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर सहित आमंत्रित निर्णायक, खंडवा के रोमिल जैन, ग्रेटर नोएडा की नबनिता चौधरी और दिल्ली के पंडित राधा गोविंद दास की उपस्थिति में हुई। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के हुनर की प्रशंसा की वहीं मशविरा भी दिया कि उन्हें तानपुरे और माइक के साथ लय बैठाने का गुण भी आत्मसात करना होगा। रेनू श्रीवास्तव और डॉ. पवन तिवारी के संयोजन में हुई इस प्रतियोगिता का मंच संचालन राजेन्द्र विश्वकर्मा ने कुशलता के साथ किया।

बाल वर्ग के ख्याल तराना वर्ग की शुरूआत कानपुर की दैव्या गुप्ता के ख्याल पियरवा मोसे करत है रार से हुई। दैव्या ने इसे पूरी दक्षता के साथ, राग पूरिया धनाश्री में सुनाकर अपनी प्रबल दावेदारी पेश की। उनके कंठ स्वरों में सरगम और आरोह-अवरोह सुनते ही बने। इस क्रम में प्रयागराज के हर्षिता सुदर्शन ने राग दरबारी कान्हड़ा में ख्याल रचना घर जाने दे छाड़ मोरी बैंया, मुरादाबाद की आस्था शर्मा ने राग बिहाग में मेरो मन अटक्यो, मिजार्पुर की ख्याति खरे ने राग भीम पलासी की बेहद लोकप्रिय बंदिश ह्लजा जा रे अपने मंदिरवाह्व आगरा की नैनसी दीप ने राग दुर्गा में जय जय जय दुर्गे माता भवानी, लखनऊ के अर्थव मिश्र ने राग नट भैरव में ह्लकरो कृपा मोपेह्व और वाराणसी की सारंग मिश्रा ने राग भैरव में मेहर की नजर कीजै, देवांगना फनी ने राग यमन में साजन घर आए को पूरी तैयारी के साथ सुनाया।

गोरखपुर के कौस्तुभ केडिया ने राग भैरवी में ख्याल ह्लसांवरिया तोरी यादह्व, मेरठ के पार्थ दुआ ने राग गौड़ सारंग में देखो छेड़ो न नींद मोरी, मऊ की आंचल गोंड ने राग भैरवी में ह्लमानो कान्हा, झांसी की आनन्दमयी शर्मा ने राग हमीर में छैल छबीलाह्वऔर बांदा की खुशबू ने राग भीम पलासी में कासे कहूं जिया की बात सुनाकर निर्णायक मंडल को अपनी प्रभावी गायकी से आकर्षित किया। बाल वर्ग के ठुमरी दादरा वर्ग में विन्ध्याचल की ऋत्विका सिंह ने ठुमरी छैला रंग डारी गयो और गाजियाबाद की शौर्याश्री ने राग पीलू में पिया बिन जिया मोरा सुनाकर प्रतिस्पर्धा में प्रभावी रूप से प्रतिभाग किया। बाल वर्ग के ध्रुपद धमार वर्ग में अयोध्या के अक्षत सिंह और अतर्रा की आन्या सिंह की भी गायकी की प्रशंसा हुई।

अकादमी द्वारा वर्ष 2024-25 में सम्भागीय शास्त्रीय प्रतियोगिता का स्वर्ण जयन्ती वर्ष था, जिसमें शास्त्रीय संगीत के साथ सुगम संगीत-गजल और भजन, को भी शामिल करते हुए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रदेश के 18 सम्भाग के 21 केन्द्रों पर लगभग 900 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। वर्ष 2025-26 में आयोजित सम्भागीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता के 18 सम्भाग के 23 केन्द्रों में लगभग 1100 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों के उत्साह को देखते हुए इस साल दो नये केन्द्र लखीमपुर और फरुर्खाबाद को जोड़ा गया है।

# स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ा रहे जिम्मेदार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**माल।** सरकार स्वच्छता मिशन अभियान चला कर जनमानस को जागरूक करने पर पानी की तरह पैसा बहा रही है। वहीं देश के लिए भावी कर्णधारों को दिशा प्रदान करने वाले मिशन को पलीता लगाने का काम कर रहे हैं।

माल विकास खंड की नारायनपुर पंचायत स्थिति प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के परिसरों में गंदगी का अम्बार लगा देखा जा सकता है जबकि सरकार ने पंचायतों में ग्रामीण सफाई कर्मियों की तैनाती दो दशक पहले ही कर चुकी है। साथ ही समय समय पर ग्राम प्रधान भी सफाई के नाम पर धन का आहरण कर सरकारी धन में सेंधमारी करते रहते हैं।

वहीं नारायनपुर पंचायत स्थित दोनों परिषदीय विद्यालयों के परिसर ग्रामीणों द्वारा कचरा डंप करने का स्थल बना दिया गया है।

कुछ जागरूक ग्रामीणों ने कूड़ा डालने पर पूछे जाने पर बताया कि यदि थोड़ी भी बरसात होगी तो भयंकर बीमारी फैलने की संभावना प्रबल हो जाएगी, लेकिन दोनों स्कूलो के मास्टरों को कूड़ा नजर नहीं आ रहा है। वहीं शिक्षकों का कहना है कि जब तक हम लोग स्कूल पहुंचते हैं तब तक ग्रामीणों द्वारा कचरा बहाया जा चुका होता है। पता ही नहीं चलता कि कौन कूड़ा फेंकता है। जिम्मेदार जानबूझकर अनजान बने हुए हैं।

# सर्वधर्माय संस्थानम के प्रदेश अध्यक्ष बने शेखर कुमार

**लखनऊ।** लगातार चार महीने से समाज के सभी धर्मों/सम्प्रदाय के प्रबुद्ध लोगों की कई बैठकों के बाद सर्वसम्मति से समाजसेवी शेखर कुमार को सर्वधर्माय संस्थानम का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया। मुर्तजा अली, अनूप श्रीवास्तव, आर्किटेक्ट सुनील कुमार श्रीवास्तव, वीरेंद्र, गुरचरण सिंह, सुनीता श्रीवास्तव, संजय कुमार, सर्वेश श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र साहू, विजय सिंह, अनिल श्रीवास्तव, नरेश प्रधान, अमिताभ श्रीवास्तव, अमिताभ अस्थाना, कमल अग्रवाल, अंशु, सुमित सिंह, विवेक , डाक्टर नीरज जैन, आलोक सेकृरीवाल, मनोज कुमार, राकेश रंजन ने शेखर कुमार को बधाई दी।शेखर कुमार ने कहा कि इसकी आवश्यकता बहुत दिनों से महसूस कर रहा था कि क्यों न छोटी छोटी गलतफहमियों को आपसी संवाद के माध्यम से समाप्त करते हुए समाज के



सभी वर्गों को सम्मिलित करने के उद्देश्य से आपसी समी धर्मों/सम्प्रदाय के विचारधाराओं को एक मंच पर लाकर और एक माला में पिरोकर जबर्दस्तीकी फैली हुई गलतफहमियों व मनमुटाव को दूर कर भाई चारा व राष्ट्रीय प्रेम को सर्वोच्च रखते हुए समाज को एक नई दिशा व दशा को फलीभूत करना होगा।

महन्त देव्या गिरी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में सभी धर्मों/ सम्प्रदाय के प्रबुद्ध लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी संवाद व तालमेल बनाए रखते हुए समाज में जागरूकता के साथ साथ एक नई उर्जा का संचार होगा जिससे की समाज के सभी वर्गों के लोग लाभान्वित होंगे।

# सांस्कृतिक मंच पर छाये नन्हे कलाकार

## कथक फ्यूजन डांस कर अक्षिता दीक्षित ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कानपुर रोड आशियाना क्षेत्र स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य शेरोगेसी बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार, पूर्व सदस्य राज्य महिला आयोग सुनीता बंसल आयोजक अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, रनवीर सिंह एवं हेमू चौरसिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

सांस्कृतिक संध्या में नेचुरल टच वेलफेयर सोसाइटी संस्था की अध्यक्ष स्मृति शर्मा, सचिव प्रदीप कुमार शर्मा के निर्देशन में बालीवुड क्लासिकल डांस की सुन्दर प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक मंच पर नन्हे कलाकारों ने दिखाई अद्भुत प्रतिभा। कार्यक्रम का



शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया इसके बाद बच्चों ने बालीवुड क्लासिकल डांस कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतिभा पाडेंय, आयुषी, शिवाक्ष एवं नंन्दनी की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया।

लखनऊइट्स कनेक्ट के संस्थापक अर्पित वर्मा, सह-संस्थापक रशिका शर्मा के निर्देशन में अक्षिता दीक्षित कथक फ्यूजन डांस,डॉ खुशी राज एक्स प्रखर गुप्ता कथक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा दिया, वहीं कबीर ने सुरमई रचनाओं को पढ़ा कर श्रोताओं का दिल जीत लिया। स्टैंड अप कॉमेडी, शायरी, रैप गायन ने सांस्कृतिक संध्या को गुलजार कर दिया। इस दौरान महोत्सव समिति के मोनालिसा, रोली जयसवाल व मनोज सिंह चौहान,रोली सिंह ने नन्ही प्रतिभाओं का सम्मान किया। मंच का संचालन प्रदीप शुक्ला सहसंचालक विजय गुप्ता ने किया। इस मौके पर दर्शकों ने कलाकारों का तालियां बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया।

# उभरते गायकों को गजल गायकी का दिया जा रहा प्रशिक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी और लखनऊ फिल्म क्लब ने 8 दिसम्बर को उर्दू अकादमी के सभागार में बहार ए गजल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पद्मश्री भजन सम्राट अनूप जलोटा एवं डॉ हरिओम, आई ए एस, थे।

ज्ञात हो कि विगत लगभग दो माह से प्रख्यात गीत एवं गजल गायक मिथिलेश लखनवी जद्वारा 20 वर्ष से 75 वर्ष के उभरते गायकों को गजल गायकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। इस संबंध में मिथिलेश लखनवी ने बताया कि प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन देने हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें प्रत्येक प्रतिभागी द्वारा गजल की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में तबले पर नीतीश भारती, की बोर्ड पर ललित मैसी, सारंगी पर जीशान अहमद, ढोलक और ऑक्टोपैड पर विकास कुमार ने बेहतरीन संगत की। कार्यक्रम के उपरांत सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। लखनऊ फिल्म क्लब के निर्देशक श्री तारिक खान ने बताया कि उनका क्लब लखनऊ की संस्कृति, स्थापत्य, खानपान और विरासत को उसकी सम्पूर्णता में दर्ज करने हेतु पिछले १२ साल से नियमित रूप से फि ल्में बनाने का कार्य कर रहा है

इस अवसर पर पंडित धर्मनाथ मिश्र, उस्ताद गुलशन भारती, दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख आत्म प्रकाश मिश्र, इतिहासकार रवि भट्ट, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कपूर सहित शहर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# 18, 19, 20 दिसम्बर को होगी अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारणी बैठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित होटल ग्रांट लेक व्यू पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल के लखनऊ आगमन पर भव्य स्वागत उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा, महामंत्री अजय गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष के डी अग्रवाल, युवा प्रदेश महामंत्री अनुराग साहू, महानगर युवा अध्यक्ष प्रियंक गुप्ता, महिला अध्यक्ष रूपाली गुप्ता ने जोरदार स्वागत फटका एवं पुष्प गुच्छ देकर किया।

प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बैठक में 18,19,20 दिसम्बर को होगा अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का प्रास्ताविक राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक (2025) को लेकर विस्तृत कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा ने कहा कि विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी कार्यसमिति की बैठक का आयोजन श्री अयोध्या



धाम में आयोजित किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में देश विदेश से कार्यसमिति के सदस्यों का आगमन होगा।

बैठक में महामंत्री अजय गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष के डी गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष के डी अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, हेमंत दयाल, युवा प्रदेश महामंत्री अनुराग साहू, महानगर युवा अध्यक्ष प्रियंक गुप्ता, महिला अध्यक्ष रूपाली गुप्ता, कंचन गुप्ता, राजू साहू, अभिनव गुप्ता, अभिषेक मित्तल, तन्मय अग्रवाल उपस्थित रहे।

# सर्वोदय विद्यालय के छात्रों ने सीखे पर्यावरण संरक्षण के मूल मंत्र

**लखनऊ।** छात्रों में पर्यावरण संरक्षण की समझ विकसित करने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग की ओर से सोमवार को पर्यावरण व सस्टेनेबल जीवन शैली के सेशनों की शृंखला के तहत प्रथम इंटरएक्टिव सेशन विद्यालय और पर्यावरण पर हुआ। वर्चुअल माध्यम से हुए इस संवाद में सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. अनीता भटनागर जैन ने विभाग द्वारा संचालित 87 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के कक्षा 6 से 7 तक के विद्यार्थियों से ऑनलाइन संवाद किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

कार्यक्रम में लगभग 4000 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र के दौरान डॉ. अनीता भटनागर जैन ने बच्चों को जल संरक्षण, वृक्षारोपण,

**● समाज कल्याण विभाग की ओर से हुआ ऑनलाइन जागरूकता सत्र**

स्वच्छता, प्लास्टिक के कम उपयोग और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर सरल और प्रभावी तरीके से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को दैनिक जीवन में अपनाई जा सकने वाली पर्यावरण अनुकूल आदतों के बारे में भी मार्गदर्शन दिया। बच्चों ने सत्र के दौरान कई सवाल भी पूछे। इस अवसर पर निदेशक समाज कल्याण कुमार प्रशांत ने बच्चों को अच्छी आदतें विकसित करने, समाज और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। सामाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक जे राम ने बताया कि यह जागरूकता शृंखला का पहला सत्र था। इसी प्रकार के कई और सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# सर्दियों की दस्तक के साथ यूपी की सभी 10 रामसर साइट्स प्रवासी पक्षियों से गुलजार

## उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड रामसर साइट्स पर विकसित कर रहा पर्यटक सुविधाएं : जयवीर सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की प्राकृतिक संपदा इस वर्ष भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। दिसंबर की शुरूआत के साथ ही प्रदेश के सभी 10 अंतरराष्ट्रीय महत्व वाले रामसर साइट्स प्रवासी पक्षियों की चहचहाहट से गुलजार हो उठे हैं। प्रतिवर्ष हजारों किलोमीटर दूर से आने वाले इन दुर्लभ पक्षियों के लिए सुरक्षित और अनुकूल आश्रय स्थली पर्यटकों के लिए भी पूरी तरह तैयार है।

उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड लगातार पर्यटक सुविधाओं के उन्नयन, संरक्षण कार्यों और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में प्रभावी कदम उठा रहा है, जिससे प्रदेश की समृद्ध जैव-विविधता नए आयाम प्राप्त कर रही है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण और विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है, ताकि पर्यटकों को बेहतर और सुरक्षित अनुभव मिल सके। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के प्रयास भी निरंतर जारी हैं। विकास परियोजनाओं के माध्यम से अभी तक आगरा और हैदरपुर की दो परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की जा चुकी हैं।

मंत्री ने बताया कि आगरा स्थित सूर सरोवर बर्ड सेंक्चुरी में 167.85 लाख रुपए की लागत से पर्यटक सुविधाओं का विकास किया गया है, जिससे यह स्थल प्रकृति प्रेमियों और बर्ड वॉचर्स के लिए और भी आकर्षक बन गया है। सेंक्चुरी में पार्किंग एरिया, पाथवे एवं नेचर ट्रेल, सोविनियर शॉप, वॉच टावर, साइनजेज, शौचालय, आरओ वॉटर कूलर जैसी सुविधाओं को विकसित किया गया है, ताकि आगंतुकों को समृद्ध पर्यटन अनुभव मिल सके।

इसी प्रकार, मुजफ़्फ़रनगर स्थित हैदरपुर वेटलैंड में 165.71 लाख रुपए की लागत से पर्यटक सुविधाओं का व्यापक संवर्धन किया गया है, जिससे यहां आने वाले आगंतुकों को बेहतर अनुभव प्राप्त हो रहा है। यहां प्रवेश द्वार, नेचर ट्रेल, नेचर कैंप, आरामदायक बेंचेज, साइनेजेज, ऊंचाई से दृश्य अवलोकन के लिए वॉच टावर साथ ही कैंटीन, रिसेप्शन, गोल हट, आरओ वाटर कूलर आदि सुविधाओं का विकास किया गया है। इन व्यवस्थाओं से हैदरपुर वेटलैंड अब अधिक सुव्यवस्थित, पर्यटक अनुकूल और ईको-टूरिज्म की दृष्टि से और भी आकर्षक गंतव्य बन गया है।

उन्नाव स्थित नवाबगंज बर्ड सेंक्चुरी में पर्यटकों के अनुभव को नई ऊंचाई देने के लिए आधुनिक तकनीक से लैस एआर-वीआर डोम का निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा है। लगभग 280.44 लाख रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा यह अत्याधुनिक डोम आगंतुकों को पक्षी अभ्यारण्य की समृद्ध जैव-विविधता, प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों और पूरे वेटलैंड इकोसिस्टम को इमर्सिव तरीके से अनुभव कराने में सक्षम होगा।

उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध जैव-विविधता के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है ,यहां कुल 10 रामसर साइट्स हैं- नवाबगंज पक्षी अभ्यारण्य (उन्नाव), पार्वती आर्गा पक्षी अभ्यारण्य (गोंडा), समान पक्षी अभ्यारण्य (मैनपुरी), समसपुर पक्षी अभ्यारण्य (रायबरेली), सांडी पक्षी अभ्यारण्य (हरदोई), सरसई नावर झील (इटावा), सूर सरोवर पक्षी विहार (आगरा), ऊपरी गंगा नदी (ब्रजघाट से नरौरा विस्तार), बखिरा वन्यजीव अभ्यारण्य (संत कबीर नगर) और हैदरपुर वेटलैंड (मुजफ्फरनगर), प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। प्रवासी पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियों का अनोखा बसेरा इन स्थलों को वैश्विक संरक्षण मानकों पर प्रतिष्ठित बनाता है। राज्य सरकार द्वारा इन आद्रभूमियों के संरक्षण, सुविधाओं के विकास तथा ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के सतत प्रयासों से पर्यटकों को प्रकृति से जुड़ने का उत्कृष्ट अवसर मिल रहा है।

देश में सबसे अधिक रामसर साइट्स तमिलनाडु में हैं। उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है। यहां की आद्रभूमियां जैव विविधता को संरक्षित रखने, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने और दुर्लभ प्रजातियों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण इन स्थलों को ह्यरामसर साइटह्न का दर्जा मिलने से इनके संरक्षण की दिशा में और भी मजबूती मिली है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जैव-विविधता से समृद्ध और आद्रभूमियों के कारण उत्तर प्रदेश आज वैश्विक मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण ईको टूरिज्म गंतव्य के रूप में स्थापित हो रहा है। यहां स्थानीय के साथ अन्य देशों से आने वाली प्रवासी पक्षियों का प्रवास प्राकृतिक सौंदर्य को और मनमोहक बनाता है, जो पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करता है।

उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड इन स्थलों पर अत्याधुनिक पर्यटक सुविधाओं का लगातार विस्तार कर रहा है, ताकि हर आगंतुक को यादगार अनुभव मिल सके। इन सतत प्रयासों से प्रदेश न केवल अपनी प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित कर रहा है, बल्कि उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी दिला रहा है।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में आज मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के बहुउद्देशीय हाल में भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित समारोह में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। समारोह में अपर मण्डल रेल प्रबंधक/परिचालन नीतू एवं मण्डल के शाखाधिकारियों तथा एन.ई.रेलवे मेंस कांग्रेस, एस.सी.एस.टी. एसोसिएशन व ओ.बी.सी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इसके उपरान्त मण्डलीय कला समिति के कलाकारों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन प्रस्तुत कर बाबा साहब को श्रद्धाजलि अर्पित की गई। तदुपरान्त मण्डल रेल प्रबन्धक श्री गौरव अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब के जीवन दर्शन ने व्यक्ति की गरिमा और सामाजिक जनतंत्र को स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। हम उन्हें संविधान निमार्ता के रूप में जानते हैं तथा बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हमें उनके विचारों के प्रचार-प्रसार का संकल्प लेना चाहिए तथा उनके कथनों को अपने जीवन में चरितार्थ करना चाहिए।

हम लोग बाबा साहब के अद्भुत ज्ञान, अदम्य साहस एवं संघर्ष शीलता जैसे गुणों को सदैव अपने जीवन में आत्मसात करें। बाबा साहब के विचार सदैव जीवित रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि दलितों एवं पिछड़ों एवं महिलाओं के उत्थान के लिए बाबा साहब ने बहुत संघर्ष किया। समाज में समता लाने के लिए भेदभावपूर्ण व्यवहार न किया जायें तथा कमजोर वर्गो को समाज में ऊपर उठाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर एन.ई.रेलवे मेंस कांग्रेस, लखनऊ के मण्डल मंत्री राकेश चन्द्र वर्मा, एस.सी.एस.टी. एसोसिएशन, लखनऊ के अध्यक्ष सुमित कुमार अम्बेडकर, मण्डल मंत्री नवनीत वर्मा, स्वतंत्र पूउरे कर्मचारी यूनियन के मण्डल मंत्री चन्द्रशेखर एवं अन्य पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने बाबा साहब के व्यक्तित्व, कृतित्व तथा दलित समाज एवं महिला कल्याण के उत्थान हेतु उनके संघर्षों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के आरम्भ में वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राहुल यादव ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के अन्त में वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक डा.आर.के. भारती ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री श्वेता सिंह ने किया।

## आरडीएसओ में डॉ. भीमराव अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** आरडीएसओ में भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर के महा-परिनिर्वाण दिवस का आयोजन कार्मिक निदेशालय द्वारा श्रद्धा एवं सम्मान के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आरडीएसओ के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काजी मेराज अहमद अपर महानिदेशक, आरडीएसओ ने अपने संबोधन में डॉ. आम्बेडकर के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने शिक्षा को शक्ति और मुक्ति का साधन बनाया। उनकी दृष्टि थी कि जहाँ प्रत्येक व्यक्ति सम्मान के साथ जी सके, वही सच्चे राष्ट्र की पहचान है। उन्होंने डॉ. आम्बेडकर के प्रेरणादायी विचारों का उल्लेख करते हुए कहा- किसी राष्ट्र की प्रगति उसके कार्य-संस्कृति और अनुशासन में दिखती है। उन्होंने बताया कि डा. आम्बेडकर ने केवल कानून नहीं लिखा अपितु मनुष्य की गरिमा को पारिभाषित किया। धर्म, जाति और लिंग के आधार पर भेदभाव के विरूद्ध ऐतिहासिक आन्दोलन चलाया, श्रमिको के लिए ८ घंटे का कार्य दिन, मातृत्व लाभ, इंडस्ट्रियल रिलेशन कानून इस देश को उन्ही की देन है। श्री अहमद ने उपस्थित कार्मिको से कार्यस्थलों पर न्यायपूर्ण, सम्मानपूर्ण और सहयोगी संस्कृति के विकास तथा समान अवसर की भावना के साथ राष्ट्र-निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सुबोष चंद, महासचिव, आरडीएसओ एससी/एसटी एसोसिएशन ने भी उपस्थित समूह को संबोधित किया। उन्होंने डॉ. आम्बेडकर के राष्ट्रझनिर्माण में अप्रतिम योगदान का उल्लेख करते हुए विशेष रूप से वंचित समुदायों के उत्थान, भारतीय संविधान के निर्माण तथा श्रम एवं सामाजिक न्याय से संबंधित कानूनों में उनके महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने डॉ. आम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर को परिनिर्वाण दिवस पर डीआरएम ने दी विनम्र श्रृद्धांजलि



**लखनऊ।** आधुनिक भारत को एकता तथा अखंडता के सूत्र में पिरोने वाले बाबासाहेब, डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आज 8 दिसम्बर को उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा द्वारा, डॉ. भीमराव अम्बेडकर को स्मरण करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने उपस्थित सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के समक्ष बाबा भीमराव आंबेडकर के प्रेरणादायक विचारों को व्यक्त किया। इ इस अवसर पर मंडल के समस्त विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारीगण, मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशनों के पदाधिकारीगण एवं कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीज प्रमाणीकरण न कराने वाले एफपीओ से की जायेगी अनुदान वसूली : शाही

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को कृषि निदेशालय के सभागार में दृष्टि योजनान्तर्गत स्थापित 100 कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के कार्यों की समीक्षा की, जिसमें एफपीओ द्वारा बीज विधायन संयंत्रों की स्थापना और बीज उत्पादन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि 24 एफपीओ ने अब तक 80,960 क्विंटल बीज का उत्पादन और उसका विक्रय उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम को कर दिया है। बैठक में उन एफपीओ की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई जो आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन नहीं कर रहे हैं, और साथ ही उन्हें सख्त निर्देश भी दिए गए।



बैठक में मंत्री ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि 27 एफपीओ द्वारा अभी तक बीज प्रमाणीकरण संस्था में अपना पंजीकरण नहीं कराया गया है और ऐसे एफपीओ तत्काल अपना पंजीकरण करा लें। उन्होंने चेतावनी दी कि पंजीकरण न कराने की स्थिति में सरकार द्वारा दिए गए अनुदान की वसूली की कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त, यह भी संज्ञान में आया कि 32 एफपीओ के उत्पादित बीज अब तक उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम द्वारा क्रय नहीं किए गए हैं, जिस पर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि एफपीओ केवल गेहूं और धान ही नहीं, बल्कि ढैंचा के बीज को भी नियामानुसार प्रमाणित कर उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम को विक्रय करेंगे ताकि राज्य में प्रमाणित बीज की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने संबंधित योजना अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि कृषि उत्पादक संगठनों को अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने किए जाने वाले आवश्यक कार्यों के प्रति किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कृषि विभाग और उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने एफपीओ को आने वाली समस्याओं को दूर करने तथा बीज उत्पादन और विक्रय की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए एक कार्ययोजना प्रस्तुत की।

## 34वीं अखिल भारतीय आरपीएफ पुरुष एवं महिला वॉलीबॉल का शुभारंभ

### आरपीएफ पुरुष एवं महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप का मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ ने किया भव्य उद्घाटन

लखनऊ। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल में आज आरपीएफ की तीसरी बटालियन लखनऊ में 34वीं आल इंडिया आरपीएफ पुरुष एवं महिला वालीबॉल चैंपियनशिप और चौथी ऑल इंडिया पुरुष व महिला हैंडबाल चैंपियनशिप -2025 का भव्य शुभारंभ किया गया। समारोह का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक,उ.रे., लखनऊ सुनील कुमार वर्मा द्वारा किया गया।




उद्घाटन समारोह के दौरान पूरे देश से आए प्रतिभागी खिलाड़ियों द्वारा शानदार परेड का आयोजन किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, निरंतर प्रयास, टीम वर्क और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि यह चैंपियनशिप प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए अपने कौशल को निखारने का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगी। ये चैंपियनशिप भारतीय रेलवे के विभिन्न जोनों ठफ हफ रफ रउफ ठहफ ठत्रक्ष एफ एउडफ उए एवं फ्ढरत्र की टीमों के बीच खेला जा रहा है।

इस अवसर पर आरपीएफ के अधिकारीगण, विभिन्न जोनों से आए टीम मैनेजर, कोच, खिलाड़ी एवं आयोजन समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। चैंपियनशिप में देशभर से आई टीमों द्वारा कई मुकाबले खेले जाएंगे, जिसका फाइनल मैच 12 दिसंबर को खेल जाएगा।

उद्घाटन कार्यक्रम के अंत में लखनऊ डीआरएम ने सफल आयोजन के लिए समस्त टीमों एवं आयोजन दल को शुभकामनाएँ दीं और खिलाड़ियों के उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की।

## केजीएमयू के डॉ. अजय पटवा एएएसएलडी की बैठक में चयन के लिए सम्मानित



**लखनऊ।** राजधानी के प्रतिष्ठित किंग जॉर्ज चिकित्सा विवि ने चिकित्सा के साथ-साथ शोध के क्षेत्र में भी अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है। केजीएमयू के डॉ. अजय पटवा को चिकित्सा और शोध के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। डॉ. अजय पटवा को यह सम्मान अमेरिका के प्रतिष्ठित संगठन अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ लिवर डिजीज (एएएसएलडी) की बैठक में उनके शोध के चयन के बाद प्रदान किया गया। यह दर्शाता है कि उनका वैज्ञानिक कार्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। समाज द्वारा सम्मान : यह सम्मान अखिल भारतीय पटवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पटवा और महामंत्री अशोक पटवा द्वारा संयुक्त रूप से डॉ. पटवा के निवास पर प्रदान किया गया। डॉ. अजय पटवा को माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। सम्मान समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. पटवा ने अपने कठिन परिश्रम, लगन और वैज्ञानिक सोच से केवल राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पटवा समाज का नाम रोशन किया है। उनका यह सम्मान युवा चिकित्सकों और समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। इस मौके पर पटवा समाज के कई गणमान्य लोग, जिनमें निधि पटवा, धर्मेश पटवा, दीपक पटवा, मनीष पटवा, उपेंद्र पटवा, धर्मेंद्र पटवा और अवनीश पटवा शामिल थे, उपस्थित रहे।



## एलपीएस साउथ सिटी शाखा बनी ओवरऑल चैम्पियन

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) की साउथ सिटी शाखा में आयोजित दो दिवसीय अंतर-शाखा एथलेटिक मीट स्पार्धा का समापन सोमवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस भव्य खेल आयोजन में एलपीएस की 08 शाखाओं के कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान पूरे परिसर में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा। आपसी मुकाबलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मेजबान शाखा एलपीएस साउथ सिटी ने ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। इसके साथ ही साउथ सिटी शाखा ने बालिकाओं के वर्ग की ओवरऑल चैम्पियन ट्रॉफी पर भी कब्जा जमाया। वहीं, एलपीएस सेक्टर-आई शाखा ने बालकों के वर्ग में ओवरऑल चैम्पियन ट्रॉफी जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार परिचय दिया।

दो दिवसीय इस एथलेटिक मीट में ट्रैक एवं फील्ड की अनेक प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की गति, सहनशक्ति, शक्ति और कौशल की कठोर परीक्षा हुई। ट्रैक स्पर्धाओं में 60 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, 4100 मीटर रिले, 4200 मीटर रिले तथा 200 मीटर बाधा दौड़ आयोजित की गईं। वहीं फील्ड स्पर्धाओं में भाला फेंक, गोला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद एवं चक्का फेंक जैसी प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों का उत्साह लगातार बना रहा। एथलेटिक मीट का समापन औपचारिक पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह ने विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी और पदक प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और खेल भावना की सराहना की।

# सेल्वा ने इंफोसिस मेकर्स लैब देख जानीं बारीकियां



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महानिदेशक प्राविधिक शिक्षा आईएएस सेल्वा कुमारी जे सोमवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय एवं कुलसचिव रीना सिंह, वित्त अधिकारी केशव सिंह के साथ बैठक कर विश्वविद्यालय के प्रगति की समीक्षा की। उनके द्वारा इनोवेशन हब के कार्यों की विस्तार से चर्चा की गयी। इनोवेशन हब की ओर से प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

बैठक के बाद एकेटीयू में स्थापित प्रदेश की पहली इंफोसिस मेकर्स लैब को भी देखने पहुंचीं। इस अत्याधुनिक लैब की उन्होंने बारीकी से जानकारी ली। लैब में छात्रों को किस प्रकार प्रशिक्षित किया जाता है, इसके बारे में भी जाना। इसी क्रम में उन्होंने सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज स्थित एआई लैब, एआईसीटीई आइडिया लैब, साइबर सिम्युलेटर लैब, रोबोटिक्स लैब, गूगल लैब, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन लैब, साइबर सिक्योरिटी लैब, थ्री डी प्रिंटिंग लैब, नैनो लैब का भी भ्रमण कर जानकारी ली। इस मौके पर प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार, सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के निदेशक प्रो. राजीव कुमार, डीन इनोवेशन प्रो. बीएन मिश्रा, एसो. डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा, उप कुलसचिव डॉ. डीपी सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## साइबर सुरक्षा को करना होगा मजबूत : प्रो. जेपी पाण्डेय

**लखनऊ।** साइबर सुरक्षा की जानकारी शहर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले किसानों तक को होनी चाहिए क्योंकि आने वाले समय में साइबर अटैक और वार ही होंगे इसलिए हमें अभी से पूरी तैयारी करनी चाहिए। हमारा डाटा आज कई देशों के पास है। ऐसे में सावधानी बहुत महत्वपूर्ण है। एकेटीयू परीक्षा में क्रिप्टोग्राफी का प्रयोग काफी पहले से कर रहा है। इस तकनीकी से पारदर्शिता के साथ ही परीक्षा के खर्चे में भी कमी आयी है। यह बातें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने इनोवेशन हब की ओर से क्रिप्टोग्राफी पर आयोजित छह दिवसीय बूटकैंप के उद्घाटन में कही। उन्होंने कहा कि हमें इसे व्यवहार में लाना चाहिए। खासकर युवाओं के लिए यह छह दिवसीय कार्यशाला काफी फायदेमंद साबित होगी। कार्यशाला में आईआईटी कानपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय सहित अन्य संस्थाओं की छात्रों को विशेषज्ञ क्रिप्टोग्राफी के सिद्धांतों के बारे में बताएंगे। पहले दिन लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉ. पुनीत मिश्र, विजय कुमार ने छात्रों से अपने अनुभव साझा किया। इस दौरान एसोसिएट डीन डॉ अनुज कुमार शर्मा, वंदना शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## छात्रों को दिये शैक्षणिक एवं व्यावसायिक लक्ष्य पाने का मंत्र

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी में बी.फार्म प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लाइफस्टाइल एवं स्वास्थ्य विषय पर गेस्ट लेक्चर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के कुशल निर्देशन एवं प्रेरणा से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एम्स, नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. रवि मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य, समय प्रबंधन तथा सकारात्मक दृष्टिकोण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया।

अपने प्रेरक संबोधन में डॉ. रवि ने कहा कि यदि विद्यार्थी अपने दैनिक जीवन में अनुशासन, शारीरिक सक्रियता एवं स्वस्थ दिनचर्या को अपनाएं, तो वे न केवल शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रह सकते हैं, बल्कि अपने शैक्षणिक एवं व्यावसायिक लक्ष्यों को भी अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली की चुनौतियों, तकनीक के अधिक उपयोग, तनाव प्रबंधन तथा स्वास्थ्यकर आदतों को अपनाने के व्यावहारिक उपायों पर भी प्रकाश डाला, जिससे विद्यार्थियों में स्वास्थ्य-जागरूकता एवं आत्म-प्रेरणा की भावना विकसित हो सके। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर फैकल्टी ऑफ फामेर्सी के एसोसिएट डीन प्रो. आकाश वेद, सभी शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने वक्ता के विचारों से प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प व्यक्त किया।

# गोरखपुर और बनारस से एलटीटी के लिए स्पेशल रेलगाड़ियां

**लखनऊ।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग पर दिल्ली एवं मुम्बई के लिए निम्नलिखित 04 जोड़ी विशेष गाड़ियों का संचलन किया जायेगा।

05581 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष गाड़ी 09 दिसम्बर, 2025 को गोरखपुर से 23.25 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बस्ती से 00.32 बजे, गोंडा से 02.00 बजे, गोमती नगर से 04.35 बजे, बादशाहनगर से 05.10 बजे, ऐशबाग से 05.55 बजे, कानपुर सेंट्रल से 07.55 बजे, उरई 10.20 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झाँसी) से 13.20 बजे, बीना से 16.40 बजे, रानी कमलापति से 19.25 बजे, इटारसी से 21.12 बजे, खंडवा से 23.42 बजे तीसरे दिन भुसावल से 01.45 बजे, नासिक रोड से 05.15 बजे, इगतपुरी से 06.35 बजे तथा कल्याण से 08.08 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 09.00 बजे पहुँचेगी तथा वापसी यात्रा में, 05582 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी 11 दिसम्बर, 2025 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 11.00 बजे प्रस्थान कर कल्याण से 11.45 बजे, ईगतपुरी से 14.10 बजे, नासिक रोड से 14.42 बजे, भुसावल से 18.50 बजे, खंडवा से 21.40 बजे दूसरे दिन इटारसी से 00.25 बजे, रानी कमलापति से 02.40 बजे, बीना से 04.50 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झाँसी) से 06.55 बजे, उरई 08.07 बजे, कानपुर सेंट्रल से 12.05 बजे, ऐशबाग से 13.45 बजे, बादशाहनगर से 14.12 बजे, गोमती नगर से 14.55 बजे, गोंडा से 17.25 बजे तथा बस्ती से 19.02 बजे छूटकर गोरखपुर से 20.15 बजे पहुँचेगी।

## बनारस एवं डिब्रूगढ़-आनंद विहार के बीच चलेगी विशेष ट्रेनें




इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

इसी क्रमें में 01182 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष गाड़ी 09 दिसम्बर को बनारस से 19.40 बजे प्रस्थान कर वाराणसी से 20.05 बजे, मिजार्पुर से 21.50 बजे, दूसरे दिन प्रयागराज छिवकी से 01.17 बजे, मानिकपुर से 03.50 बजे, सतना से 04.57 बजे, मैहर से 05.27 बजे, कटनी से 06.30 बजे, जबलपुर से 08.30 बजे, नरसिंहपुर से 10.04 बजे, पिपरिया से 11.18 बजे, इटारसी से 14.00 बजे, खण्डवा से 18.04 बजे, भुसावल से 20.20 बजे, तीसरे दिन नासिक रोड से 00.29 बजे तथा कल्याण से 04.44 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 06.25 बजे पहुँचेगी तथा वापसी यात्रा में 01181 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस विशेष गाड़ी 11 दिसम्बर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 08.25 बजे प्रस्थान कर कल्याण से 09.14 बजे, नासिक रोड से 12.55 बजे, भुसावल से 17.05 बजे, खण्डवा से 19.30 बजे, इटारसी से 21.10 बजे, पिपरिया से 23.17 बजे, दूसरे दिन नरसिंहपुर से 00.23 बजे, जबलपुर से 02.10 बजे, कटनी से 03.35 बजे, मैहर से 04.32 बजे, सतना से 05.37 बजे, मानिकपुर से 07.25 बजे, प्रयागराज छिवकी से 10.00 बजे, मिजार्पुर से 13.26 बजे तथा वाराणसी से 15.35 बजे छूटकर बनारस 16.05 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी कुसीर्यान (अनारक्षित) के 04, शयनयान श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी के 10 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोच सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 05029 बनारस-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी 09 दिसम्बर,2025 को बनारस से 20.15 बजे प्रस्थान कर ज्ञानपुर रोड से 21.28 बजे, प्रयागराज जं. से 23.20 बजे, दूसरे दिन गोविन्दपुरी से 02.20 तथा गाजियाबाद से 09.45 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 10.30 बजे पहुँचगी तथा वापसी यात्रा में 05030 आनन्द विहार टर्मिनस-बनारस विशेष गाड़ी 10 दिसम्बर, 2025 को आनन्द विहार टर्मिनस से 12.20 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 12.55 बजे, गोविन्दपुरी से 20.00 बजे, दूसरे दिन प्रयागराज जं. से 01.35 बजे तथा ज्ञानपुर रोड से 02.55 बजे छूटकर बनारस 04.15 बजे पहुँचगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी के 20 तथा जनररेटर सह लगेज यान के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। जबकि इसी क्रम में 05903 डिब्रूगढ़-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी 09 दिसम्बर को डिब्रूगढ़ से 14.00 प्रस्थान कर न्यू तिनसुकिया से 15.10 बजे, सिमालगुड़ी से 16.44 बजे, मरियानी से 17.42 बजे, फुरकेटिंग जं0 से 18.40 बजे, दीमापुर से 19.45 बजे, दीफू से 20.21 बजे, लमडिंग से 21.10 बजे दूसरे दिन गुवाहाटी से 00.45 बजे, रंगिया से 02.05 बजे, न्यू बोंगाईगांव से 04.10 बजे, कोकराझार से 04.54 बजे, न्यू कोचबिहार 06.20 बजे, न्यू जलपाई गुड़ी से 09.15 बजे, किशनगंज से 10.20 बजे, कटिहार से 13.00 बजे, नौगछिया से 13.55 बजे, खगड़िया से 14.44 बजे, बरौनी से 15.45 बजे, शाहपुर पटोरी से 16.37 बजे, हाजीपुर से 18.00 बजे, सोनपुर से 18.12 बजे, छपरा से 20.45 बजे, सीवान से 21.40 बजे, देवरिया सदर से 22.40 बजे तीसरे दिन गोरखपुर से 01.00 बजे, बस्ती से 02.27 बजे, गोण्डा से 04.20 बजे, लखनऊ से 07.20 बजे, बरेली से 11.00 बजे, मुरादाबाद से 12.45 बजे तथा गाजियाबाद 15.00 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 16.00 बजे पहुॅचेगी तथा वापसी यात्रा में 05904 आनन्द विहार टर्मिनस-डिब्रूगढ़ विशेष गाड़ी 12 दिसम्बर को आनन्द विहार टर्मिनस से 00.40 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 01.35 बजे, मुरादाबाद से 05.35 बजे, बरेली से 06.52 बजे, लखनऊ से 11.20 बजे, गोण्डा से 14.05 बजे, बस्ती से 15.23 बजे, गोरखपुर से 17.30 बजे, देवरिया सदर से 18.15 बजे, सीवान से 19.10 बजे, छपरा 20.30 बजे, सोनपुर से 21.38 बजे, हाजीपुर से 21.55 बजे, शाहपुर पटोरी से 23.02 बजे दूसरे दिन बरौनी से 01.05 बजे, खगड़िया से 02.05 बजे, नौगछिया से 03.08 बजे, कटिहार से 05.40 बजे, किशनगंज से 07.07 बजे, न्यू जलपाई गुड़ी से 08.45 बजे, न्यू कोचबिहार से 10.50 बजे, कोकराझार से 12.12 बजे, न्यू बोंगाईगांव से 13.10 बजे, रंगिया से 14.50 बजे, गुवाहाटी से 17.05 बजे, लमडिंग से 20.30 बजे, दीफू से 21.06 बजे, दीमापुर से 21.50 बजे तीसरे दिन फुरकेटिंग से 00.20 बजे, मरियानी से 01.05 बजे, सिमालगुड़ी से 01.57 बजे तथा न्यू तिनसुकिया से 03.40 बजे छूटकर डिब्रूगढ़ 05.20 बजे पहुॅचेगी। इस गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित पेन्ट्रीकार का 01, जनरेटर सह लगेज यान का 01 एवं शयनयान श्रेणी के 07 कोच सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

संक्षेप

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

मिल्कीपुर-अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र के नौगवां गांव के पास मिल्कीपुर अमानीगंज सड़क पर रविवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक पर सवार दूसरा व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिनका अयोध्या मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। मंझनपुर पूरे कुर्मी गांव निवासी यशवंत कुमार उर्फ लल्लू (18) पुत्र रामरेश रुदौली के सराय मंझन गांव निवासी राजकुमार को घर छोड़ने जा रहा था। नौगवां तिराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर से बाइक सवार सड़क पर गिर गए। दुर्घटना में यशवंत कुमार को सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोटे आ गई। पुलिस और ग्रामीणों की सहायता से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने यशवंत कुमार उर्फ लल्लू को मृत घोषित कर दिया।

# घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवायें कार्यकर्ता: सहजानंद राय



**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने नगर कार्यालय गरुलपार में एसआईआर के तहत भाजपा कार्यकताओं और सभासदों की तरफ से की गई कार्यवाही की समीक्षा की और कहा कि बीएलओ के साथ भाजपा के कार्यकर्ता और सभासद भी घर-घर जाकर एसआईआर गणना प्रपत्र को भरवाने का कार्य करें। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इसके लिए हर बूथ के अध्यक्ष, बीएलए, बूथ समिति के पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकताओं की दस सदस्यीय टीम बनाकर काम करने के लिए निर्देशित किया। सबका गणना प्रपत्र जमा हो जाए, इसके लिए 5 से 10 दिसंबर तक हरेक बूथ पर विशेष कैम्प लगाए जाएं। किसी भी दशा में पात्र मतदाता का नाम इस प्रक्रिया में छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर के काम में महिला मतदाताओं की सहायता के लिए भाजपा की महिला कार्यकताओं की टोली बनाई जाए, यह टोली भी घर-घर सम्पर्क करें और गणना प्रपत्र भरवाए।

बैठक को जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष मारकंडे शाही, विजय कुमार दुबे, नपा अध्यक्ष अलका सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन अभिषेक राय अंकुर ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष गंगा सिंह कुशवाहा, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, भाजपा नेता हरेंद्र जायसवाल, प्रेम अग्रवाल, शैलेन्द्र सिंह आजाद, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, प्रियंका वर्मा, सुभाष तिवारी, कृष्णानंद गिरी, बिंदेश पांडे, मारकंडे गिरी, संतोष तिवारी, रविन्द्र राव, रविशंकर त्रिपाठी, अमन वर्मा, सुधीर मद्धेशिया रमेश मल्ल, संतोष पांडेय राजन पांडेय, अमित सिंह आदित्य मिश्रा, सौरभ, राज दीक्षित, तिवारी, प्रियंका वर्मा, संजू सोनी, अनूप शर्मा, दिनेश तिवारी, अतुल, आकाश, सहित अन्य कार्यकर्ता और सभासद उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायतों को स्वयं की आय बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाना है: श्रवण कुमार

जिला संवाददाता

देवरिया। सदर विकास खण्ड में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत ग्राम पंचायत के स्वयं के आय का स्रोत विषयक प्रत्येक विकास खण्ड से 5 ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन एडीपीआरओ श्रवण कुमार चौरसिया ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों को अपनी स्वयं की आय के स्रोत बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाना है।

पंचायत स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर नवाचार अपनाएं, जिससे विकास के नए आयाम स्थापित हो सकें।

डीपीआरसी सहप्रबंधक ब्रजेश नाथ तिवारी ने बताया कि कार्यशाला का केंद्रीय विषय ग्राम पंचायतों की आय में वृद्धि कैसे की जाए, इस पर मंथन करना था। मुख्य प्रशिक्षक अजीत कुमार तिवारी ने कहा कि पंचायतों की आय के लिए कर लगाने के विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा की। सहायक विकास अधिकारी पंचायत विंध्याचल सिंह ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षणो के आयोजन से जनजागरूकता फैलती है।

प्रशिक्षक आशुतोष दूबे ने पंचायतों के लिए गैर-कर आय के तरीकों पर प्रशिक्षण दिया। अजय दूबे ने जन सेवा केंद्र से शुल्क या फीस और टूरिस्ट टैक्स के माध्यम से आय बढ़ाने का सुझाव दिया। प्रशिक्षक अर्पिता द्विवेदी ने कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सुविधा शुल्क लगाने की बात कही और सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन और शुल्क अधिरोपण से आय अर्जित करने के तरीके बताए। प्रशिक्षक प्रतिभा ने गौशाला के उत्पादों से आय जैसे अन्य उपायों पर भी चर्चा की।

इस अवसर पर दीनानाथ प्रजापति, शशिभूषण मिश्रा, अविनाश पासवान, यशपाल सिंह, चंदू पासवान, रुपेश यादव, शुभम गुप्ता, हरिपाल यादव, आनन्द मणि, देवेश उपाध्याय, रविन्द्र राजभर आदि मौजूद रहे।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर विभाग ने चलाया धन संग्रह अभियान



**कुशीनगर।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर आज जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के कनिष्ठ सहायक प्रभाकर नाथ तिवारी द्वारा जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर को झंडा स्टीकर लगाकर अभियान की औपचारिक शुरूआत की गई। सशस्त्र सेना झंडा दिवस का धन संग्रह अभियान पूरे वर्ष संचालित किया जाएगा।

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा धन संग्रह हेतु समस्त सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, नगर पालिका व नगर पंचायतों, तथा विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को झंडा स्टीकर एवं वाहन झंडे उपलब्ध करा दिए गए हैं। सभी नागरिकों, कर्मचारियों एवं संस्थानों से अपील की गई है कि इस पुण्य अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और इसे सफल बनाएं। विंग कमांडर आलोक सक्सेना, अपर प्रादेशिक अधिकारी, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, कुशीनगर ने सभी सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रभाकर नाथ तिवारी, कनिष्ठ सहायक सहित कार्यालय के समस्त कार्मिकों का विशेष योगदान रहा।

## निर्वाचक नामावलियों के अंतिम भाग का आलेख्य प्रकाशन आज

**कुशीनगर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा निर्गत निदेशों के क्रम में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर सर्विस मतदाताओं की निर्वाचक नामावली के अंतिम भाग की तैयारी एवं संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम एवं दिशा-निदेशों का पूर्णतः पालन किया जाए। निदेशानुसार आलेख्य प्रकाशन 09 दिसंबर 2025 को किया जाना है। प्रकाशन की सूचना प्रारूप-5 पर पूर्वान्ह 11:00 बजे तक उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सर्विस मतदाता सूची की प्रकाशित प्रति, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर सहित, समय से जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रेषित की जाए, ताकि आयोग को समयानुसार सूचित किया जा सके।

## हत्या की घटना में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

देवरिया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनन्द कुमार पाण्डेय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस व सर्विलांस सेल, देवरिया व स्वाट टीम द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को बुद्धा सिटी कालोनी, सारनाथ जनपद वाराणसी से मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 217/2025 धारा 87/238/103(1) बीएनएस में वांछित अभियुक्त सुनील यादव पुत्र सर्वजीत यादव निवासी बुद्धा सिटी कालोनी, सारनाथ जनपद वाराणसी को उसके घर के पास से गिरफ्तार करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। मालूम हो कि 23 फरवरी 25 को वादिनी थानाक्षेत्र कोतवाली द्वारा जरिये लिखित तहरीर वादिनी की बहन का अभियुक्त सुनील यादव द्वारा अपहरण करने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी। सूचना पर थाने पर मु0अ0सं0 217/2025 धारा 87 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचना की जा रही है। साक्ष्य संकलन के क्रम में धारा 238/103(1) बीएनएस का अपराध पाकर मुकदमा उपरोक्त में धारा 238/103(1) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। अभियुक्त सुनील यादव की गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के परिजनों द्वारा पुलिस कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करते हुए पुलिस कर्मियों की पिस्टल छीनने व अभियुक्त सुनील यादव को भगाने का प्रयास किया गया जिसके संबंध में थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी में मु.अ.सं. 598/2025 धारा 191(2), 121(1), 132.309(5), 115(2),263 बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक सादिक परवेज सर्विलांस प्रभारी, उ.नि.अविनाश मौर्य, विमलेश सिंह, धनन्जय आदि उपस्थित रहे।

# हर व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में पराविधिक स्वयं सेवकों की अहम भूमिका: जनपद न्यायाधीश

**देवरिया।** आज राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में संवर्धन योजना के तहत. पराविधिक स्वयं सेवकों ;अधिकार मित्र के लिये कलस्टर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवरिया, श्रीमती दिव्या मित्तल जिलाधिकारी, श्री आनन्द कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा फीता काटकर माँ सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण एवं द्विप प्रज्जवलन कर किया गया। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया द्वारा दीप प्रजलित करने के उपरान्त विभिन्न जनपदों एवं देवरिया के पराविधिक स्वयं सेवकों अधिकार मित्र को स्मृति चिन्ह देकर श्रेष्ठ पराविधिक स्वयं सेवक के रूप में पुरस्कृत किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया, श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में पराविधिक स्वयंसेवकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। पराविधिक स्वयं सेवक अधिकार मित्र आम जनमानस विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों के लोगों को शिक्षित करें, ताकि वे अपने अधिकार के बारे में जागरूक हो सकें तथा संवैधानिक और वैधानिक रूप से सभी अधिकारों का आनंद लेकर विधि के अनुसार कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन करें। जिलाधिकारी देवरिया श्रीमती दिव्या मित्तल द्वारा ने कहा कि पराविधिक स्वयं सेवकों से न केवल कानूनों और न्यायिक प्रणाली के बारे में जागरूकता फैलाने की अपेक्षा की जाती है, बल्कि उन्हें मूल स्रोत पर ही पक्षों के बीच साधारण विवादों को परामर्श देने और सौहार्दपूर्ण रुप से निपटाने के लिए भी प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुये सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा नालसा साथी योजनाए वरिष्ठ नागरिक योजना तथा मानव तस्करी और व्यावसायिक यौन शोषण के शिकार हेतु योजना के बारें में विस्तार से बताया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर, मऊ, बलिया, महाराजगंज, के सचिव द्वारा भी नालसा के योजनाओं के बारें में पराविधिक स्वयं सेवकों ;अधिकार मित्र को अवगत कराया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी देवरिया सदर सुश्री श्रृति शर्मा के द्वारा शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारें में प्रकाश डाला गया।

उक्त कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य रूप से जिलाधिकारी देवरिया, अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर ,मऊ, बलिया,महाराजगंज, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी देवरिया सदर संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा सम्बन्धित जनपदों के पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहें।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

आगरा। जिले में जीजा ने अपनी साली के साथ दरिंदगी कर डाली। नेत्रहीन साली खुद को बचाने के लिए चीखती चिल्लाती रही, लेकिन आरोपी को उस पर रहम नहीं आया। आगरा की मलपुरा पुलिस ने नेत्रहीन साली से दुष्कर्म और दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## अग्रहार' की रजत जयंती वृहद कवि गोष्ठी व सम्मान समारोह 12 दिसंबर को

**कुशीनगर।** भगवान महावीर की पुण्य भूमि पावानगर में स्थापित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'अग्रहार' की रजत जयंती वृहद कवि गोष्ठी व सम्मान समारोह 12 दिसंबर दिन शुक्रवार समय एक बजे अपराह्न से मिलन मैरेज हॉल फाजिलनगर में आयोजित है। उक्त जानकारी साहित्यिक संस्था अग्रहार के सा स्थापक सार्जेंट अभिमन्यु पांडेय ने देते हुए बताया कि वर्ष 2000 में स्थापित साहित्यिक संस्था अग्रहार से क्षेत्र के साहित्य प्रेमी विद्वतजन, देश के विभिन्न क्षेत्रों से कवि साहित्यकार जुड़े हैं। जो अपनी साहित्यिक रचनाओं से हिन्दी और भोजपुरी की सेवा कर रहे हैं। अग्रहार के विकास की इस साहित्यिक यात्रा में साहित्यकारों के साथ साथ सोशल मीडिया तथा प्रिंट मीडिया का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। अग्रहार की रजत जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित कविगोष्ठी में विद्वान साहित्यकारों और पत्रकारों को भी सम्मानित होना है। इस अवसर पर सार्जेंट श्री पांडेय और उनकी धर्मपत्नी श्रीमत गायत्री पांडेय का वैवाहिक वर्षगांठ भी मनेगा। सायं को अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के आचार्यगण द्वारा वैदिक कार्यक्रम आयोजित है।

# नीलकंठ महादेव मंदिर के महंत मुन्ना दास ब्रह्मलीन




**बरहज, देवरिया।** नीलकंठ महादेव मंदिर पुराना बरहज के महंत मुन्ना दास जी महाराज 55 वर्ष का सोमवार की सुबह निधन हो गया। महंत मुन्ना दास एक सप्ताह से अस्वस्थ चल रहे थे। निधन की खबर मिलते ही बरहज क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। भक्तों का जमावड़ा मंदिर परिसर में सुबह से ही होने लगा। बरहज में हिंदुत्व व विकास को लेकर सदैव तत्पर रहने वाले अपने चहेते महंत के असमय निधन से लोग काफी गमगीन दिखें। संतों, शिव भक्तों व व्यवसायियों ने परंपरागत ढंग से संत परंपरा के अनुसार गाजे बाजे के साथ उनकी श्रद्धांजलि यात्रा बरहज नगर में निकाली। इस दौरान लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर फूलों से वर्षा करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित कर अंतिम दर्शन किए। श्रद्धांजलि यात्रा मंदिर परिसर पहुंची, जहां खैरा मठ के पीठाधीश्वर भरत दास मौनी बाबा, नारायण दास, आश्रम पीठाधीश्वर आञ्जनेय दास, केशरी दास त्यागी द्वारा विधि-विधान के साथ ब्रह्मलीन महंत मुन्ना दास को समाधि दी गई। श्रद्धांजलि यात्रा में सैकड़ों शिव भक्त व बरहज नगरवासी मौजूद रहें।

महंत मुन्ना दास अपने युवावस्था से ही भगवान शिव से जुड़े रहें। उनकी आस्था इतनी गहरी रही कि उन्होंने अपनी शादी नहीं की और शिव भक्ति में अपनी धुनी रमा लिये। लगभग 30 वर्षों से नीलकंठ महादेव की सेवा करते हुए ब्रह्मलीन हो गए। महंत ने बरहज में सनातन संस्कृति को एक नई ऊंचाई प्रदान की। उन्होंने भगवान शिव की भव्य बारात की नींव रखी, जो अब परंपरा बन चुकी है। जिसकी देन है कि बरहज में शिवरात्रि के अवसर पर बरहज की सड़कों पर हिन्दू आस्था का सैलाब देखने को मिलता है। भगवान जगरनाथ की भव्य रथयात्रा भी नीलकंठ महादेव मंदिर से निकलती है। महंत मुन्ना दास के निधन पर भाजपा नेता अमरेंद्र गुप्ता, राम केश्वर जायसवाल, प्रदीप गुप्त, मनोज गुप्ता, अजीत जायसवाल, पंकज विश्वकर्मा, हरिशंकर चौरसिया, जितेन्द्र भारत, पुरुषोत्तम मद्धेशिया, अमरजीत सोनकर, गौरव प्रताप सिंह दीपू, पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, रतन कुमार, श्याम जायसवाल, विवेक गुप्ता, कुलभूषण र्मा, अमित शर्मा, मुकेश पटेल, पीयूष चावला, धर्मेंद्र जायसवाल आदि ने गहरा शोक जताया है।

# परीक्षा केन्द्र बनाने में धांधली, मानक की उड़ी धज्जियां

**कुशीनगर।** शासन के गाइडलाइन को दरकिनार व निदेशो को ठेंगा दिखाकर मानक के विपरीत विद्यालयो को बोर्ड परीक्षा केन्द्र बनाये जाने का मामला प्रकाश में आया है। ऐसी चर्चा है कि डेढ से दो लाख रुपये लेकर बिना मानक वाले विद्यालय का कार्यालय से स्तर से मानक दिखाकर केन्द्र बनाया गया है। तेरह कमरो व बिना बाउंड्रीवाल वाले नेशनल पब्लिक स्कूल एक बानगी है जिसे विभाग की ओर से मानक के अनुरूप बोर्ड को रिपोर्ट भेजकर परीक्षा केन्द्र बना दिया गया है। इस खेल को अंजाम देने के लिए विभाग-ए-शहंशाह और नकल माफियाओं में मोटी डीलिंग हुई है ऐसी चर्चा जोरो पर है। बेशक! सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा नकलविहीन व पारदर्शी परीक्षा कराये जाने के संकल्प को कुशीनगर के नकल माफिया, डीआईओएस कार्यालय से मिलकर धज्जियाँ उडाने का चक्रव्यूह तैयार करने मे जुटे है। यही वजह है कि जनपद के हाटा तहसील क्षेत्र तुर्कडिहा स्थित लक्ष्मी सिंह इंटरमीडिएट कालेज मे 13 कमरे की जगह जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा 29 कमरे का रिपोर्ट बोर्ड को भेजकर इस साल सेन्टर बनाया गया है जबकि हाटा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ही तितला स्थित इंडियन पब्लिक इंटर कालेज मे न तो बोर्ड द्वारा निर्धारित कक्ष है और न ही विद्यालय का बाउंड्रीवाल है इसके बावजूद डीआईओएस कार्यालय ने मोटी रकम लेकर बोर्ड को मानक के अनुरूप विद्यालय का रिपोर्ट भेजकर परीक्षा केन्द्र बनवाने की सूचना मिल रही है। इसके अलावा कप्तानगंज तहसील क्षेत्र मे उर्मिला देवी इंटर कालेज अहिरौली कुसम्हा समेत आठ ऐसे वित्तविहीन विद्यालयो को परीक्षा सेन्टर बनाया गया है जो किसी स्तर से बोर्ड द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप नही है ऐसा सूत्रो का दावा है।

**● नकल माफियाओं और विभाग की साठगाठ, सीएम योगी के नकलविहीन परीक्षा कराने संकल्प पर पानी फेरने की तैयारी**

### पिछले साल की अपेक्षा नौ हजार परीक्षार्थी कम, घटनी चाहिए केंद्रों की संख्या

बतादे पिछले साल बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने की गरज से कुशीनगर जनपद में कुल 152 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे जबकि इस वर्ष पिछले साल के अपेक्षा नौ हजार परीक्षार्थियों की संख्या कम है उस हिसाब से 18 परीक्षा केन्द्र पिछले साल के अपेक्षा कम होना चाहिए। अब देखना दिलचस्प होगा कि यहा के विभाग-ए-शहंशाह और उनके कारिंदे क्या गुल खिलाते है।

### वर्षो से बन रहे परीक्षा केन्द्रों को किया गया नजर अंदाज

शिक्षको मे इस बात को लेकर आक्रोश है कि दो दशको से लगातार सकुशल बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने वाले सेन्टरो को इस साल परीक्षा केंद्र नही बनाया गया है। इसमे जानकी देवी इंटरमीडिएट प्रसिद्ध मठिया, चनद्रावती देवी इंटर कालेज पकडी बांगर सहित आधा दर्जन विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र नही बनाया गया है जबकि यह सभी विद्यालय बोर्ड के मानक कज अनुरूप है और पूर्व मे यह विद्यालय परीक्षा केन्द्र बनते रहे है।

### परीक्षा केन्द्र के लिए क्या है मानक

विद्यालय मे सीसीटीवी, एक हजार क्षमता वाले विद्यालय को 30 अंक, 750 क्षमता वाले विद्यालय को 20 व 500 छात्रो के क्षमता वाले विद्यालय को 10 अंकप्रयोगशाला क्रियाशील होने पर वरीयता मिलती है, जिसके चित्र भी अपलोड करने होते हैं, स्कूलों की अपनी मेरिट बनती है, जिसमें राज्य, जिला टॉप करने वाले छात्रों की संख्या और आधारभूत सुविधाएं अंक दिलाती हैं, आवेदन ऑनलाइन अपलोड करनी होती हैं, जिसमें 91 बिंदुओं की जानकारी देनी होती है

### इनको नही बना सकते केन्द्र

जिन विद्यालयों के कक्ष सड़क या गली में खुलते हैं, उन्हें असुरक्षित मानते हुए केंद्र नहीं बनाया जा सकता है। इसके अलावा प्रबंधकीय या प्रधानाचार्य विवाद वाले स्कूलों को केंद्र नहीं बना सकते है। इसी तरह वित्तविहीन स्कूलों में 125 से कम छात्र संख्या वाले स्कूल केंद्र नही बनाया जा सकता है।

# कसाडा की 20 वीं बोर्ड बैठक हुई सम्पन्न

कुशीनगर। मंडलायुक्त सभागार, कार्यालय आयुक्त, गोरखपुर में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, कुशीनगर की 20 वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न हुयी। सर्प्रथम विगत बैठक 06 फरवरी 2025 को हुई बैठक की पुष्टि की गयी, साथ ही 19वीं बैठक की अनुपालन आख्या अध्यक्ष कसाडा के सामने प्रस्तुत की गयी।

अनुपालन आख्या के क्रम में कसया-देवरिया मार्ग/रामाभार मोड़ पर पूर्व से स्वीकृत प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य को कसया-देवरिया मार्ग के चौड़ीकरण होने के कारण नये डिजाईन से बनाये जाने तथा उसका डीपीआर तैयार किये जाने का निर्णय लिया गया। कसाडा क्षेत्रान्तर्गत 01 हेक्टेयर से अधिक भूमि का लैण्ड बैंक तैयार किया जाना, लागू महायोजना-2021 में सम्मिलित ग्रामों के सजरा मानचित्र को सुपरइम्पोज कराया जाना जैसे निर्णय रहे। साथ ही भारत सरकार की अमृत-2.0 योजना के अन्तर्गत कुशीनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कुशीनगर की महायोजना तैयार किये जाने हेतु स्वीकृत है, जिसमें अग्रेतर कार्यवाही हेतु मुख्य ग्राम एवं नगर नियोजक, उ0प्र0 लखनऊ को नामित किया गया। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने अवगत कराया कि महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भू-उपयोग/स्वामित्व मैत्रेय परियोजना (संस्कृति विभाग) अंकित है, अस्तु महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नाम भूमि के हस्तान्तरण के उपरान्त ही भू-उपयोग परिवर्तन किया जाना अपेक्षित है।

नए प्रस्तावों में उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियां तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन-2025 को अंगीकार किये जाने हेतु से बोर्ड अवगत हुआ, जिसमें पूर्व में ही परिचालन पद्धति द्वारा 07 अगस्त 2025 स्वीकृति प्रदान की गयी थी। साथ ही शासन द्वारा पूर्व से निर्गत शासनादेशों एवं उपविधियों को भी सर्वसम्मति से अंगीकार किये जाने का निर्णय लिया गया। मैत्रेय परियोजना से पर्यटन विभाग को प्राप्त 50.00 एकड़ भूमि का भू-उपयोग सार्वजनिक सुविधायें किये जाने हेतु निदेशक, पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0 के पत्र में निर्णय लिया गया कि महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की भांति संबधित भूमि का स्वामित्व संस्कृति विभाग से पर्यटन विभाग को प्राप्त होने के उपरांत भू-उपयोग मैत्रय परियोजना से सार्वजानिक सुविधाएं करने के संबध में संस्तुति शासन को भेज दी जाये।

लैंड पूलिंग स्कीम के अन्तर्गत सुनियोजित शहर विकास के संबंध में प्राधिकरण बोर्ड द्वारा उक्त नीति के अन्तर्गत सार्वजनिक सूचना प्रकाशित किये जाने तथा सम्पूर्ण परियोजना का कैलकुलेशन कर चिन्हित भूमि के मानचित्र के साथ प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया। प्राधिकरण बोर्ड द्वारा बैलेन्स सीट भी प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। प्राधिकरण द्वारा बुद्धा आर्ट एण्ड क्राफ्ट सेन्टर विकसित किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसके अनुसार ह्वविकसित उत्तर प्रदेश तथा वन ट्रिलीयन डॉलर इकॉनमीह्व के विजन के दृष्टिगत जनपद कुशीनगर में बौद्ध धर्म और भगवान बुद्ध से संबंधित कलाकृतियों को बढ़ावा देने तथा इस क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित के उद्देश्य से प्रस्तुत प्रस्ताव को सहमति प्रदान की गयी तथा लैण्ड पुलिंग योजनान्तर्गत भूमि प्राप्त किये जाने की सम्भावना व्यक्त की गयी। परियोजना का विधिवत कैलकुलेशन तथा भू-चित्र, ड्राइंग/डिजाईन प्रस्तुत किये जाने हेतु जिलाधिकारी/सीईओ, कसाडा कुशीनगर को नामित किया गया। साथ ही कुशीनगर में बढ़ते बुद्धिस्ट पर्यटन के दृष्टिगत लिंगविस्टिक स्कूल बनाये जाने के प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिस पर विचारोपरान्त प्राधिकरण बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी तथा लैण्ड पुलिंग योजनान्तर्गत भूमि प्राप्त किये जाने की सम्भावना व्यक्त की गयी। परियोजना का विधिवत कैलकुलेशन तथा भू-चित्र, ड्राइंग/डिजाईन प्रस्तुत किये जाने हेतु जिलाधिकारी/सीईओ, कसाडा, कुशीनगर को नामित किया गया। इसके अतिरिक्त कुशीनगर को डेस्टिनेशन वेंडिंग हब बनाने के उद्देश्य से लैंण्ड पुलिग/पीपीपी मोड से रिरिसोर्ट सिटी बनाने की सेद्धान्तिक स्वीकृति भी दी गयी है।

## न्यायालय परिसर स्थित नवनिर्मित पोख्ता कैंटीन की नीलामी 18 दिसंबर को

**देवरिया।** अध्यक्ष, नीलामी समिति, जजी रवि यादव ने बताया कि न्यायालय परिसर के उत्तर दिशा में स्थित नवनिर्मित पोख्ता कैंटीन की नीलामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 18 दिसंबर को अपराह्न 4:30 बजे की जाएगी। नीलामी दस कक्षीय न्यायालय भवन के केंद्रीय सभागार में नीलामी समिति की देखरेख में सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति निर्धारित शर्तों के तहत नीलामी में भाग ले सकते हैं।

## साइलेंसर से पटाखे की आवाज निकालने वालों के विरुद्ध एम वी एक्ट में हुई कार्यवाही

**देवरिया।** यातायात पुलिस ने दुर्घनाओं की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग की गयी व नियमों का पालन न करने वालों का एमवी एक्ट में चालान किया गया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर बिना हेल्मेट, तीन सवारी एवं स्टंटबाजी करने वालों तथा न्यू कॉलोनी स्थित डॉक्टर गुलाम रसूल, आस्था हॉस्पिटल एवं डॉक्टर दाऊद अंसारी के सामने नो पार्किंग में खड़े वाहनों का चालान, गोरखपुर रोड, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड एवं बस स्टैंड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले अनुबंधित बस, ऑटो एवं ईझरिक्शा वाहनों के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही एवं बुलेट वाहन के साइलेंसर से पटाखे की आवाज निकालने वालों के विरुद्ध एम वी एक्ट में कार्यवाही की गयी। इस प्रकार अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने कुल 148 वाहनों का ई-चालान किया तथा 2 वाहनों को सीज किया।

## अधिशासी अध्यक्ष के निर्देशन में विशेष प्रशिक्षण अभियान शुरू

कुशीनगर। अवध शुगर मिल ढाढा हाटा के गेट परिक्षेत्र में शरद कालीन गन्ना बुवाई का क्षेत्रफल बढ़ाने को लेकर अधिशासी अध्यक्ष आरके गुप्ता के मार्गदर्शन में विशेष प्रशिक्षण अभियान शुरू हो गया है।

अनुसंधान, शोध तकनीक को गांव स्तर पर प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी, औसत उपज बढ़ाने, गन्ना विकास, ढाढा चीनी मिल व शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी, गन्ना की उत्पादकता, चीनी परता में वृद्धि करने, कृषकों की आय बढ़ाने के मूल उद्देश्य को लेकर कृषकों को जानकारी दी जा रही है। सोमवार को ग्राम बरसाना रामपुर मिश्री में किसानों को गोष्ठी में तकनीकी जानकारी दी गई। अधिशासी उपाध्यक्ष गन्ना रविंद्र सिंह ने दी बताया कि प्रथम चरण में 20 गांव में 8 दिसंबर से 17 दिसंबर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलेगा। जिनमें बरसाना, रामपुर मिश्री, डुमरी, सुकरौली, वस्या खुर्द पटनी, चिउरहा, सोनिया, अथिनायकपुर, धरमौली, चिलुआ, शंका पार बनवसिया, ईनरहा, सकरौली, कतौरा, रामपुर सोहरौना, टिकरी शामिल हैं। किसानों को अधिशासी उपाध्यक्ष, सहायक उपाध्यक्ष गन्ना मनोज बिश्नोई, जोनल इंचार्ज, गन्ना प्रबंधक मिल के गन्ना विकास योजनाओं की जानकारी देंगे।

अधिशासी अध्यक्ष आरके गुप्ता ने बताया कुशीनगर जिले का गन्ना औसत उपज 800 कुंतल प्रति हेक्टेयर है जबकि शामली जिले का 1023 कुंतल प्रति हेक्टेयर है।

पिछले पराई सत्र 24-25 से में ढाढा चीनी मिल में औसत गन्ना आपूर्ति मात्र 102 कुंतल प्रति एकड़ हुआ है जो बहुत कम है। विशेष प्रशिक्षण अभियान में उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच, गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक, गन्ना विशेषज्ञ ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा गन्ना प्रजातियों, भूमि व बीज उपचार, ट्रेंच विधि से गन्ना बोने से लाभ, संतुलित उर्वरकों का प्रयोग सह फसली से लाभ आदि विषयों पर जानकारी दी जाएगी।

संक्षेप

## पंचायत सहायकों ने मांगे स्मार्टफोन, टैबलेट

ललितपुर। विकास खण्ड बिरधा के पंचायत सहायकों ने पंचायत स्तर पर होने वाली डाटा फीडिंग को सुरक्षित बनाने के लिए स्मार्टफोन की मांग का ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। पंचायत सहायकों के एक समूह ने जिला सचिव अभिषेक बबेले और ब्लॉक अध्यक्ष रामबाबू के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पंचायत सहायकों ने मांग करते हुए कहा कि उनके द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं को ग्राम पंचायत स्तर पर क्रियान्वयन करने के लिए अपने निजी मोबाइल फोन का उपयोग किया जाता है जो कि उनकी निजी संपत्ति है और निजी मोबाइल में स्टोरेज एवं निजी डेटा चोरी की संभावनाएं भी बनी रहती है। अतरू पंचायत सहायकों ने मांग की कि उन्हें शासन स्तर से मोबाइल फोन अथवा टैबलेट आबंटित किए जाए जिससे सरकारी कार्यों का क्रियान्वयन सुनियोजित ढंग से किया जा सके। ज्ञापन पर भूपेंद्र रमेशरा, अभिषेक बरोदिया, अजय बेटना, राजेंद्र झरकोंन, प्रमेंद्र, शिल्पी, कलावती, कुसुम सहित अन्य पंचायत सहायकों के हस्ताक्षर बताए गए हैं।

## एकराय होकर युवक से मारपीट, धमकाया

ललितपुर। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला चैकाबाग में रहने वाले शक्ति राजा पुत्र भरत राजा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 3 दिसम्बर की रात करीब 8.10 बजे अपनी मौसी के लड़की की सगाई समारोह में शामिल होने के लिए लवकुश गार्डन जा रहा था। तभी रास्ते में ग्राम मैलवारा निवासी रिषव राजा पुत्र ऊतम बुन्देला, राजदीप, कल्लू व शेरवास निवासी रानू एकराय होकर आये और बिना कारण गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद आशीष पटेल पुत्र अखिलेश, रब्बू पटेल पुत्र भगत सिंह ने बीच-बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट कर धमकाया गया। इस हमले में उसे गंभीर चोटें आयीं हैं। पूरा घटनाक्रम वीडियो में भी उसके मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पहले बनाया दोस्त फिर बाइक लेकर हो गया फुर्र

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम झरकौन निवासी हरीसेवक पुत्र हीरालाल सेन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पुत्र गोलू सेन बीती 31 अक्टूबर को शाम करीब 6 बजे अपनी मोटरसाइकिल यू.पी.94 वाई 2449 डीलक्स काले रंग की गाड़ी से बाजार आया था। नझाई बाजार में एक अज्ञात लड़के से दोस्ती हुयी। आपस में दोनों बात करने लगे और एक दूसरे पर विश्वास जताने लगे। बताया कि दोनों इलाइट चैराहा स्थित पंजाबी होटल पर खाना खाने गये और उसी होटल के सामने मोटर साइकिल खड़ी कर दी। दोनों खाना खाने लगे और साथ में सेल्फी ली। पीड़ित ने बताया कि उक्त युवक ने अपना मोबाइल नम्बर दिया जो कि गलत है। खाना खाने के बाद दोनों होटल से बाहर आये और उक्त लड़के ने उसकी बाइक की चाबी मांगी और उसकी गाड़ी लेकर चला गया। पीड़ित ने बताया कि उसने सेल्फी की फोटो देखकर उसे खोजने की काफी कोशिश की, लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## लापता पुत्र की रपट लिखाने भटक रहा पिता

ललितपुर। एक दिसम्बर से लापता हुए सोलह वर्षीय किशोर की खोजबीन करते हुये भटक रहे पिता ने अब जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजा है। पत्र में पीड़ित ने बताया कि सम्बन्धित चैकी, थाना, कोतवाली पुलिस के अलावा एसपी कार्यालय तक में सूचना देने के बाद भी गुमशुदगी दर्ज नहीं की गयी। पीड़ित ने कहा कि पुलिस उसके खोए हुये पुत्र को खोजने में रूचि ही नहीं ले रही है। कोतवाली महरौनी क्षेत्रांतर्गत खितवांस में रहने वाले मलखान पुत्र स्व.नन्दू रजक ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र संस्कार जो कि कक्षा 11 का छात्र है। बताया कि एक दिसम्बर से उसका पुत्र बिना बताये कहीं चला गया है। शाम तब संस्कार वापस नहीं लौटा तो उन्होंने खोजबीन की, फिर भी नहीं मिलने पर वह 2 दिसम्बर को पुलिस चैकी खितवांस पहुंचे, जहां चैकी पुलिस ने संस्कार की गुमशुदगी दर्ज नहीं की। इसके बाद वह कस्बा महरौनी थाना व कोतवाली महरौनी भी गया।

# प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाली जीबीसी-5.0 के लिए जनपद से 6 हजार करोड़ के लक्ष्य प्राप्ति के लिए बैठक

जिला संवाददाता




**ललितपुर।** जिलाधिकारी ने सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 के लिए जिले के विभिन्न लाईन विभागों के साथ बैठक कर जनपद के निर्धारित लक्ष्य 6 हजार करोड़ से भी अधिक की प्राप्ति हेतु अलग-अलग सेक्टरों के लिए लक्ष्य निर्धारित किए। जिलाधिकारी ने दिये गए लक्ष्य से अधिक की निवेश प्राप्ति के लिए सम्बंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास, औद्योगिक निवेश में निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के अनेक प्रयास किये जा रहे हैं और इसमें विशेषतर बुन्देलखण्ड क्षेत्र को औद्योगिक हब बनाने की सरकार की योजना के लिए बल्क ड्रग फार्मा पार्क को विकसित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया होंगे। इन सब को ध्यान में रखते हुए अधिकारी अपने विभागों के अंतर्गत योजनाओं में निवेश करने वाले उद्यमियों को हर सम्भव सहायता प्रदान करते हुए उनका स्टार्टअप प्रारंभ करायें। बैठक के दौरान उन्होंने पर्यटन विभाग, चिकित्सा एवं शिक्षा, खनिज, उद्यान, वन, ऊर्जा, दुग्ध विकास, पशुपालन, खाद्य एवं रसद, कृषि, विनियमित क्षेत्र, परिवहन आदि विभागों में आने वाले निवेशकों की एक-एक कर समीक्षा करते हुए सभी विभागों के लक्ष्यों को निर्धारित करते हुए निर्देश दिये कि वह अपने निवेशकों से सीधा सम्पर्क कर उनकी औद्योगिक इकाईयां स्थापित करायें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी निवेशक को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। उनके लाईसेंस, अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि सम्बंधी कार्य त्वरित गति से पूरा करायें। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि वह स्वास्थ्य, उद्यान व परिवहन विभाग में अपने तकनीकी सहायक को भेजकर उनके निवेशकों का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पर्यटन विभाग, चिकित्सा एवं शिक्षा, खनिज, उद्यान, वन, ऊर्जा, दुग्ध विकास, पशुपालन, खाद्य एवं रसद, कृषि, विनियमित क्षेत्र, परिवहन आदि विभागों के अधिकारीगण व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

- लक्ष्य से अधिक निवेश की प्राप्ति के लिए अलग-अलग सेक्टरों के निर्धारित किये लक्ष्य
- निवेशकों के लाईसेंस व अनापत्ति प्रमाण पत्र जैसी समस्याओं को त्वरित गति से निस्तारित कराने के दिये निर्देश

# मेडिकल कॉलेज से फरार आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



**बांदा।** रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती के दौरान 25 हजार के ईनामी आरोपी को कोतवाली नगर और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के फरार होने के बाद पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने गिरफ्तारी के पुलिस को कड़े निर्देश दिए थे।

अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के पर्यवेक्षण में ईनामी बंदी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। 7 दिसंबर को जिला कारागार में निरूद्ध आरोपी अतुल पुत्र शिवबहादुर निवासी मुनऊ खेड़ा थाना बिहार जनपद उन्नाव को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया था। इसी दौरान अचानक मौका देखकर अस्पताल से फरार हो गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज करने के पश्चात गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल टीमों का गठन कर तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस, संभावित स्थानों पर दबिश व मुखबिर की सूचना से समन्वय स्थापित कर पुलिस ने कोतवाली नगर क्षेत्र के केसीएनआईटी कॉलेज के पीछे भवानीपुरवा प्रागी तालाब के पास एक व्यक्ति दिखाई पड़ा। पुलिस ने अतुल नाम के आरोपी को आत्मसमर्पण के लिए कहा उसने पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी और पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गया। घायल आरोपी अतुल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके पास से तमंचा, दो कारतूस व तीन खोखा कारतूस तथा 600 रुपये नगद बरामद हुए हैं। आरोपी के ऊपर डेढ़ दर्जन से अधिक गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर बलराम सिंह की टीम एवं प्रभारी एसओजी आनंद कुमार सिंह टीम के साथ रहे।

# सदर विधायक ने मतदाता सूची का किया अध्ययन

बांदा। एस.आई.आर. के अंतर्गत मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं विशेष पुनरीक्षण कार्य प्रगति की समीक्षा के लिए सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने सोमवार को बूथ संख्या 71 से 80 स्थित पोलिंग स्टेशन-जीजीआईसी कॉलेज व बूथ 125 से 129 स्थित पोलिंग स्टेशन-खिन्नी नाका विद्यालय में कैम्प का आयोजन किया। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रकाश द्विवेदी के साथ नगर अध्यक्ष, सम्बन्धित बी0एल0ओ0, बूथ अध्यक्ष, पदाधिकारी तथा स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक ने प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूची का सघन अध्ययन, घर-घर सत्यापन की प्रगति, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृतक एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बूथ स्तर पर मौजूद कार्यकताओं एवं बी0एल0ओ0 को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में निश्चित रूप से दर्ज हो और कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। मतदाता सूची में त्रुटियों को शीघ्रता से सुधारने के लिए टीम प्रभावी ढंग से कार्य करे तथा बूथों पर विशेष ध्यान देकर एस0आई0आर0 के सभी बिंदुओं का समयबद्ध अनुपालन किया जाए। उन्होंने मतदाताओं से संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं तथा भरोसा दिया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और सशक्त बनाने के लिए हर स्तर पर पारदर्शिता व सतर्कता से कार्य किया जाएगा। नगर अध्यक्ष ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है और प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूची को शुद्ध व अद्यतन बनाने के लिए टीम सक्रिय रूप से लगी हुई है। विधायक प्रकाश द्विवेदी ने सभी बी0एल0ओ0, बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके परिश्रम से ही मतदाता सूची पूरी तरह सटीक और अपडेट हो पाएगी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता उर्फ रज्जन, जिला मंत्री पंकज रैकवार, उत्तम सक्सेना, विधानसभा संयोजक अमित सेठ भोलू, पूर्व चेयरमैन विनोद जैन, वेद शर्मा, न्राजपूत, शनी धुरिया, देवेश ओमर, कार्यकर्ता व बी0एल0ओ0 मौजूद रहे।

# कैरियर मेले में छात्राओं को जानकारी, किया जागरूक



**बांदा।** मिशन शक्ति अभियान के चलते सोमवार को चिल्ला थाना क्षेत्र के राजकीय हाई स्कूल गुगौली में कैरियर मेले का आयोजन हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा अनेक विभागों से संबंधित झांकियां बनाईं।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार दुबे, पुलिस टीम, ग्राम प्रधान एवं गांव के संभ्रांत लोग मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक ने छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के महत्व के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया और शासन की चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर आपातकालीन सेवा 112, वूमेन पावरलाइन 1090, स्वास्थ्य सेवा 102, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया। उन्होने वर्तमान में हो रहे साइबर अपराध तथा उनसे बचने के उपायों की जानकारी देने के साथ ही यातायात के समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी देकर जागरूक किया। इसके अलावा उन्होने राज्य सरकार की अनेक योजनाओं के बारे में जानकारी एवं स्कूल आने-जाने वाले मार्ग में किसी प्रकार की समस्या पर भी बात की। थाना प्रभारी ने झांकियों का अवलोकन करने के साथ ही बच्चों को उनके भविष्य के लिए सोंचे गये सपनों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान एसएचओ अनूप कुमार दुबे, उप निरीक्षक केशव सिंह, ज्योत्सना नायक, हेड कांस्टेबल प्रेमचंद्र, महिला कांस्टेबल रचना सेजबाल, कांस्टेबल योगेश गौर, प्रधानाध्यापिका मोहिनी नंदकिशोर, शिक्षिका पूजा तिवारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## 2 लाख 62 हजार की नकली भारतीय मुद्रा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना कुलपहाड़ पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। दिनांक 7 दिसंबर 2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना कुलपहाड़ प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा थाना स्तर पर टीम का गठन कर रेलवे स्टेशन बेलाताल की पुरानी स्टेशन बाउंड्री गेट के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग करायी जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी में उसके कब्जे से 262000 की भारतीय नकली मुद्रा बरामद हुई। जिसमें 200 रुपए के 684 नोट तथा 100 रुपए के 1252 नोट थे। पूछताछ में अभियुक्त की पहचान देवेन्द्र अहिरवार पुत्र स्वर्गीय छेदामी उम्र लगभग 33 वर्ष निवासी ग्राम आरी थाना अजनर जनपद महोबा के रूप में हुई। जिसके द्वारा बताया गया कि अंकुल नामक एक व्यक्ति द्वारा इसको नकली मुद्रा दी गयी थी। नकली रुपये रखने एवं प्रचलन में लाने के अपराध में अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कुलपहाड़ पर धारा 179/180 बीएनएस पंजीकृत कर अभियुक्त देवेन्द्र को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया तथा वांछित अभियुक्त अंकुल की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर दिया गया है।

## विकास प्राधिकरण ने ध्वस्त की अवैध प्लाटिंग




**बांदा।** विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने सोमवार को नरैनी रोड मेडिकल कॉलेज के पीछे की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। यह अवैध प्लाटिंग भू-स्वामी उर्मिला, किशोरी उर्फ गुल्लू, विक्रेता अजीत गुप्ता, प्रकाश मिश्रा एवं राजभवन उपाध्याय ने कराई थी। सचिव बांदा विकास प्राधिकरण ने बताया कि यहां अवैध प्लाटिंग किए जाने पर प्राधिकरण ने 31 जुलाई को चालानी कार्रवाई कर वाद संख्या 124/2025 योजित की गयी और विपक्षी को पर्यापत अवसर दिए जाने के उपरांत 22 सितम्बर को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। विपक्षी को निर्देश दिए गये कि इस प्लाटिंग को 30 दिन के अंदर खुद हटाते हुए प्राधिकरण को सूचित करें लेकिन उन्होने इस आदेश का पालन न करने पर प्राधिकरण ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, नायब तहसीलदार एवं प्राधिकरण का प्रवर्तन दल मौजूद रहा। विकास प्राधिकरण ने शहर के लोगों से अपील की है, कि किसी भी अवैध प्लाटिंग में प्लाट न खरीदें। अवैध प्लाटिंग पर क्रय-विक्रय करना अपराध है और कभी भी प्राधिकरण की कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# नागरिक सुरक्षा कोर स्थापना दिवस मनाया गया




ललितपुर। कलेक्ट्रेट में स्थापित नागरिक सुरक्षा विभाग में नागरिक सुरक्षा कोर स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। डीएम के निर्देश पर एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में व एफएसओ, उनकी टीम के साथ व स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा स्काउट गाइड एनसीसी आपदा मित्र आपदा सखी नागरिक सुरक्षा को ललितपुर के कर्मचारी व स्वयंसेवकों के समन्वय से मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन पर चर्चा तथा जन जागरण के कार्यक्रमों के साथ आयोजन किया गया। एडीएम ने अग्निकांड आपदा तथा किसी भी घटना दुर्घटना के समय त्वरित कार्यवाही किस प्रकार किया जाना है उसे पर विस्तृत जानकारी दी गई। अग्निकांड आपदा से संबंधित मॉक ड्रिल कर आम जनमानस को एवं छात्र-छात्राओं वॉलिंटियर्स को जागरूक किया गया। आपदा विशेषज्ञ आरती सिंह के संचालन में कार्यक्रम का शुरूआत किया। अग्निकांड आपदा से किस तरीके से आग बुझाने सही होता है तथा किसी बिल्डिंग में लगी आग में किस तरह रेस्क्यू कर लोगों को बचाया जा सकता है अग्निकांड आपदा से बचाव व उसके प्रकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। डा.राजीव गुप्ता द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी के साथ प्रभावित व्यक्ति को यदि सीपीआर की जरूरत होती है तो सीपीआर देने का भी विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर एडीएम, एफएसओ, डा.राजीव गुप्ता, फायर सर्विस टीम से रामपाल, मदन लाल व उनकी टीम, स्वास्थ्य विभाग से एंबुलेंस टीम तथा एनसीसी प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला, रमेश कुमार तिवारी, नेमवि से डा. राजीव कुमार निरंजन, डा.दीपक कुमार पाठक के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए करें आवेदन: डॉ. अमित

ललितपुर। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.अमित तिवारी ने बताया कि डीएम के निदेर्शानुसार प्रत्येक बुधवार को मेडीकल कॉलेज के कमरा 25 में मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगता परीक्षण करते हुये दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जायेंगे। दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने कि प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके उपरांत आवेदनकर्ता को किसी भी बुधवार को मेडीकल कॉलेज जाकर कमरा नम्बर 25 में चिकित्सकीय परीक्षण कराना होता है। तदुपरांत ऑनलाइन आवेदन दिव्यांगता रिपोर्ट एवं आधार कार्ड के साथ सीएमओ कार्यालय में जमा करना होता है जिसके उपरांत दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन निर्गत कर दिया जाता है। जिन दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन नहीं है, वे स्वावलंबन वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत यू.डी.आई.डी. कार्ड बनवा सकते है। सीएमओ कार्यालय द्वारा दिव्यांग प्रमाण जारी करने की प्रक्रिया निशुल्क है। जिले में 31 अक्टूबर 2025 तक कुल 8720 ऑनलाइन दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किये जा चुके है। प्रभारी सीएमओ ने सभी पात्र लाभार्थियों से दिव्यांग मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की अपील की।

## पेंशन शहीद स्व.रामाशीष को अटेवा ने दी श्रद्धांजलि

ललितपुर। ऑल टीचर्स, इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के प्रदेशाध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर अटेवा ने रविवार को पेंशन शहीद स्व.डा.रामाशीष सिंह की नवम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके बलिदान को याद किया। सभी अटेवियंस द्वारा स्व.रामाशीष के चित्र के सामने मोमबत्ती जलाकर एवं दो मिनट का मौन धारण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं पुरानी पेंशन बहाली के संकल्प को दोहराया गया। इस दौरान अटेवा जिलाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली हम सभी शिक्षक कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है। इसी हेतु स्व.रामाशीष ने अपने प्राणों की आहूति दे दी।

# ट्रेनों में चोरियों के मामले बढ़ रहे, मुसाफिर परेशान

**ललितपुर।** ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के बेशकीमती सामान, मोबाइल फोन्स व अन्य सामान चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। हालांकि ऐसी चोरियों के मामले जीआरपी पुलिस दर्ज तो कर लेती है, लेकिन ट्रेनों में चलने वाले अवैध बैण्डरों के खिलाफ कार्यवाही यदा-कदा ही की जाती हैं। बीते रविवार को जीआरपी ललितपुर को ट्रेनों में हुयीं चोरियों की तीन मामले प्राप्त हुयी, जिनमें एफआईआर दर्ज कर विवेचनात्मक कार्यवाही शुरू कर दी गयी हैं।

**तीन एफआईआर दर्ज, सुरक्षा इंतजाम पर उठे सवाल**

### मामला-01

महाराष्ट्र राज्य के मुम्बई अंतर्गत पंतनगर निवासी कुमारी काजोल वर्मा पुत्री जसवंत कुमार वर्मा ने जीआरपी ललितपुर पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह ट्रेन संख्या 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस के कोच नं. ए-1 की सीट संख्या 33 पर बभनान से मुम्बई तक की यात्रा कर रही थी। आरोप है कि लखनऊ निकलने के बाद वह सो गयी, जब उसकी नींद 7 दिसम्बर की रात करीब 1.30 बजे खुली तो उसने देखा कि उसका लेडीज पर्स जिसमें दो मोबाइल फोन थे, चोरी हो गया। जीआरपी पुलिस ने महिला की तहरीर पर बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मामला-02

भारत के पांडिचेरी में कराईकल, टी.आर.पात्तिनाम में कारेकल गांधी रोड टीआर पटीनाम निवासी मोहम्मद फैजल पुत्र जहावर सिद्दीक ने जीआरपी ललितपुर को तहरीर दी है। बताया कि वह बीती 16 नवम्बर को ट्रेन नं. 12622 तामिलनाडू एक्सप्रेस के कोच नं. बी-4 बर्थ नं. 71 पर नई दिल्ली से चेन्नई की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना मोबाइल जिसकी कीमत 56 हजार रुपये अपनी सीट पर सिरहाने रखकर सो गया। सुबह करीब 3.20 बजे उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसका मोबाइल अज्ञात बदमाश चोरी करके ले गया। जीआरपी पुलिस ने यात्री की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मामला-03

मध्य प्रदेश के जिला रायसेन अंतर्गत सांची गुलगांव अंतर्गत एमआईजी 61 वार्ड नं.13 डी.हेड गेवार कालोनी में रहने वाली उमा शर्मा पुत्री बृजमोहन शर्मा ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 25 नवम्बर को वह ट्रेन संख्या 12722 दक्षिण एक्सप्रेस के कोच नं. बी-4 की बर्थ नं. 36 में मथुरा से विदिशा की यात्रा कर रही थी।

ललितपुर रेलवे स्टेशन पर देखने पर उसका एक काले रंग का बैग जिसमें एक मैक बुक एम-1 मूल्य 85 हजार रुपये, एच.पी. कम्पनी का लैपटॉप, मैकबुक, आईफोन, चार्जर, जियो फाई, जेबीएल एयरफोन, पावर बैंक, गलास कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। यात्री की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## तेज डीजे की आवाज से महिला की मौत

बांदा। जसपुरा थाना क्षेत्र की रामपुर ग्राम पंचायत में शादी समारोह के दौरान तेज डीजे की आवाज से महिला की तबियत बिगड़ गयी और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

## रैक प्वाइंट से भेजी गयी खाद, हो रहा वितरण




**बांदा।** किसानों को रबी फसलों की बुवाई के लिए डीएपी और यूरिया खाद सोमवार को रैक प्वाइंट से वितरण केन्द्रों को भेजी गयी। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अंशल कुमार ने बताया कि बी-पैक्स नवीन क्योटरा, पपरेंदा, जौरही, बड़ा गांव, बिलगांव, डीसीडीएफ के दो केन्द्रों मंडी समिति बांदा, उपभोक्ता भंडार, सहकारी संघ लिमिटेड गिरवां, तिंदवारी, छिलोलर, जसपुरा, खुरहण्ड, नरैनी, बिसंडा, बबेरू तथा अन्य सहकारी वितरण केन्द्रों को भेजी गयी। सोमवार को बी-पैक्स गड़रिया, चंदवारा, तिंदवारी समेत लगभग एक दर्जन से अधिक वितरण केन्द्रों में किसानों को खाद बांटी गयी। उन्होने बताया कि जिले में इफ्को यूरिया 1569.726 मीट्रिक टन एवं क्रभको यूरिया 1 हजार मीट्रिक टन रविवार को रैक प्वाइंट पर पहुंची है। यह सीधे खाद बिक्री केन्द्रों को भेजी जा रही है। उन्होने कहा कि फॉस्फेटिक उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और यह मांग के अनुसार समितियों, बिक्री केन्द्रों को भजी जा रही है।

# भारत की स्ट्रेटेजिक एटानमी

भारत ने एक बार फिर अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को सर्वोपरि रखते हुए जहां नयी दिल्ली में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का भव्य स्वागत किया वहीं पश्चिमी दुनिया के साथ भी मधुर कूटनीतिक और व्यापारिक संबंधों का हिमायती है। यूक्रेन युद्ध पर भी प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि हम शांति के पक्ष में हैं। क्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की पहली भारत यात्रा की हर तरफ चर्चा हुई। इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच एक ऐसे रिश्ते की मजबूती का प्रदर्शन किया है जो तेजी से बदलते भू-राजनीतिक हालात और मौजूदा परिस्थितियों में भी अडिग रहा है जबकि भारत और रूस दोनों ही अमेरिका के दबाव से गुजर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वयं पुतिन की अगवानी करना और एक ही वाहन में दोनों नेताओं का प्रधानमंत्री आवास पहुंचना, दोनों देशों के रिश्तों की गर्मजोशी को दर्शाता है। राष्ट्रपति भवन में भी पुतिन का जोरदार स्वागत किया गया। ये तमाम बातें भारत-रूस संबंधों में पिछले कई दशकों से चली आ रही स्थिरता परिलक्षित करती है। मगर बड़ा प्रश्न यह है कि क्या पुतिन की यह भारत यात्रा वाकई किसी ठोस लाभ में तब्दील हो पाई? रूस इस समय एक साथ कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। पश्चिमी देश पुतिन को दरकिनार करने में लगे हैं और उनका देश बढ़ते आर्थिक प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। यूक्रेन पर शांति वार्ता भी जटिल दौर से गुजर रही है। मगर इन सब के बीच भारत जैसे मजबूत एशियाई देश की यात्रा



पुतिन और रूस दोनों के लिए एक बड़ी ताकत का संचार करने वाली है। रूस से तेल खरीदने के फैसले के परिणाम स्वरूप अमेरिकी शुल्कों का सामना कर रहा भारत भी अमेरिका के साथ अपने बिगड़े संबंध साधने में जुटा है। मगर भारत ने पुतिन की इस यात्रा को वैश्विक मामलों में अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के तौर पर पेश किया। मोदी का यह बयान कि भारत तटस्थ नहीं है बल्कि शांति के पक्ष में है, शायद यूक्रेन में पुतिन की कार्रवाई की एक अप्रत्यक्ष आलोचना है। इसके अलावा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को भारत आने का निमंत्रण और यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व को गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करना इस संदेश को और मजबूती से रेखांकित करता है। मगर इस रणनीतिक स्वायत्तता की असली परीक्षा अभी होनी बाकी है। पहली बात यह कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता अभी कोई शक्ल नहीं ले पाया है। दूसरी तरफ ट्रंप प्रशासन चीन के साथ लगातार बातचीत कर रहा है जबकि वह रूस के साथ उसके (चीन) गहरे आर्थिक संबंधों से अच्छी तरफ वाकिफ है। यह भी कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की स्थिति थोड़ी कमजोर होती दिख रही है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत यात्रा करने की योजना रद्द कर दी है। भारत को इस साल चार देशों के 'क्वाड' शिखर सम्मेलन की मेजबानी करनी थी। यह सवाल भी मुंह बाये खड़ा है कि क्या पुतिन की यात्रा से भारत को तत्काल अपने किसी उद्देश्य की पूर्ति करने में मदद मिली है। मगर भविष्य के लिए कई दावे किए गए हैं जिनकी बुनियाद मुख्य रूप से 2024 में मोदी की रूस यात्रा के दौरान रखी गई थी। पुतिन की दो दिवसीय भारत यात्रा में द्विपक्षीय व्यापार को वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने, पांच सदस्यीय यूरेशियाई आर्थिक संघ पर बातचीत जारी रखने, पुतिन की तरफ से यूरोपीय संघ को तीखी प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय मुद्राओं और डिजिटल भुगतान के इस्तेमाल से व्यापार को सक्षम बनाने जैसी कई प्रमुख बाते रहीं। भारत और रूस में व्यापार, परिवहन और नागरिक परमाणु सौदों में सहयोग से जुड़े समझौते भी हुए। रूस की छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों में विशेषज्ञता को देखते हुए ये समझौते काफी महत्त्वपूर्ण हैं। कुल मिलाकर भारत जहां एक तरफ रूस के साथ अपनी दशकों पुरानी और समय पर खरी उतरी दोस्ती को बहुत महत्व देता है वहीं पश्चिमी दुनिया से भी मधुर संबंध चाहता है और यही रणनीतिक स्वायत्तता है।

---

**विचार**

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

# विकसित भारत के लिए खत्म करें 'एनर्जी गैप'



संजय श्रीवास्तव

> सरकार एनर्जी गैप यानी विद्युत उत्पादन और आपूर्ति के बीच के अंतर को पाटने के लिए प्रयासरत है। उसकी कोशिशों के बेहतर परिणाम बताते हैं कि काम कठिन अवश्य है पर उसका समयबद्ध कार्यक्रम सफल होगा, तब देश का कोई कोना अंधेरे में नहीं रहेगा बल्कि राष्ट्रीय विकास यात्रा का सहयात्री बनेगा।

**विमर्श**

सरकार के विद्युत उत्पादन वृद्धि के गंभीर प्रयास सार्थक, सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं यह बतौर आंकड़े सबके सामने हैं। लेकिन हालिया रिपोर्ट कहती है कि इसके बावजूद देश में अभी भी 'एनर्जी गैप' मौजूद है, जो कि शोचनीय है। विभिन्न दलों ने कई बार चुनावी दावे किए कि हम सत्तासीन हुए तो देश का कोई कोना अंधेरे में नहीं रहेगा या सरकारों ने कहा, हमने गांव, गांव तक बिजली पहुंचा दी है, लेकिन भारत में एनर्जी गैप यानी ऊर्जा अंतर या कहें ऊर्जा की मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर आज भी एक महत्वपूर्ण चुनौती है। हमारी तीव्रगामी अर्थव्यवस्था, शहरीकरण, बाजार तथा व्यक्तिगत उपभोग में बिजली की बढ़ती खपत के कारण देश में विद्युत ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ रही है। बीते दो वर्षों में इसमें तकरीबन 50 गीगावाट की बढ़त हुई है। यह कटु सत्य है कि देश के बहुत से क्षेत्रों में ऊर्जा आपूर्ति सीमित, अस्थिर या शून्य है। सामान्यतः ऐसी स्थिति में समझा जाता है कि सुदूर, दुर्गम अथवा विरल जन क्षेत्रों में ऐसा है भी, तो क्या ही फर्क पड़ता है। विकास की तीव्र गति अगले पांच साल के भीतर देश के हर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर देगी।

देश का कोई भी हिस्सा यदि ऊर्जा अंतर का शिकार है तो वह देश की एक कमजोर कड़ी है। कहावत है कि कोई जंजीर उतनी ही मजबूत होती है, जितनी उसकी एक कमजोर कड़ी। ऊर्जा अंतर का शिकार इलाका छोटा हो या बड़ा, महत्वपूर्ण हो या गौण, वस्तुतः वह सामाजिक, आर्थिक विषमताओं का शिकार है और देश की प्रगति में अपना आपेक्षिक योगदान नहीं दे पा रहा, यह बात बहुत महत्वपूर्ण है। कुछ बरसों बाद देश में बिजली आपूर्ति सर्वव्यापी होगी, यह आशावादिता स्वागतयोग्य है। सरकार की कोशिशों को देखकर अनुमान सत्य हो सकता है, पर असलीयत यह है कि अभी तक ऐसा हो नहीं पाया है। जब तक पर्याप्त विद्युत उत्पादन नहीं होगा, व्यापक अवसंरचना विकसित नहीं होगी, तब तक आपूर्ति के बारे में सुनिश्चित कैसे हुआ जा सकता है। यह एनर्जी गैप भविष्य में कई क्षेत्रों पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा। यह स्थिति ऊर्जा की कीमतों, उपलब्धता और स्थिरता पर तो असर डालेगी ही, इसके कई परोक्ष प्रभाव भी हैं, यथा औद्योगिक उत्पादन में बाधा, जो रोजगार और सकल घरेलू उत्पाद पर असर डालेगी। सिंचाई और कोल्ड स्टोरेज जैसी सुविधाएं प्रभावित होने से खाद्य सुरक्षा संकट में पड़ेगी। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में विकास की गति और धीमी हो जाएगी। डिजिटल शिक्षा और स्मार्ट क्लासरूम जैसी योजनाएं मंथर गति से चलेंगी तो यह ह्लऊर्जा अंतरह्व स्मार्ट ग्रिड, इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्ट और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को धीमा कर देगा। बेशक हमें समझना होगा कि तमाम कोशिशों के बाद भी एनर्जी गैप क्यों है? विद्युत उत्पादन तथा आपूर्ति के इस अंतर को दूर करने के लिये सरकार अपनी ऊर्जा रणनीति को किस तरह से लागू करे, उसे इस दिशा में चल रहे कार्यक्रमों के अलावा और क्या करना होगा। निजी उपक्रम कौन कौन से टूल्स, टेक्नीक अपना सकते हैं?

ऊर्जा आपूर्ति के विकेंद्रीकरण का सुझाव कितना फायदेमंद रहेगा। आंकड़े और तकनीक मिलकर कौन सी प्रविधि विकसित करें, जो यह बताये कि किसे किस समय कितनी बिजली की अहम आवश्यकता है? वैकल्पिक ऊर्जा का क्या इंतजाम हो? पीएम सौर ऊर्जा अथवा ऐसी योजनाएं कैसे लागू करें कि शीघ्र असर दिखाएं? इन सब पर समेकित विचार आवश्यक है। इसके लिए यह जानना जरूरी है कि देश किस स्त्रोत से कितनी बिजली और बनाए कि वह अपनी बढ़ती जरूरतों के अलावा पर्यावरण का मिलेनियम गोल भी पूरा कर सके? देश के कितने इलाके या क्षेत्रफल अभी भी बिजली की नियमित आपूर्ति से छूटे हुए या वहां विद्युत आपूर्ति सीमित अथवा शून्य है? ग्रामीण इलाकों तक बिजली पहुंचाने का खर्च कैसे कम हो? ऊर्जा अंतर के खात्मे हेतु हमारे पास दृढ़ इच्छाशक्ति, सटीक शुद्ध आंकड़े, सुस्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कार्य नीति तथा सक्षम टूल्स और टेक्नीक के साथ सक्रिय क्रियान्वयन आवश्यक है। इन सबकी उपस्थिति में मिलेनियम गोल से पहले यह लक्ष्य पाया जा सकता है। इन सबके लिये व्यवस्था को यह स्वीकारना होगा कि हम देश के सभी इलाकों में बिजली नहीं पहुंच पाये हैं। इसके संबंध में किए जाने वाले सरकारी दावे सियासी जुमले हैं। देश वास्तव में एनर्जी गैप से मुक्त नहीं है। बात आती है वास्तविक आंकड़ों की, जिनके आधार पर संबंधित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन होगा तथा सफलता और प्रगति आंकी जाएगी। ऊर्जा कुशलता का मूल्यांकन बहुत हद तक इन आंकड़ों की गुणवत्ता पर ही निर्भर करता है।

भारत में इससे संबंधित आंकड़े हासिल करने के लिए कई स्त्रोत हैं। केंद्रीय बिजली प्राधिकरण, केंद्रीय बिजली नियामक आयोग, ग्रिड इंडिया, ऊर्जा, कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के मंत्रालय से भी विद्युत उत्पादन के आंकड़े मिलते हैं। रिन्यूएबल एनर्जी और संबंधित विभाग के इंटरएक्टिव डैशबोर्ड, भारत सरकार का सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की एनर्जी स्टैटिस्टिक्स इंडिया वार्षिकी, ऊर्जा से जुड़े मंत्रालयों और संस्थानों, नीति आयोग जैसे इसके तमाम स्त्रोत मौजूद हैं। अलग अलग स्त्रोत एक ही विषय में भिन्न आंकड़े देते हैं। प्राथमिक ऊर्जा की खपत और उत्पादन के इन आंकड़ों के बीच विशाल अंतर की अनदेखी नहीं की जा सकती है। घरेलू आंकड़ों और अंतर्राष्ट्रीय स्त्रोतों से मिलने वाले आंकड़ों में इतना फर्क है कि वे देश में ऊर्जा से जुड़े बदलाव की बात को तकार्तीत बना देते हैं।

हालांकि ऊर्जा की मांग और आपूर्ति से जुड़ें आंकड़ों के स्त्रोतों का विस्तार सकारात्मक है फिर भी इनको इकट्ठा और इनका मिलान करके, सुबोध तरीके से प्रस्तुत करने के लिए किसी केंद्रीय एजेंसी का न होना, दुर्दमनीय चुनौती बना हुआ है। इसका समाधान निकाला जाना चाहिये। सुनिश्चित आंकड़े यह काम आसान करेंगे। फिलहाल आंकड़े कहते हैं कि हमने विद्युत उत्पादन और आपूर्ति अथवा खपत के अंतर को काफी हद तक पाटा है। लेकिन आंकलन है कि 2027 तक भारत को शाम के समय 40 गीगावाट तक बिजली की कमी का सामना करना पड़ेगा। बिजली की मांग 2047 तक चार गुणा बढ़ सकती है। असल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कूलिंग और ट्रांसपोर्ट में बिजली की खपत बढ़ रही है। ह्यरिन्यूएबल्स 2025 की ग्लोबल स्टेटस रिपोर्टह्न बताती है जिस गति से हम अक्षय ऊर्जा बनाने की ओर बढ़ रहे हैं, उस चाल से 2030 तक अक्षय ऊर्जा के निर्माण लक्ष्य में हम 6 टेरावाट से अधिक पीछे रहेंगे, यह कमी उतनी है, जितनी कि हमने आज तक कुल अक्षय ऊर्जा उत्पादित की है। ऐसे में मांग और पूर्ति के बीच बढ़ती खाई को भरने के लिए तत्काल नीतिगत कार्रवाई की आवश्यकता है। सौर ऊर्जा के साथ स्टोरेज क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान देना सबसे अच्छा विकल्प है। सौर ऊर्जा संयंत्रों को नए थर्मल और हाइड्रो प्लांट्स की तुलना में कहीं तेजी से स्थापित किया जा सकता है। ऊर्जा दक्षता में सुधार भी इसमें सहायक होगा। राष्ट्रीय विद्युत योजना 2022 से 32 के तहत ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए 2032 तक कुल 33 लाख करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी देने पर यह अंतर भरने में मददगार होगी। पीएम कुसुम, सूर्यघर, पैट उजाला जैसी योजनाएं भी इस लक्ष्य को पाने में सहायक साबित होंगी। एक करोड़ मकानों पर 'सोलर रूफटॉप' स्थापित करने, उत्पन्न अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में ले जाने की योजना बेहतर है। भारत में ऊर्जा अंतर एक जटिल चुनौती है, लेकिन इससे निबटने के लिए सरकार के कार्यक्रम सही दिशा में हैं।

**सोशल मीडिया**

रामलला की मंदिर के शिखर पर लगाई जाने वाली धर्मध्वजा उस धर्म का प्रतीक है जिसने भारत को धारण कर रखा है, जिसने संपूर्ण संसार को धारण कर रखा है। सुधांशु त्रिवेदी.



जरूरी मुद्दों से देश का ध्यान भटकाने के लिए संसद में वंदे मातरम पर बहस की जा रही है क्योंकि सरकार इस देश के वर्तमान की असलियत छिपाना चाहती है। प्रियंका गांधी.



गुजरात के वडोदरा में सरदार पटेल के 150वीं जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित सरकार गाथा कार्यक्रम में शामिल हुआ भारत को एकता के सूत्र में पिरोने वाले नायक थे सरदार। राजनाथ सिंह.



# नारी का पराक्रम

**अंतर्दृष्टि**

इतिहास महिलाओं के पराक्रम से भरा हुआ है। भारत की धरती पर ऐसी नारियों ने जन्म लिया है जिन्होंने पूरे नारी समाज का गौरव बढ़ाया है। समय-समय पर धरती पर ऐसी नारियों ने जन्म लिया है जिन्होंने न सिर्फ नारी धर्म का आदर्श कायम किया है बल्कि उन्होंने पूरे समाज को दिशा दी है। ऐसी विदुषी, त्यागी और धर्मपरायण नारियों का आज भी दुनिया में गौरवगान होता है। भगवान श्रीकृष्ण की अर्धांगिनी सत्यभामा ने द्रोपदी से प्रश्न किया- हे द्रौपदी! कैसे तुम अति बलशाली पाण्डु पुत्रों पर शासन करती हो? वे कैसे तुम्हारे आज्ञाकारी हैं तथा तुमसे कभी कुपित नहीं होते? तुम्हारी इच्छाओं के पालन हेतु सदैव प्रस्तुत रहते हैं। मुझे इसका कारण बतलाओ। द्रौपदी ने उत्तर दिया- हे सत्यभामा! पाण्डु पुत्रों के प्रति मेरे व्यवहार को सुनो- मैं अपनी इच्छा, वासना तथा अहंकार को वश में कर अति श्रद्धा एवं भक्ति से उनकी सेवा करती हूं। मैं किसी अहंकार-भावना से उनके साथ व्यावहार नहीं करती। मैं बुरा और असत्य भाषण नहीं करती। मेरा हृदय कभी किसी सुंदर युवक, धनवान या आकर्षण पर मोहित नहीं होता। मैं कभी नहीं स्नान करती, खाती अथवा सोती जब तक कि पति नहीं स्नान कर लेते, खा लेते अथवा सो जाते एवं तब तक जब तक कि हमारे समस्त सेवक तथा अनुगामी नहीं स्नान कर लेते, खा लेते या सो जाते। जब कभी भी मेरे पति क्षेत्र से, वन से या नगर से लौटते हैं, तो मैं उसी समय उठ जाती हूं। उनका स्वागत करती हूं तथा उनको जलपान कराती हूं। मैं घर के सामान तथा भोजन को सदैव स्वच्छ एवं क्रम में रखती हूं। सावधानी से भोजन बनाती तथा ठीक से परोसती हूं।

मैं कभी भी कठोर शब्द नहीं बोलती। कभी भी अनुलाओं का अनुसरण नहीं करती। मैं वहीं करती हूं जो उनको रुचिकर तथा सुखकर लगता है। कभी भी आलस्य तथा सुस्ती नहीं दिखाती। बिना विनोदावसर के नहीं हंसती। मैं द्वार पर बैठ कर व्यर्थ समय नष्ट नहीं करती। मैं क्रीड़ा-उद्यान में व्यर्थ नहीं ठहरती, जबकि मुझे अन्य काम करने होते हैं। जोर-जोर से हंसना, भावुकता तथा अन्य इसी प्रकार अप्रिय लगने वाली वस्तुओं से अपने को बचाती एवं सदैव पति-सेवा में रत रहती हूं। पति-बिछोह मुझे कभी नहीं सुहाता। जब कभी मेरे पति मुझे छोड़कर बाहर जाते हैं तो मैं सुगन्धित पुष्पों तथा अंगराग का प्रयोग न कर जीवन कठोर तपस्या में बिताती हूं। मेरी रुचि अरुचि, मेरे पति की रुचि-अरुचि ही है और उन्हीं की आवश्यकतानुसार अपना समायोग करती हूं। मैं प्राण-प्रण से अपने पति की भलाई चाहती हूं। मेरे पति मेरे मार्गदर्शक हैं। मैं कभी भी अपनी सास की बुराई नहीं करती। मैं कभी भी सोने, खाने अथवा अलंकरण में अपने पति की इच्छा के प्रतिकूल नहीं जाती। इसलिए मेरे पति की हमेशा हमारे ऊपर प्रसन्नता बनी रहती है।

# टीआरपी की कसरत...

**व्यंग्यलोक**

टीआरपी की कसरत जारी है। खटाखट खबरें फेंकने का कार्यक्रम जारी है। खबरीलाल पुलिस कोर्ट कचहरी से लेकर स्वयं विधाता बना हुआ है। कल सबको खा जाऊंगा (केएसकेजे) न्यूज चैनल में सेठ जी खबरें चेप रहे हैं। चैनल चेयरमैन चंद्रप्रकाश चक्रम चौवन के पार छलांग लगा रहे हैं। सिर्फ बिजनेस मैन हैं। शुद्ध खांटी बिजनेसमैन! दारू के ठेके। जूतों के कारखाने। कई स्कूलों के मालिक और ना जाने कौन-कौन से बिजनेस! कभी ईडी-इनकम टैक्स, कभी सीबीआई, कभी पुलिस आदि के पूजा पाठ से परेशान होकर उन्होंने न्यूज चैनल के बिजनेस में अपनी टांग फंसा दी। खटाक टुडे- 'असली खबर है सिर्फ यहीं!' खबरों में खबर हो, खटाक खबरवा! अरे वाह वाह खबर वाह! उस दिन कोरोना महामारी पर वैश्विक चर्चा हो रही थी। इसी समय न्यूज चैनल 'खटाक टुडे' नागिन- 4 पर कोई प्रायोजित कार्यक्रम चला रहा था। कोई चैनल वीर क्रिकेट वर्ल्ड कप का रिकॉर्डेड प्रोग्राम दिखाने लगा और किसी ने बॉलीवुडीय फिल्मों के हीरो की प्रेम कथा पर वैश्विक मीटिंग प्रसारित करना ज्यादा अच्छा समझा। यह मीटिंग देश की सबसे संवेदनशील परिचर्चा है। ऐसी संवेदनशील प्रक्रिया में हर कोई न्यूज चैनल अपना माथा नहीं लगाता है। उसकी तुलना क्रिकेट, बरसात, राशिफल शो, अंक शास्त्र या उत्पादों की बिक्री दिखाने से करने का रिवाज है, ताकि चैनल अपना बिजनेस पीट सके। शिक्षा-स्वास्थ्य संबंधी खबरें प्रसारित करना निहायत पपलू टाइप की बातें है। चैनल 'खटाक टुडे' में तो ऐसी वाहियात खबरों को कोई जगह नहीं दी जाती है। सब अच्छे बुरे काम न्यूज चैनल के सहारे धड़ल्ले से होने लगे। बाकायदा लोग उन्हें बुद्धिजीवी मानने लगे। उनसे मौके-बेमोके फीता भी कटवाने लग गए। चैनल चेयरमैन ने मीटिंग में साफ कह दिया। रोकड़ा खींचने का कंप्लीट प्लान करना चाहिए। चैनल हेड हरिश्चंद्र को साफ बता दिया। तुम्हें कम से कम पांच मुख्यमंत्रियों को अपने कब्जे में रखना है। उनकी पार्टी, उनके अच्छे-बुरे सभी कामों आदि का उनके कहे अनुसार बुलेटिन प्रसारित करते रहना है। पचास शीर्ष अधिकारियों को अपनी मुट्ठी में रखना है। इन्हीं के मनमाफिक न्यूजें फेंकनी है। बदले में केस-काइंड, प्लॉट-जमीन, खान-पट्टा जो भी मिले उसे दोनों हाथों से झपटना है। किसी भी पार्टी के एजेंडे को ब्रॉडकास्ट करने में कोई हर्ज नहीं है। बस रोकड़ा चाहिए! टीआरपी की कसरत बाजी के लिए भूत, प्रेत, हत्या, सनसनी, बलात्कार जैसी घटनाओं को रीक्रिएट करके चलाते रहें। इसके लिए ऑफिस में सनसनी फैलाने वाला स्पेशल स्टूडियो भी बना दिया गया है। पुराना जमाना अब लद गया है।



रामविलास जॉगिड़

# भारतीय कला का वैश्विक प्रवेश द्वार, कोची बिनाले



कला-जगत

नरेंद्र शर्मा

भारतीय कला जगत में हर दो सालों में दिसंबर के महीने में एक नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहता है, वह है- कोची मजीरिस बिनाले। केरल के ऐतिहासिक बंदरगाह शहर कोची और प्राचीन व्यापारिक नगर मजीरिस की सांस्कृतिक स्मृति से प्रेरित यह आयोजन न केवल भारत बल्कि पूरे दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा समकालीन कला महोत्सव माना जाता है। साल 2012 में अपनी पहली पारी से शुरू होकर आज यह एक वैश्विक कला अभिव्यक्ति का केंद्र बन चुका है। यह हर दो साल बाद, कला, इतिहास, राजनीति, लोक-संस्कृति और भविष्य की रचनात्मक संभावनाओं पर विचार विमर्श एक बड़ा मंच तैयार करता है। इस साल यह बिनाले 12 दिसंबर 2025 से शुरू होकर 31 मार्च 2026 तक चलेगा। 110 दिन की अवधि वाला यह कला बिनाले इसलिए भी जाना जाता है कि इसके प्रमुख आयोजन स्थल की भौगोलिक संरचना कुछ इस तरह है कि जब यह शुरू होता है, तो पूरा कोची शहर एक विशाल ओपन म्यूजियम में बदल जाता है।

**स्थापना और पृष्ठभूमि**

कोची मजीरिस बिनाले की स्थापना के.बी.जैसन और रियाज कोमू जो कि दोनो प्रमुख भारतीय कलाकार हैं, ने मिलकर साल 2010 में की थी और इसका पहला संस्करण 2012 में आयोजित हुआ। इस बिनाले के साथ मजीरिस नाम को जोड़ना महज भौगोलिक संदर्भ नहीं था बल्कि उन ऐतिहासिक, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सम्मान देना था, इसकी मिसाल प्राचीन मजीरिस बंदरगाह से मिलती है। जहां सदियों पहले रोमन, अरब, यहूदी और अन्य सभ्यताओं के व्यापारी आते थे। इसके इसी ऐतिहासिक संदर्भ को बिनाले ने समकालीन वैश्विक संवाद से जोड़ा और इसकी अनूठी पहचान बनी।

**क्या होता है इस बिनाले में**

दूसरी कला प्रदर्शनियों से अलग कोची बिनाले किसी एक रूप या माध्यम तक सीमित नहीं है। इसमें शामिल होते हैं पेंटिंग्स, इंस्टॉलेशन आर्ट, परफोर्मेंस आर्ट, डिजिटल और वीडियो आर्ट, साइट-स्पेसिफिक आर्ट वर्क, फोटोग्राफी, ध्वनि, कला, फैब्रिक, मूर्तिकला और इंट्रैक्टिव कला परियोजनाएं। फोर्ट कोच्चि, मट्टनचेरी, एनार्कुलम के पुराने गोदामों, गैलरियों, औपनिवेशिक इमारतों और समुद्र तटीय स्थानों को अस्थाई कला-स्थलों में बदल दिया जाता है। इसकी यही विशेषता इसे दुनिया के सबसे अनूठे ओपन सिटी कला आयोजनों में तब्दील कर देती है। जहां शहर स्वयं एक विशाल कैनवास बन जाता है।

**कोची बिनाले की मुख्य बातें**

कोची बिनाले की सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि इसके पास अपनी एक लोकतांत्रिक कला दृष्टि है। जबकि दुनिया के कई बड़े बिनाले अत्यधिक औपचारिक और केवल अभिजात्य वर्गों तक सीमित हैं। दूसरी तरफ कोची बिनाले ने शुरूआत से ही इसके केन्द्र में आम जनता को रखा है। स्कूलों, कॉलेजों, आर्ट स्टूडियो, मार्केट और पब्लिक स्पेस में कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जिसका प्रवेश शुल्क बहुत ही कम रखा जाता है ताकि आम लोग आराम से इस कला आयोजन के हिस्सेदार बन सकें। यह आयोजन कला को एलीट चर्चा से निकालकर सार्वजनिक संवाद के दायरे में लाता है। यही इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

**भारतीय कला का वैश्विक प्रवेशद्वार**

कोची बिनाले भारतीय कला जगत में इसलिए बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है, क्योंकि इस बिनाले ने भारतीय कला को विश्व मानचित्र पर स्थापित किया है। अफ्रीका, यूरोप, एशिया और लैटिन अमरीका के प्रतिष्ठित कलाकार इसमें भाग लेने के लिए हर वर्ष आते हैं। इसलिए भारतीय कलाकारों को भी अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्किंग, अनुभव और नये विचारों से जुड़ने का मौका मिलता है। इस बिनाले में युवा कलाकार, विद्यार्थी और क्यूरेटरों को विशेष रूप से शामिल किया जाता है। इसमें स्टूडेंट बिनाले और बिनाले कॉलेज जैसी पहलें भी शामिल हैं, जो कलात्मक प्रशिक्षण और नेतृत्व निर्माण के नये अवसर देती हैं। केरल की लोक संस्कृति, समुद्री व्यापार के इतिहास, औपनिवेशिक स्मृति और मलाबार की सांस्कृतिक विविधता, कला के माध्यम से पुनर्गठित होती है। कई प्रोजेक्ट स्थानीय समुदायों को सीधे कला निर्माण में शामिल करते हैं जैसे- मछुआरों, कारीगरों, बुनकरों और पर्यावरण कार्यकताओं के साथ यह बिनाले सहयोग करता है और उन्हें सीधे कला निर्माण से जोड़ता है।

## सृजन की बात

### इतने मीठे बोल पक्षिणी

इतने मीठे बोल पक्षिणी, लगता तुम गाती गाना। छंद राग संगीत स्वरों को, तुमने कैसे पहचाना। कहां तुम्हारा घर विहंगिनी, कहां तुम्हारी माता है। कहां तुम्हारे पिता रह रहे, कौन गीत सिखलाता है। किसके संग विचरती हो, कहां तुम्हारी सखियां हैं। कैसी सुंदरी सखी-सहेली, करतीं मीठी बतियां हैं। कौन तुम्हारा मित्र सखा है, कौन सिखाता स्वर लहरी। किसके संग प्रेम कर रही तुम, निशाचरी माया ठहरी। कौन तुम्हारा गुरुऊ विहंगी, कौन दिखाता है आदर्श। किसके ज्ञान प्राप्त करके तुम, कर लेती इतना संघर्ष। प्रकृति प्रदत्त कंठ पाया है, जिससे निकली है बोली। प्रकृति से माधुर्य प्राप्त कर, हमने है मिसरी घोली। तरुवर पर है गेह हमारा, आंगन है तरु की डाली। पत्तों की छाया में रहती, प्रकृति करे है रखवाली। मां ने है उड़ना सिखलाया, महाकाश में उड़ती हूं। सीख पिता की धरे हृदय में, नभ से बातें करती हूं। प्रथम रश्मि संग उठती हूं मैं, सांझ भये सो जाती हूं। सखियों संग कलरव करती हूं, प्रेमी संग उड़ जाती हूं। मां की मीठी बोली सुनकर, देख पिता-माताका प्रेम। सीख गई मैं मधुर बोलना, सीख गई प्रियतम संग प्रेम। पिकश्री है गुरुऊ श्रेष्ठ हमारे, पंचम स्वर में गाते हैं। जीवन में संघर्ष झेलना, वह हमको समझाते हैं। प्रेम प्रकृति से करती हूं मैं, इसीलिएसुख पाती हूं। तुम भी प्रेम करो प्रकृति से, सीख यही दे जाती हूं।



**पद्मनाथ सिंह, जौनपुर.**

## आप की बात

### युवा शक्ति का सदुपयोग

देश की युवा शक्ति का सदुपयोग करने के लिए यह जरूरी है कि सरकार अधिक से अधिक रोजगार के मौके बढ़ाये ताकि युवा अपनी क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में कर सकें। एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद करके मौके बढ़ाये ताकि युवा अपनी क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में कर सकें। एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं।

**वीरेंद्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## सड़क हादसे में युवक घायल

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के बरई पारा के पास अयोध्या-रायबरेली नेशनल हाईवे पर सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे युवक की हालत अत्यंत गंभीर हो गई, जबकि बाइक चला रहे युवक को मामूली चोटें आईं। दोनों घायलों को तत्काल एंबुलेंस से सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज लाया गया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए एक घायल को मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया।

घायलों की पहचान ददेरा देवकाली निवासी अर्जुन यादव (पीछे बैठे थे) और कौशलपुरी, अयोध्या निवासी विक्रम यादव (बाइक चला रहे थे) के रूप में हुई है। विक्रम ने बताया कि अर्जुन यादव की भतीजी की शादी है इस सिलसिले में खरीदारी करने आए थे। वापस लौटते समय बरई पारा के पास एक वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर जा गिरे।हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत कुमारगंज पुलिस को सूचना दी।

# पूरी दुनिया को दिखती है अयोध्या की स्वच्छताः गिरीश पति त्रिपाठी



**अयोध्या।** महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा है कि अयोध्या की स्वच्छता पूरी दुनिया को दिखती है और सराहना भी मिलती है। उन्होंने इसका श्रेय कर्मचारियों को देते हुए कूड़ा से आर्थिक संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। महापौर ने दुबई में आयोजित एशियाई मेयर कॉन्फ्रेंस में टोक्यो मॉडल, जिसमें आठ प्रकार से कचरा

- नगर निगम ने किया प्रभावी कचरा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

विभाजित किया जाता है, का उदाहरण देते हुए लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। वह रायबरेली बाईपास पर स्थित कल्याण मंडपम में नगर निगम एवं चिंतन इन्वायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप दिल्ली द्वारा आयोजित प्रभावी कचरा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि सफाई में सुपरवाइजरों की अहम भूमिका है। कूड़ा एकत्र कर एमआरएफ सेंटर तक पहुंचाने के साथ ही उससे खाद का निर्माण अथवा सीमेंट प्लांट तक पहुंचाकर पूरी तरह से उपयोगी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल विशिष्ठजन के आगमन पर सफाई करना ही पर्याप्त नहीं है।

सफाई 24 घंटे और अनवरत स्थापित होने वाली आवश्यकता है। उन्होंने इस मामले में जनसहयोग की भूमिका को भी रेखांकित किया और बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते 25 नवंबर को अयोध्या को दुनिया की सबसे स्मार्ट सिटी बनाने का संकल्प जताया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल ने कहा कि सफाई के दौरान सफाईकर्मी ग्लब्स और मार्क्स पहनें। सफाई मित्र समय पर जाएं। दरवाजे को खटखटाएं करें तथा उन्हें गीला और सूखा कचरा अलग करने के बारे में बताएं। उन्होंने सफाई कर्मियों को जल्द ही टीटी की वैक्सीन लगवाने के लिए शिविर लगाने का भी वादा किया। कार्यशाला का आयोजन गीला-सूखा कचरा पृथक्करण, सफाई उपकरण का सुरक्षित उपयोग तथा एमआरएफ संचालन की सर्वोत्तम प्रथाएं एवं डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षित करने के लिए किया गया। कार्यशाला का संचालन राम का घर के संयोजक आलोक सिंह राणा ने किया। इस मौके पर पार्षद रमाशंकर निषाद, सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडेय, चिंतन संस्था के ज्ञानदीप एवं विमल, राम की घर की एकता भटनागर, मुख्य सफाई निरीक्षक कमल कुमार, राजू भारती आदि मौजूद थे।

## डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से होगा चैवहवा तालाब का सुंदरीकरण



अयोध्या। पलिया शाहबदी स्थित आदर्श जलाशय चैवहवा का डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से सुंदरीकरण कराया जाएगा। इस कार्य का शिलान्यास महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने स्थानीय निवासियों की मौजूदगी में शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जय मां काली स्थान से सटे इस तालाब के सुंदरीकरण से स्थानीय लोगों को प्रकृति की छांव में बैठ कर समय गुजारने एवं टहलने का अवसर सुलभ होगा। उन्होंने शिलापट से पर्दा हटाकर शिलान्यास किया। इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद रमाशंकर निषाद, भाजपा के जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता इं. रवि तिवारी, मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, अपर आयुक्त भारत भार्गव, सहायक अभियंता निर्माण भारत सिंह वर्मा और अवर अभियंता अमित जायसवाल के अलावा स्थानीय निवासी सुनील जायसवाल, सुभाष मिश्र, संतराम निषाद, नीरज निषाद, इंद्रेश मिश्र, चंद्रभूषण मिश्र, अमित दुबे, सुखलाल, धर्मवीर, अनिल मिश्र, अजय आदि मौजूद थे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि तालाब के किनारे टहलने का रास्ता, प्रवेश द्वार, टॉयलेट ब्लॉक, बाउंड्री वॉल, रिटेनिंग वॉल, रेलिंग, जल निकासी की व्यवस्था के साथ हाईमास्ट लाइट लगाया जाएगा। इसके अलावा ओपन जिम, बच्चों के खेलने के लिए झूला, तालाब में फौव्वारा, बैठने की बेंच, डस्टबिन, पानी के लिए ट्यूबवेल तथा नहाने के स्थान पर चेंजिंग रूम, पेयजल व्यवस्था के लिए वाटर कूलर लगाया जाएगा। इसके साथ ही पाथवे के किनारों को पेड़-पौधौ, फूलों से सजाया जाएगा।

## पसमांदा मुसलमान देश की सरकार और प्रधानमंत्री के साथ खड़ा हैः वसीम राईन



**बाराबंकी।** जमीयत उलेमा हिंद के सदर मौलाना महमूद मदनी के बयान की निंदा करते हुये ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कहा कि मदनी का बयान देश के मुसलमानों को भड़काने वाला है। लेकिन पसमांदा मुसलमान इनके चक्कर में आने वाला नहीं है। पसमांदा मुसलमान राष्ट्रवादी देश प्रेमी है वो विदेशी मुसलमानों के साथ नहीं है वो देश के साथ देश की सरकार के साथ है। देश में पसमांदा मुस्लिम जागरूक हो गया है मदनी एंड कंपनी पंजे वाली पार्टी से डील करते थे। अब ये दुकान बन्द होने की कगार पर है क्यों की पसमांदा मुसलमान जागरूक हो गए। बिहार में जिस तरह से एनडीए के साथ जाकर सरकार बनवाई है इन पिछली सरकारों से डील करने वालो की नींद उड़ी है। मदनी हिंदुस्तान की सबसे बड़ी अदालत एंव चुनाव आयोग पर आरोप लगा रहे वो सिर्फ मुसलमानों को उकसा रहे है। देश के खिलाफ पर इनकी ये साजिश कामयाब होने वाली नही है। पसमांदा मुसलमान देश की सरकार और प्रधान मंत्री मोदी के साथ खड़ा है। वक़्फ़ की जमीनों पर कब्जा मदनी एण्ड कम्पनी का किसी गरीब पसमांदा मुसलमान का नहीं है इसीलिए मदनी को दिक्कत हो रही है। जिहाद की बात करने वाले लोग राष्ट्रद्रोही हैं इनका मकसद देश का माहौल खराब करना है पर देश में कानून का राज चलेगा जो लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं सरकार उनके खिलाफ कार्यवाही करे।

## मानवीय कार्य के लिए मिशन शक्ति टीम को एसपी ने दिया प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार



**बाराबंकी।** बीती 6 दिसम्बर को थाना बड्डूपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम बुढ़ाना निवासिनी 9 माह की गर्भवती महिला उपचार हेतु सीएचसी घुंघटेर जाने के दौरान रास्त मे प्रसव पीड़ा होने पर उ0नि0 अनिल कुमार पाण्डेय, महिला आरक्षी मोनी वर्मा, महिला आरक्षी प्रतिभा कुमारी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर चिकित्सक की व्यवस्था कराते हुए महिला की नार्मल डिलिवरी कराई तथा एम्बुलेंस से सीएचसी घुंघटेर भेजने पर सराहनीय कार्य हेतु पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा आज सोमवार को थाना बड्डूपुर मिशन शक्ति टीम को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## उखाड़े गये खड़ंजे की ईंट से बनायी गयी दीवाल को प्रशासन ने गिरवाया



**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना अंतर्गत जुगवापुर गांव में दो दिन पहले गाँव में निर्मित खड़ंजा मार्ग को दबंगई से उखाड़ कर एक परिवार द्वारा उसकी ईंटों से पक्की दीवाल खडी कर रास्ता बंद कर दिया गया। परिजन खड़ंजा मार्ग को अपनी जमीन में बता कर विरोध कर रहे थे। इसे लेकर गांव के अन्य ग्रामीणों ने हंगामा किया और विरोध जताया तो सियासत शुरू हो गई। हालात बिगड़ते देख संबंधित क्षेत्र के चैकी प्रभारी चंद्रहास मिश्रा ने उच्च अधिकारियों को मौके से ही बलबा होने की आशंका जताई और त्वरित कार्रवाई करने की बात कही। तब जाकर राजस्व विभाग जागा। मौके पर राजस्व निरीक्षक अपने सहायकों के साथ पहुंचे और पैमाइश की गई तो दीवाल का निर्माण अवैध पाया गया।जिसके बाद दीवाल ढहा दी गई। पूछे जाने पर उप जिलाधिकारी सुश्री सविता देवी ने बताया कि मौके पर राजस्व विभाग की टीम गई थी। बनाई गई अवैध दीवाल को गिरवा दिया गया है। दोनों पक्षों की बात सुन कर सुलह समझौते से विवाद को निपटाया गया। दोबारा निदेशों का पालन न करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा आज के विज्ञान से कहीं ज्यादा समृद्ध व उन्नत रहीः डॉ. बिजेंद्र सिंह

जिला संवाददाता

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में में भारतीय ज्ञान परंपरा पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस (8, 9 दिसंबर) 13 इंटरनेशनल साइंस कांग्रेस 2025 का आयोजन इंटरनेशनल साइंस कम्युनिटी एसोसिएशन एवं विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह रहे। अन्य विशिष्ट शिक्षाविदों में त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू नेपाल की प्रो. सुशीला देवी श्रेष्ठ, बोत्सवाना विश्वविद्यालय रसायन विज्ञान के प्रो. गिरजा शंकर सिंह रहे। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा एक समृद्ध और विविध विरासत है जो हजारों वर्षों से चली आ रही है। यह केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि विज्ञान, कला, सामाजिक व्यवस्था और जीवन-दर्शन के सभी पहलुओं को समाहित करती है। कुलपति ने आगे बताया कि यह परंपरा केवल बौद्धिक ज्ञान नहीं देती, बल्कि छात्रों में नैतिकता, आत्मविश्वास, अनुशासन और चरित्र निर्माण पर विशेष बल देती है। भारतीय ज्ञान परंपरा का लक्ष्य केवल व्यक्तिगत विकास नहीं, बल्कि समस्त मानवता का कल्याण है। यह सह-अस्तित्व सबके साथ रहने और सर्वे भवन्तु सुखिनः के भाव पर आधारित है। कुलपति ने कहा कि शिक्षा तो सीखने और सीखने की कला है। बिना अच्छी शिक्षा के आप कुछ नहीं बदल सकते। प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा आज के विज्ञान से कहीं ज्यादा समृद्ध और उन्नत रही थी। पूरे ब्रह्मांड का गूढ़ ज्ञान हमारे धर्म ग्रंथो में छुपा है। कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि विकास के नाम पर जल, भूमि और पर्यावरण को प्रदूषित किया गया है। आधुनिक विकास प्राकृतिक संसाधनों को खो कर किया गया है। भारत की कृषि परंपरा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत में फसलों की बुवाई व कटाई के लिए भी नक्षत्रों का ज्ञान भारतीयों को था। कृषि के लिए मुहूर्त तक देखा जाता था। उससे उन्हें अच्छी फसल मिलती थी। अब इसे विज्ञान कॉस्मिक एनर्जी के रूप में देख रहा है।

प्रो. गिरजाशंकर सिंह ने बताया कि विज्ञान, तकनीक, कृषि भारतीय ज्ञान परंपरा का एक प्रमुख हिस्सा रहा है। महान शिक्षाविद पं. महामना मदन मोहन मालवीय ने बीएचयू की स्थापना इसी उद्देश्य को लेकर की थी जो आज वैश्विक पटल पर स्वयं को सिद्ध कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पर्चन से किया गया। इसी सत्र में इंटरनेशनल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड पर रिसर्चर 2025 प्रो. दयानंद मिजोरम एवं गुजरात विश्वविद्यालय की प्रो. संगीता शर्मा, नागपुर महाराष्ट्र की डॉ. कविता गौर, आरा विश्वविद्यालय बिहार के प्रो. विनय कुमार मिश्र एवं देहरादून उत्तराखंड की डॉ. स्तुति गुप्ता को विशिष्ट शैक्षिक उपलब्धि के लिए अवॉर्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर कॉन्फ्रेंस की सोविनियर एवं एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन 20 तकनीकी सत्रों में किया जाएगा।

## पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ, बकरी के शिकार के लालच में फंसा



**बहराइच।** जिले के शिवपुर इलाके में बीते कई दिनों से तेंदुए की आहट से लोग दहशत में थे। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग की ओर से उसे पकड़ने के लिए खेत में पिंजरा लगाया था। जिसमें एक बकरी भी बांधी गई। रविवार की देर रात बकरी के शिकार के लालच में तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम उसे रेंज कार्यालय लेकर आई है। शिवपुर ब्लॉक में स्थित बल्दुपुरवा, बाजपुरवा, पिपरिया ग्राम के पास कई दिनों से तेंदुए की मौजूदगी देखी जा रही थी। बीते 5 दिसंबर को तेंदुए ने ग्रामीण अच्छे लाल पर हमले का प्रयास भी किया था। जिसके बाद वन विभाग ने बल्दुपुरवा ग्राम के पास बहने वाली बबई नदी के पास गन्ने के खेत में उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया था। रविवार की देर रात पिंजरे में बंधी बकरी के शिकार के लालच में तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। नानपारा रेंज के क्षेत्राधिकारी पीयूष ने बताया कि वन विभाग की ओर से लगाए गए पिंजरे में करीब चार साल का नर तेंदुआ कैद हुआ है। रेंज कार्यालय लाकर उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर उसे प्राकृतिक वास में छोड़ा जायेगा।

# भक्तो को दर्शन देने 13 को जनपद आयेगी श्रीसाई चरण पादुका




**बाराबंकी।** श्री शिरडी साई बाबा सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वाधान मे श्री साई चरण पादुका आगमन को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता मे ट्रस्ट अध्यक्ष राजेश अरोरा बब्बू ने बताया कि साई महोत्सव का आयोजन 13 दिसम्बर को राजकीय इण्टर कालेज आड़िटोरियम मे आयोजित किया जायेगा। जिसमे पहली बार श्री साई बाबा संस्थान ट्रस्ट

- साई पधारेगे थीम पर अर्न्तराष्ट्रीय भजन गायक देगे संगीतमय भजन प्रस्तुति
- श्री शिरडी साई बाबा सेवा संस्थान ट्रस्ट ने की प्रेस वार्ता

शिरडी के सहयोग से श्री साई बाबा जी की पवित्र चरण पादुका जो वह अपने जीवन काल में प्रयोग करते थे। भक्तों के दर्शनों के लिए जनपद मे लाई जा रही है। जिसमे प्रात 9 बजे पादुका यात्रा नागेश्वर नाथ मंदिर से मुख्य मार्गो से होकर कार्यक्रम स्थल जीआईसी आड़िटोरियम तक निकाली जायेगी। कार्यक्रम स्थल पर चरण पादुका को भक्तो के लिये प्रतिष्ठापन व दर्शन हेतु रखी जायेगी। दोपहर 12:30 बजे मध्यान आरती, 1 से 4 बजे तक भजन गायक राकेश जुनेजा व अंजलि थापा द्वारा साई जानेश्वरी का संगीतमयी पाठ, 4 से 6 बजे तक झाकिया, 6:30 बजे धूप आरती व शाम 7 बजे से भजन संध्या मे शिरड़ी के अर्न्तराष्ट्रीय भजन गायक पारस जैन अपने गीतो की प्रस्तुति देगे। प्रेस वार्ता मे साई सेवक उमाशंकर महाराज ने बताया कि श्री साई बाबा संस्थाना ट्रस्ट शिरडी से सुरेश हावरे, विपिन दादा शंकर राव कोहले, कमलाकर कोते पाटिल, शिवाजी गोंदकर, डा0 एकनाथ गोंदकर, विजय कुमार, सुरेश चव्हाणके की मार्गदर्शन मे साई चरण पादुका दर्शन हेतु जनपद मे लाई जा रही है। यह चरण पादुका जिन्हे साई बाबा अपने जीवन काल मे प्रयोग करते थे। जिन्हे प्रतिष्ठापन व दर्शन हेतु जीआईसी आड़िटोरियम मे प्रात 11 बजे रखा जायेगा। प्रेस वार्ता मे एखलाख अहमद, प्रदीप श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, जतिन गुप्ता, राकेश उप्पल पोले, अजय शर्मा, राजेश मौर्या, अंकित श्रीवास्तव, सुनील वर्मा, नरेन्द्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## बाबा बागेश्वर धाम के समर्थन में हिंदू राष्ट्र बनाने को लेकर पैदल पदयात्रा अयोध्या बैठक का आयोजन



**रूपईडीहा, बहराइच।** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा में बाबा बागेश्वर धाम के समर्थन में प्रस्तावित हिंदू राष्ट्र बनाने को लेकर पैदल पदयात्रा को सफल बनाने के उद्देश्य से आदर्श नगर पंचायत रूपईडीहा में संघ कार्यालय में संघ प्रचारक सर्वेश के दिशा निर्देशन मे

एवं शिवराज सिंह के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ के कार्यकताओं और कई संगठनों की भागीदारी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के सभी प्रमुख हिंदू भाई, स्थानीय पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।बैठक के दौरान आगामी 20 दिसंबर से 28 दिसंबर तक आयोजित होने वाली यात्रा पैदल पदयात्रा की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। पदयात्रा आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा संकट मोचन हनुमंत मंदिर से प्रारंभ होकर अयोध्या धाम राम जन्मभूमि तक पहुंचेगी। बैठक में मौजूद सदस्यों ने यात्रा के मार्ग, सुरक्षा, चिकित्सा व्यवस्था, भोजन-प्रसाद, जल आपूर्ति और अनुशासन जैसे प्रमुख बिंदुओं पर अपने सुझाव रखे।सभी उपस्थित हिंदू भाइयों ने एकमत होकर कहा कि यह पदयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने इस यात्रा को शानदार और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया।बैठक के अंत में पदयात्रा को सफल, सुरक्षित और भव्य बनाने के लिए सभी ने सामूहिक रूप से सहयोग किया जाएगा इस पर बैठे हुए सभी ने एक स्वर में समर्थन करते हुए भारत माता की जय वंदे मातरम जय श्री राम आधिघोष लगाकर समर्थन दिया इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में कईसंगठनों के हिंदू कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## मकान में लगी आग, दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू



**बहराइच।** दरगाह थाना क्षेत्र में स्थित बख्शीपुरा इलाके में आज सुबह एक मकान में आग लग गई धुआं उठते देख आस पास रहने वाले लोगों ने शोर मचाया जिसके बाद मकान के निचले हिस्से में रह रहे परिवार के लोग बाहर निकले गृह स्वामी ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। अग्निकांड में लाखो की संपत्ति जलकर खाक हो गई। बख्शीपुरा घोसियन बाग मोहल्ले में मनोज सिन्हा अपने परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार की सुबह करीब आठ बजे मकान के ऊपरी मंजिल में आग लग गई। जिसके बाद उन्होंने स्थानीय पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी। जानकारी नगर क्षेत्राधिकारी नारायण दत्त मिश्रा व दमकल कर्मी आधे घंटे में मौके पर पहुंच गए। करीब दो घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। गृह स्वामी ने बताया कि मकान के ऊपरी हिस्से में बड़ी संख्या में बाईकों के पाट्र्स रखे हुए थे। अग्निकांड में दस लाख का नुकसान हुआ है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

# गणना पत्रक जमा करें, नाम कटने से बचायेंः डीएम



**बाराबंकी।** जनपद में निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, शुद्ध एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए चलाये जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने निर्धारित लक्ष्यों को समयपूर्व पूर्ण करने वाले

- 90 प्रतिशत से अधिक मैपिंग करने वाले 44 बीएलओ सम्मानित

44 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा कि जिन नागरिकों ने अभी तक अपना गणना पत्रक अपने क्षेत्रीय बीएलओ को उपलब्ध नहीं कराया है, वे तत्काल उपलब्ध कराएँ। गणना पत्रक समय पर न जमा करने की स्थिति में मतदाता सूची से नाम हटने की संभावना बनी रहती है। इसलिए प्रत्येक पात्र मतदाता से अपेक्षा है कि वह अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आप सभी द्वारा किया जा रहा यह कार्य राष्ट्र निर्माण हेतु किया जा रहा सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।

# 8095 परिवारों को सीएमआवास योजना के तहत मिला आवास

**बहराइच 08 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण उ.प्र. सरकार द्वारा वर्ष 2018-19 में आरम्भ की गयी। योजनान्तर्गत कुष्ठ रोग, जेई/एईएस से पीड़ित, थारू जनजाति, नट वर्ग, निराश्रित महिला (18 से 50 वर्ष), प्राकृतिक आपदा से पीड़ित एवं दिव्यांगजन के आवास विहीन परिवारों को आवारा निर्माण हेतु रू. 1,20,000/ अनुदान के साथ-साथ मनरेगा योजना से 90 मानव दिवस की मजदूरी, शौचालय हेतु रु. 12,000/- तथा निःशुल्क गैस कनेक्शन, विद्युत कनेक्शन एवं पेयजल की सुविधा प्रदान की जाती है। योजनारम्भ से अब तक कुल 8095 परिवारों को आवास दिया गया है, जिसमें से 6324 आवास पूर्ण करा दिये गये हैं, शेष आवासों को पूर्ण कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 1705 लक्ष्य अभी शीघ्र ही प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष आवासों को पूर्ण कराने की कार्यवाही की जा रही है।




मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण का उद्देश्य ऐसे परिवार जो प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पात्रता से आच्छादित है, परन्तु सामाजिक, आर्थिक एव जातिगत जनगणना-2011 के आकड़ों पर आधारित आवासीय सुविधा हेतु तैयार की गयी पात्रता सूची में सम्मिलित नहीं हैं, इस कारण आवास का आवंटन किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है, उन्हें आवासीय सुविधा उपलब्ध कराये जाने की दृष्टि से इस योजना का प्रारम्भ किया गया है।इसके अलावा विकास खण्ड मिहींपुरवा के राजस्व ग्राम भरथापुर ग्राम पंचायत आम्बा में विगत 29 अक्टूबर को 22 ग्रामवासी जनपद लखीमपुर खीरी के खैरटिया बाजार से दैनिक प्रयोग की वस्तुओं को खरीदकर लौटते हुए अपने ग्राम-भरथापुर की ओर नाव के माध्यम से वापस आ रहे थे अचानक नाव के दुर्घटनाग्रस्त होने से नाव में सवार 22 ग्रामवासियों में से 13 ग्रामवासियों को सकुशल बचा लिया गया एवं 09 ग्रामवासियों की मृत्यू/पानी में लापता होने की घटना के दृष्टिगत 02 नवम्बर 2025 को मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा हवाई सर्वे/स्थलीय निरीक्षण करने के उपरान्त मृतकों के परिवारों से वार्ता की गयी तथा राजस्व ग्राम-भरथापुर के सभी निवासियों को पुर्नविस्थापित कर के मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत आवास उपलब्ध कराये जाने की घोषणा की गयी। जिसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी बहराइच की अध्यक्षता मे 6 सदस्यीय समिति गठित करते हुये ग्राम भरथापुर के निवासियों को पुर्नविस्थापन करने हेतु मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रमीण के अन्तर्गत आवास उपलब्ध कराये जाने की जाँच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। 06 सदस्यीय समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट 15 नवम्बर 2025 के माध्यम से 136 परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण हेतु पात्र पाये जाने पर मुख्यमंत्री आवास दिये जाने की संस्तुति की गयी है। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी बहराइच अक्षय त्रिपाठी द्वारा शासन को मा. मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में राजसविस्थापन हेतु 136 मुख्यमंत्री आवास आवंटित करने हेतु अनुरोध किया गया। जिस पर शासन द्वारा 136 आवासों का अनुमोदन दे दिया गया है।

## पोस्टर विवादः मौलाना तौकीर रज़ा और 37 अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

बरेली। पुलिस ने बरेली में 26 सितंबर को हुई हिंसा के मुख्य आरोपी मौलवी तौकीर रज़ा और 37 अन्य के खिलाफ एक स्थानीय अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि बारादरी पुलिस थाने ने इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष रज़ा, उनके करीबी सहयोगी नफीस और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है, जबकि नौ अन्य संबंधित मामलों में जांच जारी है जिनमें भी रजा का नाम शामिल है। आरोप है कि यह हिंसा 26 सितंबर को आई लव मुहम्मद पोस्टर से जुड़े विवाद को लेकर भड़की थी।

पुलिस के अनुसार, शहर में कई जगहों पर भीड़ जमा हुई, पुलिसकर्मियों पर पेट्रोल बम फेंके, पथराव और गोलीबारी की तथा दंगा नियंत्रण बंदूक सहित हथियार लूट लिए। इस अशांति में दो दर्जन से ज़्यादा पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

उस रात कोतवाली, बारादरी, प्रेमनगर, कैंट और किला पुलिस थानों में 10 मामले दर्ज किए गए थे। कोतवाली और बारादरी में दर्ज दो मुख्य मामलों की जांच बाद में अपराध शाखा को सौंप दी गई थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कहा कि बारादरी मामले में गिरफ्तारी के बाद मौलाना तौकीर रज़ा सहित 38 आरोपियों को जेल भेज दिया गया था और जांच पूरी होने के बाद शनिवार को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया। बाकी मामलों में जांच में तेज़ी लाई जा रही है। अज्ञात आरोपियों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं।

सभी पहचाने गए आरोपियों को जेल भेजा जाएगा और किसी भी निर्दोष व्यक्ति को परेशान नहीं किया जाएगा। शुरू में इस मामले में 19 आरोपियों के नाम थे, जबकि जांच के दौरान 55 और नाम सामने आए। इनमें से 38 आरोपियों के खिलाफ सबूतों के साथ आरोप पत्र दाखिल किया गया है।

मौलवी तौकीर रज़ा फिलहाल फतेहगढ़ जेल में बंद हैं, जबकि नफीस और कई अन्य आरोपी बरेली जेल में बंद हैं।

संक्षेप

## कार का किराया न देने पर कंपनी के प्रबंध निदेशक पर केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। कंपनी ने किराए पर लगी कार का किराया न देने पर पुलिस ने कंपनी के प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली के कमरावा गांव के शैलेश का आरोप है कि उन्होंने अपनी कार 43 हजार रुपए प्रति माह की दर से तुलसी प्लाजा इंदिरा नगर लखनऊ में स्थित अमेरिकन पैन इंडिया कंपनी के प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी को 8 अगस्त 2025 को दिया था। उस समय किराए के रूप में एडवांस एक लाख उनतीस हजार का चेक दिया गया था। खाते में पैसा न होने से चेक बाउंस हो गया।चार माह बीतने के बाद किराए की मांग करने पर कॉल को फॉरवर्ड कर देते हैं। इस तरह से वह मेरे साथ जालसाजी कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पीड़ित शैलेश की रविवार को दी गई तहरीर पर पुलिस ने कंपनी प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिलीप कुमार श्रीवास्तव के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है।

## उमरी गांव में तालाब में डूबने से महिला की मौत

गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के उमरी गांव में तालाब में डूबने से एक महिला की मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव जब घर पहुँचा तो परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय थाना क्षेत्र उमरी गांव निवासी मनोरमा तिवारी (57) पत्नी शिवकुमार तिवारी रविवार सुबह घर से बाहर गई हुई थी। बताया जा रहा है कि शौच के दौरान पैर फिसलने से वह घर के बगल स्थित तालाब के गहरे पानी में डूब गई। रविवार दोपहर बाद जब लोगों ने शव को पानी में उतराता देखा तो परिजनों को घटना को जानकारी हुई। रविवार को परिजन शव को घर लेकर चले आए और घटना की सूचना सोमवार को पुलिस को दी। सूचना पर द्वारिकागंज चैकी इंचार्ज द्विवेश त्रिवेदी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पति शिवकुमार तिवारी कोटेदार है। मनोरमा तिवारी अपने पीछे चार पुत्र और पुत्री को छोड़ गई है। चैकी इंचार्ज द्विवेश त्रिवेदी ने बताया शव का पोस्टमार्टम करवा दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

## सड़क हादसे में रेलवे कर्मचारी सहित दो घायल

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। लखनऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार दोपहर बड़ा सड़क हादसा हो गया। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बांसगांव के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में रेलवे कर्मचारी समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर नानेमऊ गांव निवासी जितेंद्र शर्मा, पुत्र अमरनाथ शर्मा, प्रयागराज में रेलवे विभाग में कार्यरत हैं। वह छुट्टी बिताकर सोमवार को दोबारा ड्यूटी पर लौट रहे थे। शाम 4 बजे तक उन्हें प्रयागराज पहुंचकर ज्वाइन करना था। इसके लिए वह दोपहर करीब 01:00 बजे अपनी बाइक से घर से निकले थे। बरौंसा चैराहे से सुल्तानपुर की ओर बढ़ते समय बांसगांव के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। दूसरी मोटरसाइकिल दोस्तपुर थाना क्षेत्र के कुंभी गांव निवासी अनुराग चैहान, पुत्र अग्रसेन चला रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही दरोगा प्रमोद कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे दोनों घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भिजवाया। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## दो बाइकों की टक्कर में एक घायल

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई। दोस्तपुर थाने के नागनाथपुर दुल्हापुर गांव के संजय निषाद (35) सोमवार को लगभग 11:00 बजे अपने घर से बाइक से ननिहाल जा रहे थे। कोतवाली क्षेत्र के खालिसपुर मुबारकपुर गांव के पास सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गया, जिसमें संजय गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सहायता से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर भेजा गया, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## फर्जी जमानतदारों के खिलाफ चला विशेष अभियान

# 5 के विरुद्ध केस दर्ज, 4 गिरफ्तार




रायबरेली। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण और न्यायिक प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस ने पेशेवर एवं फर्जी जमानतदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान में अब तक 5 पेशेवर जमानतदारों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है, जिनमें से 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि एक अभी फरार चल रहा है। वर्ष 2025 में पुलिस ने उन आरोपियों को चिन्हित किया जो जमानत पर छूटने के बाद फिर से अपराध करने लगे। गहन जांच में चैंकाने वाला खुलासा हुआ कि कई अपराधी एक ही व्यक्ति या एक ही संपत्ति के कागजातों का बार-बार इस्तेमाल कर फर्जी जमानत ले रहे थे। सबसे हैरान करने वाली बात यह सामने आई कि कुछ अधिवक्ता मात्र ?500 से ?1000 लेकर पेशेवर जमानतदारों से सांठ-गांठ कर अपराधियों की जमानत करा रहे थे। जमानतदार जानबूझकर कोर्ट में झूठा शपथ-पत्र देकर कहते थे कि उन्होंने किसी और की जमानत नहीं ली, जबकि हकीकत में वे दर्जनों लोगों की जमानत ले चुके थे। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा करते हुए बताया कि हम अपनी जमीन के कागजात, आधार कार्ड, वोटर आईडी आदि अधिवक्ताओं को दे देते थे। अधिवक्ता जब चाहें उनका इस्तेमाल कर लेते थे। हमने 3 से ज्यादा लोगों की जमानत ली है, लेकिन कोर्ट में शपथ-पत्र में झूठ बोला कि हमने किसी और की जमानत नहीं ली। यह सब हम पैसे के लालच में करते थे। मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी पेशेवर जमानतदारों और उनसे मिले-जुले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। शीघ्र ही बाकी वांछित अभियुक्तों की भी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

गिरफ्तार आरोपी (पेशेवर/फर्जी जमानतदार)

1-हजारीलाल पुत्र रज्जन, नि. ग्रीव शाह का पुरवा, कोतवाली नगर
2-हीरालाल पुत्र रज्जन, नि. ग्रीव शाह का पुरवा, कोतवाली नगर
3-दिनेश यादव पुत्र रामभरोसे, नि. ग्रीव शाह का पुरवा, कोतवाली नगर
4-रामकिशोर पुत्र बद्री, नि. ग्रीव शाह का पुरवा, कोतवाली नगर

वांछित आरोपी

1-हरिश्चन्द्र पुत्र भगौती प्रसाद, नि. अकबरपुर कछवाहा, कोतवाली नगर

# जनपद में आधुनिक राजकीय संप्रेक्षण गृह शुरू




रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के विशेष प्रयासों और लगातार मॉनिटरिंग से रायबरेली जिले के जैतपुर क्षेत्र में नव-निर्मित राजकीय संप्रेक्षण गृह पूरी तरह चालू हो गया है। 6.60 करोड़ रुपये की लागत से बने इस अत्याधुनिक भवन का उद्देश्य किशोर अपचारियों को अपराध की दुनिया से बाहर निकालकर समाज की मुख्यधारा में लाना और उन्हें हुनरमंद, आत्मनिर्भर व जिम्मेदार नागरिक बनाना है। वर्तमान में इस संप्रेक्षण गृह में 24 किशोर आ चुके हैं, जबकि इसकी कुल क्षमता 100 किशोरों की है। बहुत जल्द रायबरेली सहित आसपास के जिलों से अन्य किशोरों को भी यहां लाया जाएगा। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम-2015 के प्रावधानों के अनुरूप बनाए गए इस गृह में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए क्लास रूम एवं लाइब्रेरी काउंसिलिंग कक्ष, डाइनिंग हॉल व आधुनिक किचन, प्राथमिक उपचार कक्ष, वर्कशॉप रूम (व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु), खेल मैदान, स्टाफ क्वार्टर एवं कार्यालय, हुनर, शिक्षा और कला का संगम सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। मामले में डीएम हर्षिता माथुर ने कहा कि राजकीय संप्रेक्षण गृह पूरी तरह चालू हो चुका है। अभी तक 24 बच्चे यहां आ चुके हैं और इसकी कुल क्षमता 100 बच्चों की है। यह जुनैना कोर्ट संप्रेक्षण गृह के रूप में कार्य करेगा। हमारा लक्ष्य इन बच्चों को सिर्फ सजा नहीं, बल्कि नया जीवन देना है।

## नायब तहसीलदार समेत 5 पर एफआईआर दर्ज

अमेठी। जिले की मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के एक गंभीर भूमि विवाद मामले में न्यायालय के आदेश पर तत्कालीन नायब तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। निहालगढ़ चकजंगला की निवासी पीड़िता सुमित्रा देवी ने अदालत में प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया था कि उसकी पैतृक भूमि पर साजिशन कब्जा कर उसके नामांतरण को अवैध रूप से बदल दिया गया। पीड़िता के अनुसार, उसके चाचा राकेश और कनिकलाल ने फसली वर्ष 1409 से 1414 के बीच तत्कालीन नायब तहसीलदार की मिलीभगत से गाटा संख्या 419, रकबा 0.265 हेक्टेयर की भूमि पर अपना नाम दर्ज करा लिया। आरोप यह भी लगाया गया कि इसके बाद राकेश ने उक्त भूमि गुलाबचंद्र नामक व्यक्ति को बेच दी। सुमित्रा देवी का कहना है कि जब उन्होंने 20 अप्रैल 2025 को इस अनियमितता पर आपत्ति जताई, तो संबंधित लोगों ने उन्हें गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि दस्तावेजों सहित नायब तहसीलदार के कार्यालय पहुंचने पर अधिकारी ने उन्हें फटकारकर भगा दिया और कोई सुनवाई नहीं की। इसके बाद उन्होंने थाने और एसपी कार्यालय में भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर मामला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुलतानपुर के संज्ञान में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने प्रकरण को गंभीर मानते हुए एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया।

## सरकारी गाड़ी ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर, एक युवक की मौत, दो घायल



अमेठी ।जिले के गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के बाबूगंज बैंक ऑफ बड़ौदा के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। महिला थाने की तेज रफ्तार बताई जा रही सरकारी गाड़ी ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार युवक सड़क पर दूर जा गिरा। हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सरकारी गाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी और अचानक सामने बाइक आने से दुर्घटना हो गई। टक्कर लगते ही बाइक सवार उछलकर कई मीटर दूर जा गिरा और मौके पर तड़पते हुए उसकी जान चली गई। सूचना मिलते ही गौरीगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है। सरकारी वाहन और बाइक को सड़क किनारे हटवाकर यातायात बहाल कराया गया।

# लखनऊ, गोरखपुर व कुंडा के खिलाड़ियों ने शील्ड पर जमाया कब्जा

जिला संवाददाता

**परशदेपुर रायबरेली** । नगर में स्थित एन.एच. पब्लिक स्कूल में अटावां के पूर्व प्रधान स्व. दिलीप सिंह की स्मृति में चल रही चतुर्थ कारगिल शहीद मेमोरियल बैडमिंटन प्रतियोगिता में लखनऊ, गोरखपुर और कुंडा ने शील्ड पर कब्जा जमाया।

दो दिन तक चली प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच जीतकर टीमें फाइनल में पहुंची।

देर रात हुए फाइनल मैच में युगल प्रतियोगिता में पत्रकारपुरम लखनऊ के रेयांच और शुभम ने लखनऊ को धर्मवीर और शिवम को, एकल प्रतियोगिता में गोरखपुर के अयान ने लखनऊ के शिवम को हराकर विजेता बने।

वहीं वेटरन की युगल प्रतियोगिता में कुंडा के संजीत और ब्रजेश ने परशदेपुर के शम्सी और जावेद को, वेटरन एकल प्रतियोगिता में कुंडा के संजीत ने सलोन के ब्रजेश को हराकर शील्ड पर कब्जा जमाया। विजेताओं को कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा ट्रॉफी और धनराशि प्रदान की गई।

इस मौके पर प्रदीप कुमार सिंह उर्फ पिंटू, अजय सिंह उर्फ सोनू, डॉ सैयद हैदर मेंहदी, मौलाना मोहम्मद इस्लाम नदवी, अभिषेक सिंह उर्फ पम्मू, एम. पी. सिंह, लाल बाबू आढ़ती, अंकित रस्तोगी, आकर्षित निर्मल, सत्यम कौशल, सैयद आरिफ मेंहदी, मो. शरीफ, भूपेंद्र, बसंत, आशीष केसरवानी, सौरभ सिंह, चेतन कौशल, मो. हाशिम, सूरज कौशल आदि मौजूद रहे। आयोजक दीपू सिंह, शम्सी रिजवी, जैद हारिश, अब्दुल बारी खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। हिंदी कमेंट्री मो. आजम व अंग्रेजी कमेंट्री राजेश यादव व संचालन हरिश्चंद्र ने किया

# सलोन क्षेत्र में फिर पनपने लगे गौवंशों की हत्या के मामले

## किसान को देखकर फरार हो गये आरोपित



सलोन, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र में एक बार फिर पशु वध को लेकर माहौल गर्म हुआ है। दिनदहाड़े गौवध की घटना को अंजाम दे रहे आरोपित ट्रैक्टर से किसान को आता देख मौके से फरार हो गए। गौवध की सूचना पर हिन्दू संगठन के पदाधिकारियों के साथ पुलिस भी घटना स्थल पर पहुँच गई। पुलिस ने कटी हुई गाय के शव का पीएम कराते हुए अज्ञात के विरुद्ध गौवध अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली अंतर्गत पकसरावां गांव स्थित रूनीपुर पानी की टंकी के समीप सोमवार तड़के कुछ अज्ञात लोग लाल रंग की गाय का पैर बांध कर गौवध की घटना को अंजाम दे रहे थे। इसी दौरान कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर ले जा रहे एक किसान की नजर घटना को अंजाम दे रहे आरोपित पर पड़ गई जिसके बाद ग्रामीण ने शोरगुल मचाना शुरू कर दिया। ग्रामीण के शोर मचाने पर अज्ञात आरोपित मौके से धारदार औजार लेकर भाग निकले। वहीं घटना की सूचना तहसील समेत जिला मुख्यालय पर बैठे हिन्दू संगठन के पदाधिकारियों को हुई तो पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला धर्म प्रचारक सुरेश सिंह समेत पुलिस अमला घटना स्थल पर पहुँच गया।इस दौरान गाय के दोनों पैर काटा हुआ पाया गया।जबकि गले को धारदार औजार से रेता गया था।हिन्दू संगठन के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने मौके पर ही डॉक्टर के पैनल को बुलाकर गाय के शव का पीएम कराया। इसके बाद शव को दफना दिया गया।कोतवाल राघवन कुमार सिंह का कहना है की सुरेश सिंह ने तहरीर देकर अज्ञात के विरुद्ध गौवध अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई है।सर्विलांश कि टीम के सहयोग से आरोपियों की खोजबीन की जा रही है।

## एसबीएन पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



तिलोई अमेठी। विकास क्षेत्र के लखनऊ- सुलतानपुर मार्ग पर स्थित एसबीएन पब्लिक स्कूल बिझौरा आजादपुर में सोमवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ₹ मुन्ना ₹ ने फीता काटकर खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विद्यालय में प्रायमरी व जूनियर के बच्चों ने कबड्डी, बोरा दौड़, लंगड़ी दौड़, वॉलीबाल, रस्साकशी, ऊँची कूद, लंबी कूद, अन्य कई खेलों में प्रतिभाग किया। खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना ने कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास होता है। जिसमे उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, एकाग्रता, टीम भावना, नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल विकसित होते हैं। विद्यालय के प्रबंधक राज कुमार मौर्या ने मुख्य अतिथि को श्रीकृष्ण भगवान की तस्वीर भेट कर फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान आजादपुर मोड्ड मिस्टर, शिरीष गुप्ता, रिंकू सिंह, वरिष्ठ पत्रकार मलखान सिंह, रामकुमार विश्वकर्मा, सुखबीर सिंह, राम शरण तिवारी, कृपा शंकर, अजय पाठक आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# केजीएमयू के डॉ. अजय पटवा एएएसएलडी की बैठक में चयन के लिए सम्मानित



लखनऊ। राजधानी के प्रतिष्ठित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ने चिकित्सा के साथ-साथ शोध के क्षेत्र में भी अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है। केजीएमयू के डॉ. अजय पटवा को चिकित्सा और शोध के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।

डॉ. अजय पटवा को यह सम्मान अमेरिका के प्रतिष्ठित संगठन अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ लिवर डिजीज (एएएसएलडी) की बैठक में उनके शोध के चयन के बाद प्रदान किया गया। यह दशार्ता है कि उनका वैज्ञानिक कार्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।

यह सम्मान अखिल भारतीय पटवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पटवा और महामंत्री अशोक पटवा द्वारा संयुक्त रूप से डॉ. पटवा के निवास पर प्रदान किया गया। डॉ. अजय पटवा को माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। सम्मान समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. पटवा ने अपने कठिन परिश्रम, लगन और वैज्ञानिक सोच से केवल राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पटवा समाज का नाम रोशन किया है। उनका यह सम्मान युवा चिकित्सकों और समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। इस मौके पर पटवा समाज के कई गणमान्य लोग, जिनमें निधि पटवा, धर्मेश पटवा, दीपक पटवा, मनीष पटवा, उपेंद्र पटवा, धर्मेंद्र पटवा और अवनीश पटवा शामिल थे, उपस्थित रहे।

# सुख की खान भगवान ही हैं : आचार्य संतोष



**तिलोई अमेठी** । विकास क्षेत्र तिलोई के गांव गड़ेहरी में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी उर्फ राजू तिवारी के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस पर अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने कहा कि सुख हमारे भीतर ही है बस हम उसका अनुभव नहीं कर पा रहे हैं सुख की खान भगवान ही है इसलिये उनसे ही नाता जोड़ना होगा। परीक्षित जी ने शुकदेव जी से पूछा कि मरने वाले मनुष्य को क्या करना चाहिये शुकदेव जी ने कहा कि उन्ही गोविन्द के पादकम पादकमलों का ध्यान करो गोविन्द ही इस कलिकाल से मुक्ति दे सकते है । इसके बाद महाराज श्री ने सृष्टि प्रक्रिया सुनाया है। कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने कहा कि सृष्टि के आदिदम्पति मनु और शतरूपा की कथा सुनाई है। इसके बाद भगवान के वाराह अवतार की कथा सुनाई है देवहूति मां और कर्दम मुनि की कथा सुनाई जिनके यहां भगवान कपिल का जन्म हुआ जिन्होनें सांख्यशास्त्र का उपदेश दिया और अपनी मां देवहूति जी को भी उपदेश किया जिसे भागवत जी में कपिल अध्यध्यायी कहते हैं कपिल भगवान कहते हैं कि आत्मा की तृप्ति सांसारिक संसाधनो से नही होती आत्मा की तृप्ति के लिये उस पूर्ण परमात्मा में लगाओं और ऐसे लोगों का संग करो जिनका मन भगवान के चरणों में लगा हो। कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने संतों के लक्षण के बारे में बताया कि जिसके अंदर धैय, करुणा, और सबमें भगवान का दर्शन करता हो वही संत है।

## ग्रामीणों ने देखा अजगर, पकड़कर वन विभाग को सौंपा



जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के आशापुर गांव में सोमवार शाम खेतों में एक बड़ा अजगर दिखाई देने से ग्रामीणों में हलचल मच गई। महेंद्र गुप्ता के घर के बाहर खेत में अजगर को देखते ही गांव के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि यह अजगर पिछले कई दिनों से खेतों में घूमता नजर आ रहा था। इसकी सूचना पहले भी वन विभाग को दी गई थी, लेकिन विभाग ने पकड़ने से इंकार कर दिया था। सोमवार को जब अजगर दोबारा दिखा तो ग्रामीणों ने हिम्मत जुटाई और उसे सावधानीपूर्वक एक बोरे में बंद कर वन विभाग को सूचना दी। वन दरोगा चंद्रप्रकाश ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा अजगर पकड़े जाने की सूचना मिली है। टीम को गांव भेजा गया है और अजगर को सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ा जाएगा।

# भाजपा ने चलाया कुंडी खटकाओ जागरूकता अभियान



लखनऊ। लखनऊ में एसआईआर मतदाता पुनःनिरीक्षण अभियान बूथ प्रवास के तहत कुंडी खटकाओ जागरूकता अभियान को लेकर भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के दिशा निर्देश में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तेजी से जनसंपर्क अभियान किया। लखनऊ मध्य विधानसभा के बूथ संख्या 4,5,6, 27,28 पर बूथ प्रवास कुंडी खटकाओ अभियान रक्ष्क के अंतर्गत नियमित जनसंपर्क अभियान चलाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने घरों में दस्तक दी। इस दौरान लोगों को भाजपा नेता / सदस्य भाजपा लखनऊ महानगर रवि प्रकाश जायसवाल ने एसआई आर अभियान की जानकारी देकर जागरूक किया गया एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। जिस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित बूथ अध्यक्ष हरि सिंह, सर्वेश कुमार जायसवाल, रोहन कुमार, सुमित गुप्ता, चंद्रिका प्रसाद इछअ-2 मायाराम, जानकी सिंह मंडल मंत्री, कैलाश बाजपेई, सेक्टर संयोजक आनंद कुमार शर्मा , लक्ष्मी, रोहित जायसवाल , आशीष सैनी , रिंकू राठौर आदि भाजपा कार्यकर्तागढ़ उपस्थित थे ।

# पं. रमाशंकर मिश्र बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे

## द्वितीय पुण्य तिथि पर आयोजित हुआ श्रद्धांजलि समारोह

**कादीपुर, सुलतानपुर** । स्व. पं. रमाशंकर मिश्र बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। शिक्षा क्षेत्र में उनके किए गए योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। यह बाते बदलापुर विधायक रमेश मिश्र ने कहीं। वे सोमवार को सार्थक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस पडेला के परिसर में आयोजित आरएसएस कार्यकर्ता स्व. रमाशंकर मिश्र की द्वितीय पुण्य तिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्व. मिश्र को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके पुत्र डॉ. श्रवण मिश्र का व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रेरणादायक है। जो अपने पिता के सपनों को साकार कर रहे हैं। प्रमोद मिश्र ने स्व रमाशंकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे संघर्षशील एवं जुझारू व्यक्तित्व के धनी थे। नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने कहा कि स्व पंडित जी




आरएसएस के समर्पित कार्यकर्ता रहे। उनके नेतृत्व में हमें तहसील कार्यवाह के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। सीओ विनय गौतम ने स्व. मिश्र को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सुयोग्य पुत्र अपने पिता के सपनों को साकार करता है। डॉ. श्रवण मिश्र इसके प्रतीक हैं। इस अवसर पर वाराणसी से पधारे तुलसी रत्न से सम्मानित मानस कोविद डॉ. मदन मोहन मिश्र ने कहा कि रामत्व की स्थापना से ही रावणी प्रवृत्तियों का विनाश संभव है। माता की चर्चा करते हुए कहा कि माता का दर्जा संसार में सबसे ऊंचा है। यदि मां ने हम सबको पाला पोसा है तो हम लोगों का भी दायित्व है कि उनके आंखों में आंसू न आने पावै। उन्होंने आए हुए सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर आरएसएस के विभाग प्रचारक श्री प्रकाश, जिला प्रचारक बृजेश, आनंद द्विवेदी, डॉ. सीता शरणत्रिपाठी, पूर्व प्रमुख वीरेंद्र प्रताप सिंह, राजमणि वर्मा, अवनीश पांडेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजय भान सिंह, अभिषेक सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास को लेकर की चर्चा



लालगंज रायबरेली। प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय हिंदू महासभा एवं वरिष्ठ समाजसेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री ने सोमवार को लखनऊ स्थित उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आवास पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत बातचीत हुई।बैठक में सरेनी व आसपास के क्षेत्रों में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति, भविष्य की जरूरतों तथा जनसुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इसके साथ ही अखिल भारतीय हिंदू महासभा, उत्तर प्रदेश संगठन से संबंधित विषयों पर भी सार्थक विमर्श हुआ। शैलेंद्र अग्निहोत्री ने उपमुख्यमंत्री को क्षेत्र की आवश्यकताओं एवं जनता की अपेक्षाओं से अवगत कराया तथा जल्द समाधान की उम्मीद जताई।दूसरी ओर उपमुख्यमंत्री ने विकास कार्यों को गति देने का आश्वासन दिया। क्षेत्र के विकास और समाज हित के कार्यों में सदैव अग्रसर रहने वाले सरेनी ब्लॉक के पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख शैलेंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार 2017 से राष्ट्र और समाज हित में कार्य कर रही है। भाजपा सरकार सबका साथ और सब का विश्वास के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार ने करोड़ों हिंदुओं की मुराद पूरी करते हुए अयोध्या में राम मंदिर निर्माण करा कर सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करने का काम किया है। शैलेंद्र अग्निहोत्री का कहना है कि 2027 में भी भाजपा की ही सरकार बनेगी।

संक्षेप

## कार पीछे से ट्रक में घुसी, 7 यात्री घायल

फिरोजाबाद। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक कार बेकाबू होकर आगे जा रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में कार में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस व यूपीडा ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकालकर इलाज के लिए सयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां गंभीर रूप से घायल लोगों को सैफई पीजीआई के लिए भेज दिया।

सोमवार की सुबह कार चालक बसन्ती पुत्र रमेश निवासी कोरीखेडा फतेहपुर सीकरी जनपद आगरा बेगेनार कार से 7 लोगों को लेकर दिल्ली से लखनऊ जा रहे था। जब उनकी कार आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के थाना नसीरपुर क्षेत्र में पहुंची तो चालक को नींद का झोका आने के चलते आगे जा रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसा होते ही कार में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची नसीरपुर पुलिस व यूपीडा ने कार में फसे सभी घायलों को बाहर निकाला। उसके बाद सभी घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को जिला सयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां गंभीर रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद सैफई पीजीआई भेज दिया। घायल हुए लोगों में

सीमा तोमर 35 पत्नी शेलेन्द्र तोमर, परी 8 पुत्री कुलदीप, शेलेन्द्र 37 पुत्र सोबरन सिंह निवासीगण निहाल बिहार 50 फुटा रोड थाना नांगलोई दिल्ली, योगेश कुमार पुत्र राधेश्याम, ईशान गुर्जर पुत्र पवन गुर्जर, किट्टू पुत्र बिट्टू, राखी पत्नी बिट्टू निवासीगण निवासी ओपनिंग गार्डन नांगलोई दिल्ली हैं। इस बारे में प्रभारी प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार सोलंकी ने कहा कि सोमवार की सुबह शायद चालक को नींद का झोका आने से आगे जाते ट्रक में घुस गई। हादसे में 7 लोग घायल हुए है। गंभीर रूप से घायल लोगों को सैफई पीजीआई में भर्ती कराया गया है।

## परचून व्यापारी की हत्या, चार गिरफ्तार

मथुरा। विगत 04 दिसम्बर को थाना बरसाना क्षेत्र में परचून कारोबारी की हत्या कर शव कुंए में डालने की घटना का आज एसएसपी श्लोक कुमार ने पदार्फाश कर दिया है। इस हत्याकांड में संलिप्त चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिन्होंने घटना को स्वीकार किया है। पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया गत 04 दिसंबर की रात बरसाना क्षेत्र में परचून की दुकान चलाने वाले डाहरौली निवासी महादेव पुत्र खच्चर की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया था। पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुये डाहरौली गांव के ही रहने वाले सोनू पुत्र होतीलाल, मोहित पुत्र हेतराम, सचिन पुत्र ईशरदयाल, गुलशन पुत्र विजय सिह को गिरफ्तार किया है।

मुख्य आरोपी सोनू ने पूछताछ में बताया कि मृतक महादेव की दुकान पर गुलशन काम करता था। जहां महादेव गुलशन की मां पर अश्लील टिप्पणियां करता था। वहीं सोनू के पिता ने महादेव से 40,000 रुपये ब्याज पर लिए थे जिसके चलते महादेव उस पर दबमेरे पास छोड़ दे। इन बातों से सोनू और गुलशन खुद को बार-हप्र बार अपमानित महसूस करते रहे। गांव वालों के सामने काफी बेज्जती महसूस करने लगे तथा अन्दर खाने महादेव के खिलाफ रंजिश मानने लगे। इस सब से आजिज आकर दोनों ने महादेव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई।

# नाले में गिरी मोटर साइकिल तीन चचेरे भाइयों की मौत

**मथुरा।** जिले में मोटरसाइकिल पर सवार होकर रिश्तेदार के सगाई समारोह में शामिल होने जा रहे तीन चचेरे भाइयों की नाले में गिरकर डूबने से मौत हो गई। यह हादसा रविवार देर रात राधाकुंड में गोवर्धन नाले के पास हुआ, जब तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई और तीनों युवक डूब गए जिनकी उम्र 20 साल के आसपास थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने जिला अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए और घायलों के समुचित उपचार के भी आदेश दिए।

गोवर्धन थाना प्रभारी रवि त्यागी ने बताया कि कन्हैया, अंकुश और प्रवीण चचेरे भाई थे और मथुरा शहर के मासूमनगर निवासी थे। वे रात करीब आठ बजे एक रिश्तेदार की सगाई समारोह में शामिल होने राधाकुण्ड जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। स्थानीय निवासियों ने युवकों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन नाले की गहराई अधिक होने के कारण वे असफल रहे। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। मोटरसाइकिल को भी जेसीबी मशीन की मदद से बाहर निकाला गया। थाना प्रभारी ने कहा कि तीनों युवकों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर, तीनकी मौत

मथुरा। जिले में राया पुलिस स्टेशन के तहत बरेली-मथुरा एक्सप्रेसवे पर कोयल गांव के निकट सोमवार सुबह एक कार के ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस क्षेत्राधिकारी महावन संजीव कुमार राय ने बताया कि कार सवार सौरभ वर्मा (33) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि निकुंज गुप्ता (27) और राजन गुप्ता (31) ने आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घायल राजा भारद्वाज (28) का एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा में इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत स्थिर है। वे सभी शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद के रहने वाले थे और वृंदावन जा रहे थे।पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

## ट्रेन के शौचालय में मिला एक व्यक्ति का शव

टूंडला। थाना जीआरपी पुलिस को पुणे प्रयागराज स्पेशल ट्रेन के शौचालय में एक व्यक्ति का शव मिला है। थाना जीआरपी पुलिस को रविवार रात्रि टूंडला अप लाइन नंबर 4 ई सी आर रैंक में पीछे के तरफ एक व्यक्ति के पड़े होने की सूचना मिली जिसपर जीआरपी टूंडला एसआई धर्मेंद्र सिंह हमराह स्टाफ सहित01405 पुणे प्रयागराज स्पेशल के नाम से I मेला के रूप में 14:30 बजे लाइन नंबर चार में लाई गई ।

## रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत हॉस्पिटल में हंगामा, तोड़फोड़



**मथुरा।** हाइवे थाना क्षेत्र में बीती देरशाम रोडवेज बस से दुर्घटना में घायल हुए किशोर की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। जिससे आक्रोशित लोगों ने बीतीरात डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा और तोड़फोड़ की। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हाइवे थाना क्षेत्र अन्तर्गत खामनी गांव निवासी 15 वर्षीय अर्जुन सिंह रविवार 7 बजे गोवर्धन चैराहे से मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव की ओर लौट रहा था। तभी रोड़वेज बस की टक्कर से वह गंभीर रुप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए गोवर्धन चैराहा के न्यू लाइफ हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया। काफी देर तक चिकित्सक युवक की दशा गंभीर बताते रहे, लेकिन कुछ देर बाद डाक्टर ने बताया कि अर्जुन की मौत हो गई। इससे उसके परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने इसे डाक्टरों की लापरवाही बताया और जमकर हंगामा काटा। रात्रि दस बजे से एक घंटे तक बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल परिसर में घुस गए और लाठी-डंडों से तोड़फोड़ की। जानकारी लगते ही हाइवे पुलिस पहुंची और लोगों को शांत किया। मृतक किशोर के पिता जगदीश और मां पिंकी ने कहा कि यदि समय रहते उन्हें आगाहा किया होता तो वह किसी दूसरे अस्पताल ले जाकर अपने बेटे की जान बचा सकते थे। वहां अस्पताल संचालक डा. सचिन शर्मा का कहना है कि किशोर को काफी गंभीर स्थिति में लाया गया था उसके बाद भी उसे बचाने के प्रयास किए गए, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल पायी। इंस्पेक्टर हाइवे ने बताया कि मृतक परिवार की ओर तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## खनन अधिकारी को ट्रैक्टर से टक्कर मारने के प्रयास में 2 वांछित गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना लाइनपार पुलिस टीम ने खनन कर रहे अभियुक्तों द्वारा ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए खनन अधिकारी को टक्कर मारने का प्रयास करने के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग में वांछित दो अभियुक्तगण अजय कुमार व लेखपाल को गिरफ्तार किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने व वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु जनपद में चलाये जा रहे सघन चैकिंग अभियान के दौरान थाना लाइनपार पुलिस टीम ने अवैध खनन चैकिंग के दौरान ट्रैक्टर को रोकने पर अभियुक्तगण द्वारा ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए खनन अधिकारी को टक्कर मारने का प्रयास करने के सम्बन्ध में थाना लाइनपार पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त अजय कुमार पुत्र रामवीर निवासी वाजिदपुर कुतुकपुर ठार कठेघर थाना लाइनपार को एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस सहित रेलवे रुपसपुर पुल के नीचे रेलवे फाटक की ओर जाने वाले रास्ते से तथा अभियुक्त लेखपाल पुत्र शंकरलाल निवासी बाजिदपुर कुतुकपुर ठार कठेघर थाना लाइनपार फिरोजाबाद को वाजिदपुर अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## थाना पचोखरा में 29 माल का विनष्टीकरण किया गया

**टूंडला।** थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा आयुध अधिनियम व आबकारी अधिनियम के अभियोग से सम्बन्धित कुल 29 माल का विनष्टीकरण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थानों पर पंजीकृत विभिन्न अभियोगों से सम्बन्धित माल मुकदमातों के निस्तारण विनष्टीकरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद के आदेश के अनुपालन में सोमवार को थाना पचोखरा पर पंजीकृत आयुध अधिनियम के 24 अभियोगों व आबकारी अधिनियम के 05 अभियोगों से सम्बन्धित बरामद देशी शराब 30 लीटर कुल 29 माल का नायाब तहसीलदार टूण्डला क्षेत्राधिकारी टूण्डला थानाध्यक्ष पचोखरा व हैड मोहर्रिर पचोखरा की मौजूदगी में माल निस्तारण विनष्टीकरण की सम्पूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी फोटोग्राफी कराकर नियमानुसार निस्तारण विनष्टीकरण किया गया।

# बदमाशों ने छीना चांदी से भरा बैग, एक गिरफ्तार



**मथुरा।** आगरा के एक चांदी व्यापारी के कर्मचारियों को निशाना बनाते हुए, रिफाइनरी थाना क्षेत्र के तहत 9 नंबर फ्लाईओवर के ऊपर दिन दहाड़े लूट लिया गया। बदमाशों ने चांदी से भरे बैग छीन लिया और भागने लगे। हालांकि, जनता की तत्परता से एक बदमाश को मौके पर ही दबोच लिया गया, जबकि दो अन्य फरार होने में सफल रहे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पकड़े गए आरोपी को हिरासत में ले लिया है और भागे हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आगरा के व्यापारी मनोज का कर्मचारी जितेन चांदी लेकर आगरा से मथुरा आ रहा था। दोपहर के समय जैसे ही वह रिफाइनरी थाना के अंतर्गत 9 नंबर पुल के पास पहुंचा, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उसे घेर लिया। कर्मचारी को रोककर बदमाशों ने चांदी का बैग छीन लिया और लूट की वारदात को अंजाम देकर भागने का प्रयास किया।

इस दौरान पीड़ित कर्मचारी के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने बदमाशों का पीछा शुरू कर दिया। इस दौरान एक बदमाश पकड़ लिया। उसकी जमकर धुनाई की, जबकि उसके दो साथी मौके से भागने में सफल रहे। सूचना मिलते ही रिफाइनरी थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने भीड़ के चंगुल से पकड़े गए बदमाश को अपनी हिरासत में लिया और उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

## बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज में मनोवैज्ञानिक छात्रों को सिखाये सफलता के मंत्र



**मथुरा।** बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में हाल ही में एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस सत्र की मुख्य वक्ता मनोवैज्ञानिक मीनू अजवानी रहीं, जिन्होंने इंजीनियरिंग के छात्रों को आत्मविश्वास निर्माण, प्रभावी संचार कौशल, साथ मिलकर आगे बढ़ना, रिश्तों का प्रबंधन, मानसिक मजबूती और व्यक्तित्व विकास की बारीकियों से रूबरू कराया। व्याख्यान का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा छात्रों का मनोविज्ञान रहा। मीनू अजवानी ने बताया कि शैक्षणिक दबाव और करियर की चिंता के बीच छात्र अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान कैसे रखें। एक सफल इंजीनियर बनने के लिए केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि मानसिक दृढ़ता और दूसरों के साथ जुड़ने की कला भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने छात्रों के सवालों के जवाब दिए और उन्हें तनाव मुक्त रहकर पढ़ाई करने के व्यावहारिक सुझाव भी दिए। कार्यक्रम के अंत में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर विशाल लाल गोस्वामी ने मीनू अजवानी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कालेज के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल, वाइस चेयरमैन इंजी. नितिन मित्तल, निदेशक प्रो. डा. श्याम सुन्दर अग्रवाल वं रजिस्ट्रार भगवान सिंह ने कहा कि इस तरह के सत्रों से छात्रों का मनोबल बढ़ता है।

## टेंडर होने के बावजूद ठेकेदार नहीं करा रहा सीसी निर्माण कार्य, वार्ड वासियों में आक्रोश



**टूंडला।** टेंडर होने के महीनों गुजर जाने के बावजूद भर्रा नाला सीसी रोड़ का निर्माण कार्य न होने पर वार्ड निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड सभासद सहित क्षेत्रीय निवासियों ने पालिका प्रशासन से शीघ्र निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की है। बता दे स्टेशन रोड रॉयल गार्डन के सामने भर्रा नाला से आगरा रोड़ तक सीसी मार्ग निर्माण कार्य का टेंडर नगर पालिका द्वारा माह मई जून 2025 में हुआ था। जिसमे स्टेशन रोड से आधा जीवनी नगर तक सीसी निर्माण कार्य हो गया है, वही जीवनी नगर से आगरा रोड तक का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जिस पर क्षेत्र वासियों में आक्रोश व्याप्त है, वार्ड के सभासद धर्मेंद्र सिंह भोला नौहवार ने बताया कि उक्त कार्य के संबंधित ठेकेदार को कई बार कहा है, मगर वो पैसा न आने का बहाना बना कर कार्य नहीं करा रहा है। इस संबंध में नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी को एक शिकायती पत्र भी दिया है। अधिशाषी अधिकारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि उक्त शेष कार्य को पूर्ण कराने के लिए संबंधित ठेकेदार को नोटिस दिया गया है, ठेकेदार द्वारा कार्य न कराए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

## रोजगार मेले में 69 छात्रों का हुआ चयन

**शिकोहाबाद।** एसीएमटी कॉलेज में डिप्लोमा सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों का एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में एलएनटी कंस्ट्रक्शन कंपनी बैंगलोर के अधिकारियों ने छात्रों का साक्षात्कार लिया। कंपनी के एच आर हिमांशु कुमार ने 85 छात्रों का साक्षात्कार लिया। जिसमें 69 छात्रों का चयन हुआ। रोजगार पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से चहक उठे। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन योगेश यादव ने चयनित हुए छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए आगे आने वाले समय में उनके लिए रोजगार मेले का आयोजन कराते रहने का आश्वासन दिया। इस दौरान कॉलेज के हेड विकास यादव, प्रधानाचार्य सहित कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# आगरा की ओल्ड विजय नगर कॉलोनी में फ्लैट में लगी भीषण आग

**आगरा।** थाना हरीपर्वत क्षेत्र के ओल्ड विजय नगर कॉलोनी में फ्लैट में भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना पर दमकल मौके पर पहुंच गई। लपटों में फंसे परिवार को बाहर निकाला। आगरा के हरीपर्वत की विजय नगर कॉलोनी स्थित त्रिवेणी क्रिस्टल अपार्टमेंट में चौथी मंजिल पर प्रापर्टी डीलर के फ्लैट में मंदिर में जल रहे दीपक से आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। आग लगने से फ्लैट में बुजुर्ग महिला और उनके बेटा-बेटी फंस गए। खिड़की से परिवार चीख-चीख कर लोगों से मदद की गुहार लगाने लगा। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवान कमर में रस्सी बांध कर पांचवीं मंजिल की छत से लटक कर खिड़की का शीशा तोड़कर अंदर घुसे। जान पर खेलकर आग पर काबू पाते हुए तीनों की जान बचाई। फिल्मी स्टाइल में हुए रेस्क्यू को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में भीड़ पहुंच गई। धुएं से दम



घुटने के कारण महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। त्रिवेणी क्रिस्टल अपार्टमेंट की चौथी

- **दमकल मौके पर पहुंच कर लपटों में फंसे परिवार को बाहर निकाला, एडीए व प्रसाशन की लापरवाही उजागर**

मंजिल पर बने फ्लैट नं.401 में प्रापर्टी डीलर राजीव अग्रवाल परिवार के साथ रहते हैं। रविवार शाम चार बजे उनके फ्लैट में बने मंदिर में जल रहे दीपक से आग लग गई। कुछ ही देर में फ्लैट से आग की लपटें उठने लगीं। हादसे के समय फ्लैट स्वामी राजीव अग्रवाल घर पर मौजूद नहीं थे। अंदर कमरे में राजीव की पत्नी रंजना अग्रवाल (64) सो रही थीं। बेटा रजत (33) और बेटी मुस्कान (27) भी अंदर मौजूद थे। फ्लैट का दरवाजा लॉक था और आग की चपेट में था। धुआं होते ही वह दोनों खिड़की पर आकर चीख-चीख कर मदद की गुहार लगाने लगे। फायर ब्रिगेड को हादसे की सूचना 4:15 बजे मिली। एफएसओ सोमदत्त सोनकर के निर्देशन में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। अंदर घुसने का कोई रास्ता नहीं था और धुआं ही धुआं भरा था। इस दौरान फायरकर्मियों ने जांबाजी दिखाते हुए पांचवीं मंजिल की छत के रास्ते अंदर प्रवेश करने का फैसला लिया। फायरमैन रामकेश कमर में रस्सी बांध कर छत से लटक कर खिड़की तक पहुंचे। शीशा तोड़ने में उनका हेलमेट गिर गया। उन्होंने हिम्मत दिखा अंदर प्रवेश किया। साथ लाए पानी के पाइप की मदद से जमीन पर लेटकर आग बुझाने लगे। इस दौरान दो बार धमाके हुए। 10 मिनट बाद मदद के लिए फायरमैन पंकज अंदर घुसे। दरवाजे की आग बुझते ही सामने से फायरमैन प्रवीण और देवकी अंदर पहुंचे। बदहवास हो रहे परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला। रंजना अग्रवाल की धुएं से दम घुटने के कारण तबियत बिगड़ने लगी तो उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग बुझाने के लिए संजय प्लेस के साथ - साथ ईदगाह और शास्त्रीपुरम से भी दमकल और अधिकारी पहुंचे थे। आधे घंटे के अंदर आग पर बाबू पा लिया गया था। आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया है। आपको बता दें कि आगरा के शहर भर में बिल्डरों ने ज्यादा कमाई के लिए एडीए से अनुमित न होने पर भी चार से पांच मंजिला अपार्टमेंटों का अवैध निर्माण करा रखा है। बिल्डरों द्वारा एडीए के मानको का कहीं भी पालन नहीं किया जा रहा। विजय नगर कॉलोनी स्थित त्रिवेणी क्रिस्टल अपार्टमेंट में आग लगने के दौरान दमकल कर्मियों को फ्लेट में घुसने के लिए स्थान इस लिए नहीं मिला क्यों कि बहुमंजिला अपार्टमें के चारों ओर से 8 फिट तक गेलरी नहीं छोड़ी गई थी जो एडीए के नियमों अनुसार छोड़ा जाना चाहिए। वहीं इन बिल्डिंगों फायर विभाग द्वारा एनओसी भी इस लिए जारी नहीं की गई क्यों कि वहां फायर पोइंट तक नहीं बने। आगरा में बल्केश्वर, कमलानगर, बेलनगंज, ताजगंज, खंदारी, सिकंदरा, यमुना पार सहित दर्जनों स्थानों पर इस प्रकार के सैकड़ो बहुमंजिला अपार्टमेंट खड़े हैं जिन्हों ने एडीए के नियमों का अनुपालन नहीं किया फिर भी उक्त अर्पाटमेंट बन भी गये और बिक भी गये। इन अवैध निमाणों में बिल्डरों से एडीए के अधिकारियों व प्रर्वतन दल के जेई तथा बाबूओं से सांठगाठ रहती है। इन मामलों में अवैध बसूली के तमाम आरोप भी लगते रहते हैं। यहां सवाल यह है कि आखिर इन अवैध निमाणों पर एडीए उपाध्यक्ष व अध्यक्ष मंडलायुक्त अपनी आंखे क्यों मूंदे हुए है।

## लूट की घटना का अनावरण कर 4 अभियुक्तों को सामान सहित किया गिरफ्तार



**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा लूट के अभियोग का सफल अनावरण कर लूट करने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दिनाँक 04-12-2025 को अजय अपने साथी राजकुमार के साथ ऑटो से शादी समारोह में फिरोजाबाद से टूण्डला जा रहे थे। तभी रास्ते में 02 मोटर साइकिलों पर सवार अज्ञात अभियुक्तों द्वारा ऑटो को रुकवाकर उनके साथी से कैमरों का बैग छीनकर मौके से भाग गये जिसके सम्बन्ध में थाना टूंडला पर दी गई तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में सोमवार को थाना टूण्डला पुलिस द्वारा लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तगण रिषभ पुत्र स्व0 राजेश कुमार, विनय कुमार पुत्र मुरारी लाल, ध्रुव पुत्र ब्रज किशोर, प्रिंस उर्फ शूटर पुत्र पुष्पेन्द्र को मय लूटा गया सामान एक सोनी कैमरा, एक पावर एलईडी एक बैट्री चार्जर, एक एलसीडी चार्जर 05 बडी बैट्री 03 छोटी बैट्री 02 पावर कैबिल 02 ऐलेन्की चाबी तथा घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचे मय 02 जिन्दा कारतूस बरामदगी सहित बसई बम्बा पुलिया से प्रकाशानन्द कॉलोनी की ओर जाने वाला रास्ते से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा है।

# आगरा की एडिशनल कमिश्नर निवेदिता सिंह हिस्ट्रीशीटर की धमकी से दहशत में

जिला संवाददाता

**आगरा।** एडिशनल कमिश्नर निवेदिता सिंह ने अमजन ट्रांसपोर्ट पर कार्रवाई की। उन्होंने कर चोरी करने पर जुमार्ना लगाया था। इसके बाद ट्रांसपोर्ट के ओनर असगर अली के बेटे अजमल अली उर्फ छोटू ने सहायक राज्यकर अधिकारी को फोन कर जान से मारने की धमकी दी है।

छोटू शाहगंज थाने में नामजद हिस्ट्रीशीटर है। और उस पर कई मुकदमे दर्ज है। पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर एक बार छोटू को जेल भी भेज चुकी है। सहायक राज्यकर अधिकारी निवेदिता सिंह ने बताया- कुछ दिन पहले अमजन ट्रांसपोर्ट पर कर चोरी के मामले में कार्रवाई की थी। इसके कुछ दिन बाद ओनर कार्यालय में आए और कर भरने की बात कह कर चले गए। लेकिन कुछ दिन बाद उनके पुत्र छोटू के नाम से कॉल आया था। उसने कॉल पर मुझसे कर भरने की बात कहीं। और न भरने पर जान से मारने की धमकी दी है। कई नंबर से कॉल आ चुके है। और लगातार

- **ट्रांसपोर्ट स्वामी असगर अली के बेटे अजमल अली पर 50 लाख रंगदारी मांगने का आरोप**

धमकियां मिल रही है। जिसके कारण मुझे अपने कार्यालय में काम करने भी दिक्कत हो रही है। और में कई दिनों से डिप्रेशन में हूं। मेरी जान को खतरा है। निवेदिता सिंह ने हरीपर्वत थाने में रंगदारी, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और सरकारी कार्य में बाधा का मुकदमा लिखाया है। आरोप लगाया है कि अजमन ट्रांसपोर्ट के असगर अली ने फर्जी शिकायत की है। शिकायत वापस लेने के एवज में 50 लाख रुपए मांग रहे हैं। वहीं आरोपित पक्ष ने अधिकारी के खिलाफ अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए अपर आयुक्त राज्यकर से शिकायत की है। निवेदिता सिंह ने हरीपर्वत थाने में तीन दिसंबर को मुकदमा दर्ज कराया।

इसमें आरोप लगाया कि असगर अली, रवि मोहन उर्फ डब्बू, छोटे व कुछ अज्ञात लोग उन्हें लगातार धमकियां दे रहे हैं। उन्हें बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। पूर्व में उन्होंने अजमन ट्रांसपोर्ट की गाड़ियों पर कर चोरी पकड़ी थी। जुमार्ना लगाया। इससे ही आरोपित खफा हैं। जुमार्ने की रकम उनसे मांग रहे हैं। फर्जी शिकायतें करके जांच खुलवाने की धमकी देते हैं। खुद को हिस्ट्रीशीटर बताते हैं। पुलिस ने मुकदमे के बाद जांच शुरू कर दी है। वहीं मेवाती गली, सीओडी कालोनी भोगीपुरा निवासी असगर अली ने अपर आयुक्त राज्यकर से निवेदिता सिंह की लिखित शिकायत की है। शिकायत में अधिकारी पर अवैध वसूली का आरोप लगाया है। शिकायत में गाड़ी नंबर भी खोले हैं। आरोप लगाया है कि 306000 का अर्थदंड गलत तरीके से लगाया गया। शिकायत में गाड़ी में मौजूद सामान का उल्लेख भी है। इस मामले में पुलिस और विभाग दोनों छानबीन कर रहे हैं।

## एसएसपी ने की मिशन शक्ति 5.0 अभियान की समीक्षा



**फिरोजाबाद।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हॉल में जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति पुलिस टीमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति टीमों के अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को और सुदृढ़ बनाने हेतु आगामी गतिविधियों की रूपरेखा पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। एसएसपी ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थानों द्वारा संचालित कार्यक्रमों जनजागरूकता गतिविधियों, स्कूल-कॉलेज आउटरीच पिंक पेट्रोलिंग एवं शिकायत निवारण की व्यवस्थाओं को और प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए। समीक्षा बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर सभी क्षेत्राधिकारी तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## छटीकरा राधाकुंड रोड पर दो अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

मथुरा। मथुरा विकास प्राधिकरण ने सोमवार को छटीकरा राधाकुंड रोड पर अवैध रूप से विकसित की जा रही दो कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी ध्वस्तिकरण की कार्रवाई की। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व सचिव के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। एमडीए के प्रवर्तन दल ने दो अलग-अलग स्थानों पर अनाधिकृत निमाणों को ध्वस्त किया। थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत मघेरा सीताराम आश्रम के सामने, राजेंद्र सिंह राजपूत द्वारा विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी विन्दावली रेजिडेंसी को ढहाया गया।




## हार्दिक के शुरुआती ओवर डालने से हमें काफी विकल्प मिलते हैं : सूर्यकुमार यादव



कटक। भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का मानना है कि हरफनमौला हार्दिक पांड्या की वापसी से टीम एशिया कप में सफलता दिलाने वाली वाली रणनीति और संतुलन को फिर से हासिल कर सकेगी। भारतीय टीम मंगलवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में हिस्सा लेगी। तेज गेंदबाजी के साथ शानदार बल्लेबाजी करने वाले हार्दिक बाएं हाथ के अंगूठे में चोट के कारण एशिया कप फाइनल में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने चोट से उबरने के बाद हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में वापसी की और शानदार लय में हैं।

अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उनकी समय पर वापसी ने टीम में विकल्प को बढावा दिया है और इससे टीम का संतुलन अच्छा होगा। नयी गेंद से गेंदबाजी करने का उनका कौशल भारत को तीन या चार स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरने की सुविधा देते हैं। सूर्यकुमार ने पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टी20 मैच से पहले कहा, मुझे लगता है कि आपने एशिया कप में भी देखा होगा जब वह नई गेंद से गेंदबाजी कर रहे थे तो उन्होंने हमारे लिए अंतिम एकादश के लिहाज से कई विकल्प और कई संयोजन आजमाने के मौके दिये। उन्होंने कहा, वह टीम को विकल्प देने के साथ मजबूती प्रदान करते हैं। बड़े मैचों और आईसीसी प्रतियोगिताओं में उनका प्रदर्शन और भी शानदार रहता है। भारतीय टी20 टीम के कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि यह अनुभव बहुत मायने रखेगा। उनकी मौजूदगी निश्चित रूप से टीम को एक अच्छा संतुलन प्रदान करेगी। हार्दिक टीम से एक दिन पहले कटक पहुंच गए थे और उन्होंने यहां के बाराबती स्टेडियम में अकेले अभ्यास किया था। वह सोमवार को वैकल्पिक सत्र में शामिल नहीं हुए लेकिन कप्तान ने पुष्टि की कि वह और गर्दन की ऐंठन से उबर रहे शुभमन गिल चयन के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, फिलहाल, दोनों स्वस्थ और फिट दिख रहे हैं। भारत के लिए यह मुकाबला फरवरी में होने वाले घरेलू टी20 विश्व कप से पहले 10 मैचों की श्रृंखला (दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच-पांच मैचों की श्रृंखला) की शुरुआत है लेकिन सूर्यकुमार ने कहा कि इस टूर्नामेंट के लिए टीम की नींव बहुत पहले ही रख दी गई थी। उन्होंने कहा, हमारी 2026 टी20 विश्व कप की तैयारी 2024 में टी20 विश्व कप जीतने के ठीक बाद शुरू हो गई थी। हम 2024 टी20 विश्व कप खत्म होने के बाद से ही नयी चीजें आजमा रहे हैं और सब कुछ हमारे पक्ष में काम कर रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की हालिया सफलता चयन में निरंतरता का नतीजा है। सूर्यकुमार ने कहा, मुझे लगता है कि हमने पिछली पांच छह श्रृंखलाओं में एक जैसे संयोजन के साथ खेलने की कोशिश की है।

हमने ज्यादा बदलाव नहीं किए हैं। सब कुछ ठीक चल रहा है। हम इसी तरह आगे बढ़ना चाहते थे। संजू सैमसन और जितेश शर्मा के बारे में पूछे जाने पर सूर्यकुमार ने दोहराया कि टीम की जरूरत के मुताबिक खुद को ढालना बहुत ज़रूरी है। उन्होंने कहा, जहां तक संजू की बात है तो यह सही है कि उन्होंने शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी की लेकिन मौजूदा स्थिति में सलामी बल्लेबाजों (गिल और अभिषेक शर्मा) के अलावा मुझे लगता है कि सभी को किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहना होगा। शिवम दुबे के उभरने के बाद क्या रिंकू सिंह अब भी टीम में वापसी कर सकते हैं, यह पूछे जाने पर सूर्यकुमार ने कहा, दुबे एक ऑलराउंडर हैं। इस टीम में वह और हार्दिक ऑलराउंडर हैं।

## लियोन से कोई शिकायत नहीं : स्टीव स्मिथ



एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ ब्रिस्बेन में खेले गए दूसरे एशेज टेस्ट में नाथन लियोन को अंतिम एकादश से बाहर रखने पर उठे विवाद को शांत करने की कोशिश करते हुए कहा कि यह फैसला बल्लेबाजी क्रम को मजबूत करने के लिए लिया गया था और स्पिन गेंदबाजी के इस दिग्गज के खिलाफ कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं थी। यह पिछले 13 साल में पहला अवसर था जबकि लियोन को घरेलू टेस्ट मैच से बाहर किया गया। इस स्पिनर ने इसके बाद कहा था कि उनका मूड बेहद खराब है। ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा था कि लियोन को केवल इस मैच के लिए बाहर किया गया। उन्होंने एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए इस 38 वर्षीय स्पिनर को अंतिम एकादश में जगह देने की गारंटी दी थी। स्मिथ ने मैच के बाद फॉक्स स्पोर्ट्स पर कहा लियोन को लेकर कुछ भी व्यक्तिगत शिकायत नहीं है। वह पिछले कई वर्षों से हमारे मुख्य स्पिनर रहे हैं लेकिन बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए यह फैसला किया गया। उन्होंने कहा जिस तरह से हमारे पुछल्ले बल्लेबाज लगभग 50 ओवर तक टिके रहे, उससे हमें वह संतुलन मिला जिसकी हमें तलाश थी।

ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को ब्रिस्बेन टेस्ट में बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम को आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली। आस्ट्रेलिया के पुछल्ले बल्लेबाजों में तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने 77 रन की पारी खेली जबकि तेज गेंदबाज माइकल नेसर (16) और ब्रेंडन डोगेट (13) ने भी अच्छा योगदान दिया। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने संकेत दिया है कि चयनकर्ता 17 दिसंबर से एडिलेड टेस्ट के लिए टीम में संतुलन सुनिश्चित करने के लिए लियोन को अंतिम एकादश में शामिल कर सकते हैं।

## संक्षेप

### दुबई कैपिटल्स की अबूधाबी नाइट राइडर्स पर बड़ी जीत

दुबई। वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल की धमाकेदार पारी की मदद से दुबई कैपिटल्स ने अबूधाबी नाइट राइडर्स को 83 रन से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। पॉवेल ने 52 गेंदों पर नाबाद 96 रन बनाए जिसमें आठ चौके और चार छक्के शामिल हैं। उन्होंने जॉर्डन कॉक्स (32 गेंदों पर 52 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी की जिससे दुबई कैपिटल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए चार विकेट पर 186 रन बनाए। इसके जवाब में नाइट राइडर्स की टीम 15.3 ओवर में 103 रन पर ढेर हो गई और दुबई कैपिटल्स ने आसान जीत हासिल की। नाइट राइडर्स के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। दुबई कैपिटल्स की तरफ से वकार सलामखेल ने 29 रन देकर चार विकेट लिए।

### भारतीय टी-20 श्रृंखला के लिए टीम जर्सी का अनावरण

नयी दिल्ली। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने तीन मैच की आगामी टी20 श्रृंखला के लिए सोमवार को टीम की जर्सी का अनावरण किया। यह श्रृंखला आईडीसीए की बधिर टीम और दुबई की बधिर टीम के बीच 10 से 13 दिसंबर तक यूएई के शारजाह में खेली जाएगी। जर्सी का अनावरण श्रृंखला में हिस्सा ले रही भारतीय बधिर क्रिकेट टीम, आईडीसीए के सहयोगी साझेदारों और आईडीसीए के बोर्ड सदस्यों की मौजूदगी में किया गया। आईडीसीए अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, हमारे खिलाड़ी चैंपियनशिप के लिए अच्छी तरह से तैयार और उत्साहित हैं। वे अपना कौशल दिखाने और प्रतिष्ठित खिताब के लिए मुकाबला करने को तैयार हैं। मैं उन्हें इस श्रृंखला के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आईडीसीए बधिर टीम इस प्रकार हैः वीरेंद्र सिंह (कप्तान), सुहैल अहमद, आर यशवंत नायडू, संतोष कुमार महापात्रा, अश्विन कलियापेरुमल, राहुल वाघमशी, इहजास पट्टापिल, समीउल्लाह खान पठान, प्रणिल मोरे, विराज कोल्टे, जिगर ठक्कर, वैभव परांजपे, दीपक कुमार, फहीमुद्दीन।

### धीमी ओवर गति के लिए भारत पर जुर्माना

दुबई। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रायपुर में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में धीमी ओवर गति के लिए सोमवार को भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा एकदिवसीय मैच जीतकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी थी लेकिन भारत ने विशाखापत्तनम में तीसरा एकदिवसीय जीतकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। मैच रैफरी के एलीट पैनल में शामिल रिची रिचर्डसन ने जुर्माना लगाया क्योंकि लोकेश राहुल की अगुआई वाली भारतीय टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम फेंके थे। खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी की आचार संहिता के न्यूनतम ओवर गति से संबंधित अपराधों से जुड़े नियम 2.22 के अनुसार निर्धारित समय में टीम जितने ओवर कम फेंकती है उसके खिलाड़ियों पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

# टी-20 : द. अफ्रीका व भारत आमने-सामने

## गिल, हार्दिक की होगी वापसी, टी20 विश्व कप के लिए तैयारी करेगा भारत

एजेंसी



कटक। शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की वापसी से मजबूती हासिल करने वाली मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन भारतीय टीम मंगलवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के साथ अगले साल स्वदेश में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली यह श्रृंखला फरवरी में होने वाले विश्व कप के लिए भारत की औपचारिक तैयारी का आगाज है। विश्व कप से पहले भारतीय टीम 10 टी20 मैच खेलेगी।

दक्षिण अफ्रीका के बाद वह न्यूजीलैंड के खिलाफ भी पांच मैच की श्रृंखला खेलेगी। विश्व कप में भारत अपना पहला मैच सात फरवरी को वानखेड़े में अमेरिका के खिलाफ खेलेगा। भारतीय टीम इन दोनों श्रृंखला में स्पष्ट नजरिये के साथ उतरेगी जिसमें इसका मुख्य लक्ष्य विश्व कप से पहले खिलाड़ियों की भूमिका तय करना और उपयुक्त संयोजन तैयार करना होगा। पिछले वर्ष विश्व कप जीतने के बाद से भारत ने टी20 में दमदार प्रदर्शन किया है। विश्व कप में उसने लगातार आठ मैच जीतकर खिताब जीता था। तब से भारत ने अपनी जीत का आंकड़ा 26 मैच तक पहुंचा दिया है जिसमें एशिया कप में लगातार सात मैच जीतना भी शामिल है। इस बीच भारतीय टीम को केवल चार मैच में हार मिली। इस अवधि में भारतीय टीम ने कोई टी20 श्रृंखला नहीं हारी है और अब उसका लक्ष्य उस टीम के खिलाफ अपनी धार को और अधिक मजबूत करना होगा जिसे उसने टी20 विश्व कप फाइनल में हराया था। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच में गर्दन में अकड़न के कारण बाहर हो जाने के बाद वापसी कर रहे हैं। पिछले आईपीएल से लगातार क्रिकेट खेलने के कारण और भारत के आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए उनके कार्यभार प्रबंधन पर कड़ी नजर रखी जाएगी। लेकिन 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 29.89 की औसत से 837 रन बनाने वाले गिल के लिए यह श्रृंखला आईसीसी प्रतियोगिता से पहले अच्छी तैयारी करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। गिल की वापसी से अभिषेक शर्मा के साथ उनकी मजबूत सलामी जोड़ी बनेगी। अभिषेक ने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 163 रन बनाए थे और वह भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

इसके बाद उन्होंने घरेलू स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन किया है। सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में पंजाब के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 50.66 की औसत और 249 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 304 रन बनाए, जिसमें बंगाल के खिलाफ 52 गेंदों में 148 रन की तूफानी पारी भी शामिल है। भारत के लिए, हार्दिक पंड्या की वापसी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। एशिया कप के दौरान क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण दो महीने से अधिक समय तक बाहर रहने वाले इस ऑलराउंडर ने शानदार वापसी करते हुए मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा की तरफ से एक मैच में 42 गेंदों में नाबाद 77 रन बनाए और फिर चार ओवर में 52 रन देकर एक विकेट लिया। हार्दिक टीम के अन्य खिलाड़ियों से एक दिन पहले यहां पहुंच गए थे और उन्होंने बाराबती स्टेडियम में अकेले अभ्यास भी किया था। उनकी वापसी से भारतीय टीम को आवश्यक संतुलन मिलेगा। कप्तान सूर्यकुमार यादव की लंबे समय से खराब फॉर्म इस श्रृंखला से पहले चर्चा का मुख्य विषय रहा है। आईपीएल में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 717 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए।

## साइ में 1191 पद खाली, भर्ती प्रक्रिया शुरू : खेल मंत्री



नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को स्वीकार किया कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) में वर्तमान में 1,000 से अधिक पद रिक्त पड़े हैं। खेल मंत्री ने लोकसभा में केरल के अट्टिंगल के कांग्रेस सांसद अदूर प्रकाश के सवाल का जवाब देते हुए यह खुलासा किया। संसद की स्थायी समिति की हाल की रिपोर्ट में इस पर चिंता व्यक्त की गई थी।

इस रिपोर्ट में साइ को गंभीर रूप से कम वित्तपोषित और कम कर्मचारियों वाला बताया गया था। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार ने साइ में धन और कर्मचारियों की भारी कमी पर संसद की स्थायी समिति की चिंताओं पर ध्यान दिया है, मांडविया ने कहा सरकार ने टिप्पणियों पर ध्यान दिया है। साइ में कुल 1,191 पद रिक्त हैं। कुछ पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने अगस्त में अपनी रिपोर्ट में बताया था कि साइ में स्वीकृत पदों में से लगभग 45 प्रतिशत पद वर्तमान में रिक्त हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, यह तथ्य कि कर्मचारियों की इस कमी को संविदा नियुक्ति से पूरा किया जा रहा है, अधिक से अधिक केवल एक तदर्थ व्यवस्था हो सकती है। इस समिति में पूर्व क्रिकेटर और आप के राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह, भाजपा सांसद संबित पात्रा और बांसुरी स्वराज भी शामिल हैं। समिति ने साइ में स्टाफ की कमी और कम फंडिंग पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। समिति ने इस वर्ष छह जून को बैठक में खेल सचिव और साइ के प्रतिनिधियों के विचार सुने थे। समिति ने इन रिक्तियों को भरने के लिए भर्ती शुरू करने की सराहना की लेकिन साथ ही खेल मंत्रालय से अगले छह महीनों में प्रक्रिया पूरी करने और कार्वाई रिपोर्ट पेश करने को कहा। सरकार ने इस साल अपने वार्षिक बजट में युवा मामले और खेल मंत्रालय के लिए 3,794 करोड़ रुपये आवंटित किए।

## आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

एजेंसी



दोहा। निशानेबाज जोरावर सिंह संधू पुरुषों के ट्रैप फाइनल में शुरुआती 10 शॉट में सात हिट के साथ सातवें स्थान पर रहे जबकि भारत ने सोमवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में दो स्वर्ण सहित छह पदक के साथ अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ अभियान का अंत किया।

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जोरावर लुसैल निशानेबाजी परिसर में शॉटगन प्रतियोगिताओं के आखिरी दिन अकेले भारतीय प्रतिस्पर्धी थे। जोरावर ने क्वालीफाइंग में 125 में से 119 अंक के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया जिसमें अब नए आईएसएसएफ नियमों के अनुसार पहले के छह के बजाय आठ निशानेबाजों ने जगह बनाई। तीस शॉट के फाइनल में जोरावर लय में नहीं दिखे और इटली के जियोवानी पेलिएलो के साथ बाहर होने वाले शुरुआती दो निशानेबाजों में शामिल रहे। चीन चार स्वर्ण सहित नौ पदक के साथ शीर्ष पर रहा। पुरुषों के ट्रैप और स्कीट में सोमवार को दो स्वर्ण के साथ अमेरिका भारत के बाद तीसरे स्थान पर रहा। भारत के लिए सिमरनप्रीत कौर बरार ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और सुरुचि फोगाट ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता।

## बिहार ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ किया उलटफेर

कोलकाता। भारत के टी20 विशेषज्ञ रिंकू सिंह बल्ले से कुछ खास नहीं कर सके जिससे बिहार ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां उत्तर प्रदेश को छह विकेट से हरा दिया। सलामी बल्लेबाज पीयूष सिंह की 54 गेंदों में 57 रनों की पारी के दम पर बिहार ने 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली। इससे पहले मंगल महरौर ने चार ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे उत्तर प्रदेश छह विकेट पर 144 रन ही बना सका। मध्यम गति की गेंदबाजी करने वाले महरौर को कप्तान सकीबुल गनी (20 रन पर एक विकेट) और साकिब हुसैन (31 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला। इन दोनों ने अपने-अपने चार ओवरों में एक-एक विकेट लिया। आमोद यादव महंगे साबित हुए और उन्होंने एकमात्र सफलता के लिए 50 रन लुटाये। रिंकू की 25 गेंद पर 19 रन पारी पर महरौर ने विराम लगाया।

## सेल्टा विगो ने रियाल मैड्रिड को हराया

एजेंसी



मैड्रिड। रियाल मैड्रिड को नौ खिलाड़ियों के साथ खेलने की भारी कीमत चुकानी पड़ी और वह स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में रविवार को सेल्टा विगो के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-2 से हार गया। रियाल मैड्रिड की अपने घरेलू मैदान सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में यह पहली पराजय है। इससे वह बार्सिलोना से खिताब की दौड़ में भी पिछड़ गया है।

रियाल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में जल्दी ही गोल खा लिया। इसके बाद उसके दो खिलाड़ियों फ्रान गार्सिया और अल्वारो कैरेरास को रेड कार्ड दिखाए गए जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। मैड्रिड के बेंच पर बैठे खिलाड़ी एंड्रिक को भी शिकायत करने पर रेड कार्ड दिखाया गया। विलियट स्वेडबर्ग ने 54वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट के पास से एक बेहतरीन फ्लिक से सेल्टा विगो के लिए पहला गोल किया।

रियाल मैड्रिड ने 64वें मिनट में गार्सिया को और स्टॉपेज टाइम में कैरेरास को खो दिया। मैड्रिड के नौ खिलाड़ियों पर सिमट जाने के कुछ ही देर बाद स्वेडबर्ग ने गोल करके सेल्टा विगो की जीत पक्की कर दी। इस हार से रियाल मैड्रिड की टीम बार्सिलोना से चार अंक पीछे हो गई है। बार्सिलोना ने शनिवार को रियाल बेटिस पर 5-3 से जीत हासिल की थी।

## दिल्ली का सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में जीत के साथ अभियान खत्म

अहमदाबाद। यश धुल और कप्तान नितीश राणा के अर्धशतक से दिल्ली ने सोमवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपने अभियान का अंत उत्तराखंड पर 18 रन की जीत के साथ किया। सात मैच में तीसरी जीत के साथ दिल्ली की टीम ग्रुप डी में झारखंड और राजस्थान के बाद तीसरे स्थान पर रही। झारखंड और राजस्थान ने सुपर आठ में जगह बनाई। धुल (37 गेंद में 52 रन) और राणा (29 गेंद में 51 रन) ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टीम को अगले दौर में ले जाने में नाकाम रहे। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 162 रन बनाए और फिर उत्तराखंड को सात विकेट पर 144 रन पर रोक दिया। उत्तराखंड की ओर से प्रशांत चोपड़ा 50 गेंद में 54 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

## हॉकी : भारत ने वेल्स को 3-1 से हराया



एजेंसी

सैंटियागो (चिली)। भारत ने एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता के नौवें से 16वें स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में वेल्स पर 3-1 की शानदार जीत के साथ शीर्ष 10 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। भारत की तरफ से हिना बानो (14वें मिनट), सुनलिता टोप्पो (24वें) और इशिका (31वें) ने गोल किए, जबकि एलोइस मोट (52वें) ने वेल्स के लिए एकमात्र गोल किया। भारत ने मैच पर शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। उसे पहले 30 सेकंड में ही पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। भारतीय खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए लेकिन शुरुआत में गोल नहीं कर सके। वेल्स को भी इस बीच पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए बढ़त बनाने का मौका मिला, लेकिन निधि ने उसे रोक दिया और स्कोर बराबर बनाए रखा। भारत पहले क्वार्टर के आखिरी क्षणों में गोल करने में सफल रहा। हिना ने साक्षी राणा के पास पर यह गोल किया। अपनी बढ़त को दोगुना करने की कोशिश में भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके दबाव बनाए रखा। भारतीय टीम ने लगातार मौके बनाए जिसका उन्हें फायदा भी मिला जब राणा का शॉट सुनलिता के पास गया, जिन्होंने उस पर गोल करने में कोई गलती नहीं की। इस तरह से भारत ने मध्यांतर तक 2-0 की बढ़त बना ली थी। भारत ने दूसरे हाफ के शुरू में ही अपनी बढ़त 3-0 कर ली, जब वेल्स की गोलकीपर से मिले रिबाउंड पर इशिका ने गोल कर दिया। भारत ने लगातार मौके बनाते हुए वेल्स को अपने ही हाफ में पीछे धकेलते हुए तीसरा क्वार्टर समाप्त किया। भारत चौथे और अंतिम क्वार्टर में भी गोल करने के लिए प्रयास करता रहा। दूसरी तरफ वेल्स को एक मौका मिला और एलोइस मोट ने इसका फ़ायदा उठाते हुए अपनी टीम के लिए एकमात्र गोल किया। भारत का अगला मुकाबला नौ दिसंबर को उरुग्वे से होगा। वहीं दूसरी ओर क्वार्टर फाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके भारत ने एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता के नौवें से 16वें स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में वेल्स पर 3-1 की शानदार जीत के साथ शीर्ष 10 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

## एलपीएल सीजन-1: पहली बार सफेद गेंद से होगा मुकाबला




लखनऊ। क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) के द्वारा आयोजित लखनऊ प्रीमियर लीग (एलपीएल) की तैयारियों को रफ्तार मिल गई है और इसके ट्रायल की शुरूआत 26 दिसंबर से

### ट्रायल 26 दिसंबर से

होगी। इस आशय की घोषणा करते हुए सीएएल ने बताया कि खिलाड़ियों को पहली बार डे-नाइट ट्रायल का मौका मिलेगा और इस दौरान सफेद गेंद का इस्तेमाल होगा। इस संबंध में फैसला एलपीएल की तकनीकी समिति की बैठक में लिया गया। इसके साथ ही बैठक में एलपीएल के सुचारू आयोजन से जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। बैठक की अध्यक्षता टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर और उत्तर प्रदेश टीम के पूर्व कप्तान ज्ञानेंद्र पांडेय ने की, जो इस प्रतिष्ठित लीग के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। एलपीएल का प्रबंधन क्वाड स्पोर्ट्स द्वारा किया जा रहा है। बैठक में इस बात की भी जानकारी दी गई कि एलपीएल के लिए ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म की शुरूआत भी कर दी गई है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 दिसंबर तय की गई है। इसके लिए 14 से 30 वर्ष की आयु के खिलाड़ी पंजीकरण करा सकते हैं। वहीं प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके 30 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ी भी पंजीकरण के पात्र होंगे। सूत्रों के मुताबिक एलपीएल का पहला संस्करण फरवरी या मार्च में आयोजित होने की संभावना है, जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। यह टीमें - लखनऊ चैलेंजर्स, लखनऊ पैंथर्स, लखनऊ एसेस, लखनऊ लायंस, लखनऊ नवाब्स और लखनऊ स्ट्राइकर्स होंगी। इस बैठक के दौरान सीएएल के सचिव केएम खान, पूर्व रणजी खिलाड़ी आरिश आलम, अभिनव दीक्षित सहित सीएएल के अन्य अधिकारी एसपी सिंह, विकास पांडेय, नईम चिश्ती और शुभांश कुमार भी उपस्थित रहे।

## घरेलू मैदान पर यूपी का दबदबा, महिला टीम नॉकआउट की ओर

### 37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल (पुरुष व महिला) चैंपियनशिप

लखनऊ। मेजबान उत्तर प्रदेश ने 37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल (पुरुष व महिला) चैंपियनशिप में अपने घरेलू मैदान पर जीत का सिलसिला जारी रखा। यूपी की महिला टीम ने लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए नाकआउट में जगह पक्की कर ली जबकि पुरुष वर्ग में भी मेजबान टीम ने दूसरी जीत से अपनी संभावनाओं को बल दिया। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया जा रहा है। चैंपियनशिप के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश की महिलाओं ने अपने पहले मैच में बिहार को 18-11 से हराया। मध्यांतर तक 9-7 की मामूली बढ़त के बाद यूपी ने दूसरे हॉफ में मैच पर पकड़ बनाए रखी। टीम की ओर से खुशबू ने सर्वाधिक 7, रेशमा ने 5, प्रीति ने 3 एवं राजपति ने 2 गोल किए। बिहार से पूजा ने 4, ज्योति ने 3 व रूबी ने 2 गोल किए। यूपी ने इसके बाद अपने दूसरे मैच में तमिलनाडु को 20-13 से शिकस्त देकर लगातार तीसरी जीत हासिल की। मध्यांतर तक स्कोर 9-9 से बराबरी पर था लेकिन दूसरे हॉफ में यूपी ने ने खेल का रुख अपने पक्ष में मोड़ दिया।

# बड़ी जीत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है : मोदी

## जन कल्याण के लिए और अधिक उत्साह से काम करें निर्वाचित विधायक



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बिहार से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सांसदों से हाल में संपन्न राज्य विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन की शानदार जीत के बाद लोगों के कल्याण के लिए और अधिक उत्साह के साथ काम करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा, बड़ी जीत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद शांभवी चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने राजग सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को उस समय यह संदेश दिया, जब वे (राजग सांसद) उन्हें (मोदी को) बिहार चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन की भारी जीत की बधाई देने के लिए दिल्ली आए थे। बैठक के बाद शांभवी ने पत्रकारों से कहा कि हमने बिहार में शानदार नेतृत्व और प्रचार अभियान के समर्थन के लिए प्रधानमंत्री को बधाई दी तथा उनका आभार जताया, जिसके कारण हमारे चुनाव अभियान को मजबूत गति मिली थी। प्रधानमंत्री ने हमें याद दिलाया कि बड़ी जीत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। शांभवी ने बताया कि मोदी ने सांसदों से बिहार के लोगों के कल्याण के लिए और अधिक उत्साह के साथ काम करने का आह्वान किया, क्योंकि सभी के लिए समावेशी विकास राजग की स्पष्ट प्राथमिकता है, फिर चाहे वे किसी भी वर्ग के हों। शांभवी के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने राजग सांसदों से कहा कि वे नकारात्मकता, घृणा और झूठ के बजाय प्रगति पर ध्यान केंद्रित करें। सूत्रों के अनुसार, मोदी ने बिहार के राजग सांसदों को याद दिलाया कि उनका असली काम चुनाव के बाद शुरू होता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने गठबंधन के प्रत्येक सहयोगी दल से बातचीत की और बिहार में राजग की जीत के महत्व पर जोर दिया। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए पिछले महीने हुए चुनाव में राजग ने 202 सीट पर जीत दर्ज की, जिससे जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रमुख नीतीश कुमार के 10वीं बार राज्य का मुख्यमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

राजग को मिली कुल 202 सीट में से 89 पर भाजपा, 85 पर जदयू, 19 पर लोजपा (रामविलास), पांच पर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) और चार पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशियों ने जीत हासिल की।

# शांति और सुरक्षा पर यूरोपीय सहयोगियों के साथ लंदन में बातचीत करेंगे जेलेंस्की



लंदन। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की सोमवार को लंदन में फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के नेताओं से मुलाकात करेंगे। कीव के यूरोपीय सहयोगी रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित योजना पर कठिन वार्ता में यूक्रेन के हाथ मजबूत करने के लिए प्रयासरत हैं।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के 10 डाउनिंग स्ट्रीट स्थित आवास पर उनके अलावा जेलेंस्की, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज जुटने वाले हैं। जेलेंस्की ने रविवार देर रात कहा कि इस सप्ताह लंदन और ब्रसेल्स में यूरोपीय नेताओं के साथ उनकी बातचीत सुरक्षा, वायु रक्षा और यूक्रेन के युद्ध प्रयासों के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण पर केंद्रित होगी। नेता यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि किसी भी युद्धविराम को यूरोप और अमेरिका दोनों की ओर से ठोस सुरक्षा गारंटी का समर्थन प्राप्त हो ताकि रूस को फिर से हमला करने से रोका जा सके। अमेरिकी और यूक्रेनी वार्ताकारों ने शनिवार को तीन दिवसीय वार्ता पूरी की, जिसका उद्देश्य अमेरिकी प्रशासन के शांति प्रस्ताव पर मतभेदों को कम करना था। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर पोस्ट किया कि वार्ता में गंभीर और अर्थपूर्ण चर्चा हुई तथा राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमरोव और जनरल स्टाफ के प्रमुख आंद्रेई हनातोव उन्हें जानकारी देने के लिए यूरोप आ रहे हैं। प्रस्ताव में एक प्रमुख विवाद का मुद्दा यह है कि क्या यूक्रेन को अपने पूर्वी डोनबास क्षेत्र का नियंत्रण रूस को सौंप देना चाहिए, जिसने उसके अधिकांश क्षेत्र पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगी जमीन सौंपने के विचार से सहमत नहीं हैं। स्टार्मर ने कहा कि वह शांति समझौते को स्वीकार करने के लिए जेलेंस्की पर दबाव नहीं डालेंगे। उन्होंने प्रसारक आईटीवी से कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह सुनिश्चित करना है कि अगर शत्रुता समाप्त होती है और मुझे उम्मीद है कि ऐसा होगा, तो यह न्यायसंगत और स्थायी होनी चाहिए और इसी पर हम आज दोपहर ध्यान केंद्रित करेंगे।

## संक्षेप

### आईटीबीपी जवान की हत्या में चार को उम्रकैद

ऊना (हिमाचल प्रदेश)। हिमाचल प्रदेश की एक अदालत ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवान की हत्या के मामले में पिता-पुत्र समेत चार आरोपियों को दोषी ठहराया है। भूमि विवाद में जवान की हत्या गोली मारकर की गई थी। सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। ऊना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजिंदर कुमार की अदालत ने दोषी करार दिए गए जसवंत सिंह, उसके पुत्र दिलप्रीत सिंह, अमरीक सिंह और गुरप्रीत सिंह पर धारा 302 (हत्या) के तहत 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। उन्हें धारा 120 बी (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक ठाकुर भीष्म चंद ने की। ऊना के जिला अधिवक्ता एकलव्य ने बताया कि एक अप्रैल 2021 को नंगड़ा निवासी आईटीबीपी जवान विपिन कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शिकायतकर्ता गुरदयाल सिंह के अनुसार, विपिन कुमार सुबह करीब साढ़े आठ बजे प्रवासी मजदूरों की मदद से खेत में गेहूं की कटाई कर रहे थे। उसी समय, उसी गांव का जसवंत सिंह, उसका बेटा दिलप्रीत सिंह, अमरीक सिंह और गुरप्रीत सिंह एक वाहन में खेत पर पहुंचे।

# सत्तारूढ़ भाजपा को बंगाल की धरती कभी मौका नहीं देगी

नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने सोमवार को सरकार पर पश्चिम बंगाल चुनाव को ध्यान में रखकर लोकसभा में वंदे मातरम् पर चर्चा कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा को बंगाल की धरती कभी मौका नहीं देगी।

मोइत्रा ने सदन में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी प्रकोष्ठ के कुछ लोगों ने सुझाया होगा कि वंदे मातरम् की बात करने से आपको बंगाल चुनाव में लाभ होगा। लेकिन हमें खुशी है कि यह मौका आपको याद दिलाएगा कि बंगाल की धरती आपको मौका नहीं देने वाली। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत में सुजलाम, सुफलाम, मलयज शीतलाम को उद्धृत करते हुए कहा, राष्ट्रगीत में सुजलाम का उल्लेख है कि लेकिन देश में आज पानी पीने लायक नहीं है। राज्यों की जलजीवन मिशन की राशि काटी जा रही है। पर्यावरण मंत्रालय ने प्रदूषण कोष का एक प्रतिशत से भी कम खर्च किया है।

# वंदे मातरम की ऊर्जा आज भी प्रखर है: बिरला



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि वंदे मातरम् की ऊर्जा आज भी उतनी ही प्रखर है, जितनी स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में थी।

उन्होंने सदन में वंदे मातरम पर चर्चा की शुरुआत से पहले यह टिप्पणी की। बिरला ने सदन में कहा, आज हम वंदे मातरम की 150 वर्षीय गौरव-यात्रा का स्मरण कर रहे हैं। एक ऐसी अमर ध्वनि, जिसकी प्रत्येक पंक्ति में भारत की प्रकृति, मातृत्व, सौंदर्य और शक्ति का अद्भुत समन्वय धड़कता है। इस गीत ने लाखों भारतीयों के भीतर स्वतंत्रता का स्वप्न देखने का साहस जगाया और असंख्य वीरों ने यातनाओं और फांसी के तख्तों पर चढ़ते हुए भी वंदे मातरम् का उद्घोष कर मातृभूमि के चरणों में अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। उन्होंने कहा, आज हम उन ज्ञात-अज्ञात सभी राष्ट्रनायकों को नमन करते हैं, जिनकी आस्था और त्याग ने वंदे मातरम को केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संकल्प का कालजयी प्रतीक बना दिया। वंदे मातरम् की ऊर्जा आज भी उतनी ही प्रखर है, जितनी स्वतंत्रता-संग्राम के दिनों में थी। बिरला का कहना था, आज का यह विमर्श हमारी राष्ट्रीय स्मृतियों और सांस्कृतिक आत्मा को पुनः आलोकित करने का अवसर है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि माननीय सदस्य अपने उदात्त विचारों से इस चर्चा को सत्र का एक ऐतिहासिक अध्याय बनाएंगे और वंदे मातरम की प्रकाशमान ऊर्जा को नई पीढ़ियों तक और भी प्रखरता से पहुंचाएंगे।

# गोवा नाइट क्लब हादसा : राज्य सरकार ने जांच के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की

पणजी। गोवा सरकार ने राज्य के उत्तरी हिस्से के अरपोरा में स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में आग लगने की घटना की जांच करने के लिए सोमवार को मजिस्ट्रेट जांच के लिए एक चार सदस्यीय समिति गठित की।

अधिकारियों ने बताया कि राजधानी पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित नाइट क्लब में शनिवार देर रात भीषण आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में नाइटक्लब के 20 कर्मचारी और पांच पर्यटक शामिल हैं जिनमें से चार दिल्ली के थे। अवर सचिव (गृह) मंथन मनोज नाइक ने उत्तरी गोवा के जिलाधिकारी अंकित यादव की अध्यक्षता में जांच समिति गठित करने का आदेश जारी किया। समिति के सदस्यों में दक्षिण गोवा के पुलिस अधीक्षक टीकम सिंह वर्मा, फोरेंसिक विज्ञान निदेशक आशुतोष आप्टे और अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं के उप निदेशक राजेंद्र हलर्नकर शामिल हैं। आदेश के मुताबिक समिति आग लगने की घटना के क्रम की जांच करेगी, सभी वैधानिक लाइसेंस के अनुपालन का सत्यापन करेगी तथा चूक का पता लगाएगी। आदेश में कहा गया है कि जांच समिति जिम्मेदार एजेंसियों या विभागों की जवाबदेही भी तय करने के साथ-साथ निवारक और सुधारात्मक उपायों की सिफारिश भी करेगी। इसमें कहा गया, समिति को संबंधित विभागों से रिकॉर्ड, दस्तावेज आदि मांगने का अधिकार होगा। साथ ही, उसके पास संबंधित व्यक्ति को बुलाने का भी अधिकार होगा। पुलिस ने अब तक नाइट क्लब के मुख्य महाप्रबंधक राजीव मोदक, महाप्रबंधक विवेक सिंह, बार प्रबंधक राजीव सिंघानिया और गेट मैनेजर रियांशु ठाकुर को गिरफ्तार किया है।

# बिहार में ट्रैफिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किये जायेंगे: चौधरी



पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को प्रमुख रेलवे जंक्शनों, व्यस्त चौराहों और जामग्रस्त क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए ट्रैफिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों, पंचायत और शहरी क्षेत्रों में यातायात नियमों के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। चौधरी ने कहा कि राज्य में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बिहारवासियों को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने और सरल-सुगम यातायात प्रणाली उपलब्ध कराने के लिए हर स्तर पर सख्त और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्होंने राज्य की यातायात व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए कई निर्देश दिये। उन्होंने राज्य में यातायात प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना करने को कहा ताकि यातायात प्रबंधन में पुलिस कर्मियों की दक्षता बढ़ सके। उपमुख्यमंत्री ने यातायात पुलिस के विस्तार की आवश्यकता पर भी बल दिया। चौधरी ने यातायात नियमों का लगातार उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्वाई करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने अवैध पार्किंग की समस्या दूर करने के लिए विभागीय क्रेन के अलावा निजी क्रेन की भी व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने पंचायती राज एवं नगर विकास विभागों को पंचायत और नगर निकाय क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा शहरों और पंचायतों के प्रवेश एवं निकास मार्गों पर कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। सरकार का मानना है कि इन कदमों से सड़क सुरक्षा जहां मजबूत होगी, वहीं राज्य की यातायात प्रणाली भी अधिक सुगम, सुचारू और व्यवस्थित बनेगी।

# रेल पटरियों पर रख-रखाव के दौरान टॉवर वैगन ने मशीन को टक्कर मारी, दो कर्मचारी घायल

इंदौर। मध्यप्रदेश के नीमच जिले में सोमवार को रेल पटरियों पर रखरखाव के दौरान टॉवर वैगन ने एक मशीन को पीछे से टक्कर से मार दी जिससे दो कर्मचारी घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने इंदौर में बताया कि यह हादसा हिंगोरिया रेलवे फाटक के पास हुआ, जब नीमच और मंदसौर के बीच रेलगाड़ियों का आवागमन रोककर पटरियों पर रखरखाव का काम किया जा रहा था। उन्होंने बताया, टॉवर वैगन ने सीएसएम (कंटीन्यूअस एक्शन टैम्पिंग) मशीन के वाहन को पीछे से हल्की टक्कर मारी। रेल पटरी पर चलने के दौरान दोनों वाहनों के बीच उचित दूरी कायम न रह पाने के कारण यह घटना हुई। हादसे में घायल रेलवे कर्मचारी रामनरेश मीना ने बताया कि इस घटना में उनके दोनों पैरों में चोट आई है।

## इंटरटेनमेंट...

# रशियन फिल्म फेस्टिवल : किरील ने आलिया भट्ट को बताया फेवरेट एक्ट्रेस



नई दिल्ली। नई दिल्ली में रशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 चल रहा है। शनिवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित पीवीआर प्लाजा में रूसी अभिनेता किरिल कुजनियतसोव अपनी फिल्म अगस्त की स्पेशल स्क्रीनिंग में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय अभिनेत्री आलिया भट्ट बहुत पसंद हैं।

दरअसल, मीडिया से बातचीत के दौरान जब किरिल कुजनियतसोव से पूछा गया कि उन्हें भारतीय फिल्में कैसी लगती हैं और उनकी पसंदीदा भारतीय एक्ट्रेस कौन है। तो उन्होंने जवाब में आलिया भट्ट का नाम लिया। उन्होंने कहा, आलिया उनकी फेवरेट एक्ट्रेस हैं, क्योंकि उन्हें गंगूबाई काठियावाड़ी में उनकी एक्टिंग काफी शानदार लगी थी। वह बहुत कमाल की एक्ट्रेस हैं। उन्होंने आगे कहा कि आलिया भट्ट के साथ काम करना उनके लिए एक सपना जैसा होगा। हालांकि, एक्टर ने आगे मजाक में कहा कि वह आलिया के साथ काम करना तो चाहते हैं, लेकिन उन्हें रणबीर कपूर से थोड़ा डर लगता है, क्योंकि

**❍ रूसी एक्टर किरील कुजनियतसोव को रणबीर कपूर से लगता है डर**

एनिमल जैसी फिल्मों में रणबीर बहुत तीव्र और डराने वाले लगते हैं। कुजनियतसोव ने कहा कि भारतीय और रूसी कलाकार अब पहले से ज्यादा साथ काम कर रहे हैं। रूसी फिल्म फेस्टिवल जैसे कार्यक्रम दोनों देशों को करीब लाते हैं और नए प्रोजेक्ट्स पर साथ काम करने के मौके बढ़ाते हैं। वहीं, दूसरी ओर रूसी फिल्म फेस्टिवल 2025 के उद्घाटन समारोह में भारत और रूस के बीच मीडिया सहयोग को नई दिशा देने वाला एक बड़ा कदम उठाया गया।

प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी और रूस की सबसे बड़ी मीडिया कंपनी गैजप्रॉम-मीडिया होल्डिंग खरउ के सीईओ अलेक्जेंडर झारोव ने एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान गौरव द्विवेदी ने कहा कि इस साझेदारी से भारत और रूस के बीच कई नए अवसर खुलेंगे। इसमें दोनों देशों के बीच फिल्म और टीवी शो का आदान-प्रदान, साझा प्रोडक्शन, प्रतिभाओं का विकास, प्रसारण में सहयोग और लंबे समय तक रचनात्मक काम करने के रास्ते शामिल हैं।

# फिल्ममेकर विक्रम अरेस्ट, 30 करोड़ ठगने का आरोप

**मुंबई।** फिल्ममेकर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी को मुंबई और राजस्थान पुलिस ने रविवार को अरेस्ट किया है। उन पर उदयपुर के एक व्यापारी से 30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप है। पुलिस टीम ने मुंबई के यारी रोड इलाके के गंगा भवन अपार्टमेंट से उन्हें पकड़ा यह घर उनकी साली का है। अब राजस्थान पुलिस उन्हें अपने साथ उदयपुर ले जाने के लिए बांद्रा कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए अप्लाई करेगी। राजस्थान के इंदिरा ग्रुप ऑफ कंपनीज के मालिक डॉ. अजय मुर्डिया ने 17 नवंबर को विक्रम भट्ट समेत 8 लोगों के खिलाफ 30 करोड़ की धोखाधड़ी की ऋकफ दर्ज कराई थी। उनका आरोप है कि एक इवेंट में उनकी मुलाकात दिनेश कटारिया से हुई थी।

# 'पापा हमेशा मेरे साथ हैं मेरे अंदर हैं : सनी-बॉबी



**मुंबई।** सनी देओल ने अपने पिता और हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के 90वें जन्मदिन पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें धर्मेंद्र बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के साथ सनी ने एक इमोशनल नोट भी लिखा, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यूजर्स इस पोस्ट पर जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। दरअसल, सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम पर जो वीडियो शेयर किया है, उसमें धर्मेंद्र और सनी पहाड़ों के बीच मस्ती और एंजॉय करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में सनी अपने पिता से पूछते हैं, पापा, आप एंजॉय कर रहे हैं? इसके जवाब में धर्मेंद्र कहते हैं, मैं बहुत एंजॉय कर रहा हूं मेरे बेटे। पोस्ट के कैप्शन में सनी ने लिखा, आज मेरे पापा का जन्मदिन है। पापा हमेशा मेरे साथ हैं, मेरे अंदर हैं। लव यू पापा।

**❍ धर्मेंद्र के जन्मदिन पर**

# 'बिग बॉस 19' के विनर बने गौरव खन्ना



मुंबई। टीवी के पॉपुलर एक्टर गौरव खन्ना ने बिग बॉस 19 जीतकर अपनी किस्मत चमका दी है। शो की ट्रॉफी के साथ उन्हें 50 लाख रुपए की पुरस्कार राशि भी मिली। इतना ही नहीं, शो के होस्ट सलमान खान के साथ काम करने का ऑफर भी उन्हें मिला। गौरव ने कहा कि ट्रॉफी से ज्यादा उन्हें सलमान खान के ऑफर की खुशी है। इसके अलावा उन्होंने शो की फिक्सिंग को लेकर भी अपनी राय साझा की। सबसे पहले खुशी किस बात की ज्यादा है सलमान खान के ऑफर की या ट्रॉफी जीतने की सच कहूं तो मुझे सलमान खान के ऑफर की ज्यादा खुशी है, क्योंकि यह ट्रॉफी से पहले आया। अगर ट्रॉफी को केक मानें, तो यह ऑफर उस केक की सबसे स्वादिष्ट चेरी की तरह है। अब मेरे पास पूरा केक है, और मैं इंतजार कर रहा हूं कि सलमान सर जब बुलाएंगे, मैं तुरंत जाऊं। इस क्रेडिट में मैं हर उस इंसान को शामिल करूंगा जिसने मुझे सपोर्ट किया, मुझे जाना-पहचाना और सबसे बड़ी बात यह समझी कि मैं सच में ऐसा ही हूं। जो लोग मेरे साथ चार महीने अंदर रहे, वे शायद मुझे पूरी तरह नहीं समझ पाए, लेकिन टीवी के जरिए बाहर से देखने वाले लोग मुझे समझ गए। उन लोगों के लिए क्या कहेंगे जो अब भी सोशल मीडिया पर कह रहे हैं कि शो फीक्स था, सब कुछ एक्टिंग थी अगर आपको लगता है कि मैंने चार महीने लगातार, 24 घंटे एक्टिंग की, तो आप मुझे ऑस्कर दे दीजिए!

**❍ ट्रॉफी जीतने से ज्यादा खुशी सलमान संग ऑफर की, मुझे सपोर्ट करने वाले हर इंसान का शुक्रिया**




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com